दैनिक
# विनय उजाला
इंदौर, भोपाल, उज्जैन, अलीराजपुर से एक साथ प्रकाशित
मूल्य ₹ 3.00
RNI. Reg. MPHIN/2009/35176
इंदौर
शुक्रवार, 04 जुलाई 2025
आषाढ़ शुक्ल पक्ष-09
वर्ष : 16 | अंक : 280
कुल पृष्ठ : 12
न डरते हैं, न डराते हैं, सच सामने लाते हैं..!




टेस्ट में दोहरा शतक लगाने वाले... 10

## संक्षिप्त समाचार

### फार्मा प्लांट विस्फोट में नौ लोग अभी भी लापता, डीएनए से होगी पहचान

**हैदराबाद, एजेंसी।** तेलंगाना के पशम्यलारम में सिगाची इंडस्ट्रीज के फार्मा प्लांट में हुए विस्फोट में नौ लोग अभी भी लापता हैं। इसमें पांच श्रमिक ओडिशा के हैं। विस्फोट के बाद मिले अज्ञात शवों की पहचान के लिए डीएनए का मिलान किया जाएगा। इसके साथ ही विस्फोट के कारणों का पता लगाने के लिए राज्य सरकार की विशेष टीम गुरुवार को घटनास्थल का दौरा करेगी। विस्फोट में अब तक 40 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है। एसपी पंकज ने कहा कि नौ लोग लापता हैं। लेकिन जब हमें एफएसएल (फोरेंसिक साइंस लैब) से हड्डियों और अन्य चीजों की रिपोर्ट मिल जाएगी, तब चीजें स्पष्ट हो जाएंगी। मलबा हटाने का 90 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है और अब आगे किसी शव के मिलने की आशंका नहीं है। वहीं विस्फोट में ओडिशा के चार श्रमिकों की मौत हो चुकी है।




### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने की नगरीय विकास एवं आवास विभाग की समीक्षा

# नगरीय क्षेत्रों में झुग्गी बस्तियों के विस्तार को नियंत्रित करने कार्य-योजना बनाई जाए : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

विनय उजाला

**इंदौर, निप्र। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश के नगरों में झुग्गी बस्तियों के विस्तार को नियंत्रित करने के उद्देश्य से, लोगों की सामाजिक-आर्थिक परिस्थितियों को देखते हुए किफायती और सुविधाजनक आवास सुविधा विकसित करने कार्य-योजना बनाई जाए।**

नगरीय क्षेत्र में पर्यावरण की बेहतरी के लिए उद्यानों को विकसित करना और विकास प्राधिकरण, हाउसिंग बोर्ड सहित सभी आवासीय परियोजनाओं में पौध-रोपण को प्रोत्साहित करना आवश्यक है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भोपाल के बड़े तालाब के आसपास अवैध निर्माण का सर्वेक्षण करवा कर उन पर कार्रवाई के लिए अभियान चलाया जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव नगरीय विकास एवं आवास विभाग की मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन में हुई समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में शहरी क्षेत्रों में कॉलोनियों के विकास में देश के प्रतिष्ठित बिल्डर्स एंड कॉलोनाईजस को जोड़ा जाए। उन्होंने कहा कि शहरी क्षेत्रों के साथ औद्योगिक क्षेत्रों में होने वाली आकस्मिक घटनाओं पर नियंत्रण के लिए अग्निशमन सेवा का आधुनिकीकरण तत्काल किया जाए। अंतर्शहरी क्षेत्र में रेल सेवा के विस्तार के लिए नमो ट्रेन की योजना तैयार की जाए। जल्द ही इस पर केन्द्रीय रेल मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव से चर्चा कर मदद ली जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि लाड़ली बहनों को प्राथमिकता के आधार पर आवास सुविधा उपलब्ध कराई जाए। प्रदेश में मीट-मछली के दुकानदारों को व्यवस्थित करने और उपयुक्त स्थान उपलब्ध कराने के लिए नगरीय निकायों को शीघ्र कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने धार्मिक क्षेत्रों में दीनदयाल रसोई योजना के विस्तार पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि इस कार्य में सरकारी मदद के साथ स्वंयसेवी संस्थाओं और निजी दानदाताओं की मदद ली जाए। शहरी क्षेत्रों में स्थानीय समुदाय के स्व-सहायता समूह तैयार कर उन्हें आधुनिक लॉण्ड्री शुरू करने के लिए वित्तीय सहायता और उपयुक्त स्थान उपलब्ध कराया जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी एवं अन्य योजनाओं में तैयार किए गए आवासों के आधिपत्य बनने के साथ ही सौंपे जाने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि शहरी क्षेत्रों में स्वच्छ पर्यावरण एक महत्वपूर्ण मुद्दा है। इसके लिए जरूरी है कि शहरी क्षेत्रों में आरक्षित भूमि चयनित कर %नगर वन% अधिक से अधिक विकसित किए जाएं और उनके रखरखाव की जिम्मेदारी भी तय की जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विभागीय बैठक में प्रमोशन प्रक्रिया की जानकारी भी ली।



### सभी आवासीय परियोजनाओं में पौध-रोपण को दें विशेष महत्व

बैठक में बताया गया कि प्रदेश में शहरी क्षेत्रों की एक करोड़ 30 लाख लाड़ली बहनों को आर्थिक सहायता के साथ आवास दिए जाएंगे। प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 1.0 में 8 लाख 55 हजार आवास बनकर तैयार हो गए हैं। इस योजना के दूसरे चरण में अब तक 4 लाख से अधिक आवेदन प्राप्त हो गए हैं। बैठक में संकल्प-पत्र के बिन्दुओं पर भी चर्चा की गई। बताया गया कि संकल्प बिन्दु के अनुसार वर्ष 2027 तक भोपाल और इंदौर मेट्रो लाईन का पूर्ण संचालन सुनिश्चित किया जाएगा। मुख्यमंत्री नगरीय क्षेत्र अधोसंरचना निर्माण योजना में 1070 करोड़ रूपए की 1062 परियोजनाएं मंजूर हैं। बताया गया कि 183 नगरीय निकायों में महिलाओं के लिए 218 पिंक शौचालय संचालित हो रहे हैं। बैठक में इलेक्ट्रिक बसों के संचालन के मुद्दे पर चर्चा की गई। नगरीय क्षेत्रों में जल आपूर्ति और सीवरेज की 333 परियोजनाएं स्वीकृत हैं। इन पर करीब 11 हजार करोड़ रूपए की राशि मंजूर हुई है। ई-गवर्नेंस-ऑनलाइन नागरिक सेवाओं पर चर्चा करते हुए इसके विस्तार के संबंध में निर्देश दिए गए। बैठक में नगर तथा ग्राम निवेश की गतिविधियों पर भी चर्चा की गई।

**जल गंगा संवर्धन अभियान...** बैठक में शहरी क्षेत्रों में जल गंगा संवर्धन अभियान की प्रगति की जानकारी दी गई। प्रदेश के नगरीय क्षेत्रों में 36 जल संरचनाओं के पुनर्जीवन का कार्य पूर्ण किया गया है और 38 हरित क्षेत्र विकसित किए गए हैं। विभिन्न नगरीय निकायों में 3963 रैनवॉटर हार्वेस्टिंग संरचनाएं निर्मित की गई है। इसी के साथ शहरी क्षेत्रों में एक्विफायर मैनेजमेंट और गंदे पानी के शोधन के लिए 30 नालों की कार्ययोजना तैयार की गई।

### पीएम ने घाना की संसद को किया संबोधन

# हमारा लोकतंत्र सिस्टम नहीं संस्कार है : मोदी

अकारा, एजेंसी

**प्रधानमंत्री मोदी बुधवार को दो दिवसीय यात्रा पर घाना पहुंचे हैं। गुरुवार को घाना ने पीएम मोदी को घाना के सर्वोच्च नागरिक सम्मान द ऑफिसर ऑफ द ऑर्डर ऑफ द स्टार ऑफ घाना से सम्मानित किया गया। इसके बाद पीएम मोदी ने घाना की संसद को संबोधित किया। संसद को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने सर्वोच्च सम्मान देने के लिए आभार जताया।**


पीएम मोदी ने कहा कि आज इस प्रतिष्ठित सदन को संबोधित करते हुए मुझे अत्यंत गौरव का अनुभव हो रहा है। घाना में होना सौभाग्य की बात है, यह एक ऐसी भूमि है जो लोकतंत्र की भावना से ओतप्रोत है। पीएम मोदी ने आगे कहा, विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र के प्रतिनिधि के रूप में मैं अपने साथ 1.4 अरब भारतीयों की सद्भावना और शुभकामनाएं लेकर आया हूं। घाना से मिले सर्वोच्च सम्मान के लिए मैं 140 करोड़ भारतीयों की तरफ से आभार व्यक्त करता हूं। घाना को सोने की भूमि के रूप में जाना जाता है, न केवल आपकी धरती के नीचे छिपी हुई चीजों के लिए बल्कि आपके दिल में मौजूद गर्मजोशी और ताकत के लिए भी।



### हमारे लिए लोकतंत्र सिस्टम नहीं संस्कार हैं- पीएम मोदी

घाना की संसद को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा- भारत और घाना के संबंध काफी मजबूत हैं। भारत-घाना समावेशी विकास की ओर बढ़ रहे हैं। पीएम मोदी ने आगे कहा कि हमारे लिए लोकतंत्र सिस्टम नहीं संस्कार हैं। घाना में पिछले कुछ वर्षों से काफी तेजी से विकास हुआ है। इस वक्त भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था है। पीएम मोदी ने इस मौके पर कहा- दुनिया इस वक्त कई समस्याओं से जूझ रही है, जिसमें आतंकवाद, जलवायु परिवर्तन इस समय बड़ी समस्याएं हैं। वहीं भारत का लोकतंत्र आशा की किरण बना हुआ है।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, आज मुझे दूरदर्शी राजनेता तथा घाना के प्रिय पुत्र डॉ. क्वामे नक्रूमा को श्रद्धांजलि अर्पित करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। उन्होंने एक बार कहा था कि हमें एकजुट करने वाली ताकतें हमें अलग रखने वाले आरोपित प्रभावों से कहीं अधिक बड़ी हैं। उनके शब्द हमारी साझा यात्रा का मार्गदर्शन करते रहेंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### मुख्यमंत्री ने अंतरराष्ट्रीय कुश्ती खिलाड़ी कु. प्रियांशी प्रजापति से की भेंट



**भोपाल, निप्र।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गुरुवार को भोपाल निवास पर उज्जैन की बिटिया, अंतरराष्ट्रीय कुश्ती खिलाड़ी कु. प्रियांशी प्रजापति ने भेंट की। प्रियांशी ने एशियन चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल जीतकर प्रदेश का नाम गौरवान्वित किया है। बिटिया को 2 लाख प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। इस अवसर पर वरिष्ठ नेता रवि सोलंकी, मप्र कुश्ती संघ सहसचिव विजय चौधरी, जिला कुश्ती संघ अध्यक्ष उमेश ठाकुर, सचिव सुरेंद्र यादव, उपाध्यक्ष मुकेश प्रजापति और सावन बजाज भी उपस्थित रहे।

### राष्ट्रीय पुस्तक न्यास का रीडिंग केन्द्र न्यू मार्केट टी.टी. नगर में

**भोपाल, निप्र।** राष्ट्रीय पुस्तक न्यास, नई दिल्ली का विक्रय केन्द्र बीएसएनएल परिसर न्यू मार्केट टी.टी. नगर में खोला गया है। इस केन्द्र में रीडिंग लाउंज की व्यवस्था भी है। यह केन्द्र प्रात : 10.30 से शाम 6 बजे तक संचालित होता है। इस केन्द्र में हिन्दी, अंग्रेजी, संस्कृत तथा ब्रेल लिपि से संबंधित पुस्तके उपलब्ध है। रीडर्स की मांग पर अन्य भाषाओं की पुस्तके भी उपलब्ध कराई जाती है। स्कूल शिक्षा विभाग ने इस आशय की जानकारी समस्त जिला शिक्षा अधिकारी को पत्र लिखकर दी है। जिला शिक्षा अधिकारियों से इस केन्द्र का व्यापक प्रचार-प्रसार करने के लिये कहा गया है। इस केन्द्र में रीडर्स को 100 रूपये में और संस्थाओं को 500 रूपये में लाईफ टाईम की सदस्यता प्रदान करने की सुविधा है। उपभोक्ता को पुस्तक क्रय के संबंध में 20 प्रतिशत की छूट प्रदान की जाती है। केन्द्र से 200 रूपये से अधिक पुस्तक खरीदने पर राष्ट्रीय पुस्तक न्यास नई दिल्ली द्वारा स्वयं के व्यय से पाठक के पते पर पुस्तक भेजने की सुविधा भी है।

### नगरीय प्रशासन एवं आवास आयुक्त द्वारा जैट पेचर तकनीक का डेमोन्स्ट्रेशन

**भोपाल, निप्र।** नगरीय प्रशासन एवं आवास आयुक्त संकेत भोंडवे राजधानी भोपाल के ई-7 क्षेत्र में जैट पेचर तकनीक के माध्यम से नगरीय क्षेत्रों में गड्ढों को भरने के कार्य का डेमोन्स्ट्रेशन करेंगे। यह डेमोन्स्ट्रेशन 4 जुलाई 2025 गुरुवार को प्रात: 10.00 बजे आयोजित किया गया है। इस मौके पर नगर निगम अधिकारी भी मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम में प्रिंट मीडिया के साथ, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, मीडिया प्रतिनिधियों को भी आमंत्रित किया गया है। यह डेमोन्स्ट्रेशन ई-7 अरेरा कॉलोनी होटल, इलेवन हाईट के पास किया जाएगा।

### गुरु पूर्णिमा पर गायन-वादन एवं नृत्य से गुरु की महानता के प्रति आदर प्रकट करेंगे प्रतिष्ठित कलाकार

**भोपाल, निप्र।** 'गुरु पूर्णिमा' भारत की एक महान सांस्कृतिक परंपरा है, जो गुरु-शिष्य संबंध को आदर और श्रद्धा के साथ मनाने का पर्व है। इस अवसर पर गुरु की महानता के प्रति आदर प्रकट करने के उद्देश्य से संस्कृति विभाग द्वारा 10 जुलाई को गुरु पूर्णिमा पर्व का आयोजन वृहद स्तर पर किया जा रहा है। संचालक, संस्कृति एन.पी. नामदेव ने बताया कि गुरु पूर्णिमा के अवसर पर भोपाल सहित संस्कृति विभाग के प्रदेश के विभिन्न शहरों में स्थित संगीत महाविद्यालयों में एक साथ गायन-वादन एवं नृत्य केन्द्रित आयोजन होंगे। भोपाल में मध्यप्रदेश जनजातीय संग्रहालय में 10 जुलाई, 2025 को सायं 7 बजे से गुरु पूर्णिमा पर्व का आयोजन होगा। इसमें सबसे पहले सितार-संतूर जुगलबंदी की प्रस्तुति होगी, जिसे उज्जैन की सुप्रसिद्ध संस्कृति-प्रकृति वाहने (वाहने सिस्टर्स) द्वारा प्रस्तुत किया जाएगा। इसके बाद गायन जुगलबंदी गुरु सुमिरन होगी, जिसे सुश्री रुचिरा केदार, पुणे एवं सुश्री आस्था गोस्वामी, वृंदावन द्वारा प्रस्तुत किया जाएगा।

संचालक श्री नामदेव ने बताया कि शासकीय संगीत महाविद्यालय, नरसिंहगढ़ में सुश्री मधुमिता नकवी, भोपाल का गायन और सुश्री पलक पटवर्धन, उज्जैन का कथक समूह नृत्य की प्रस्तुति होगी। शासकीय संगीत महाविद्यालय, उज्जैन में श्री रोहित - राहुल मिश्रा, बनारस का गायन और सुश्री दुर्गा शर्मा, बैंगलुरु का वायोलिन वादन होगा। इसी क्रम में शासकीय संगीत महाविद्यालय, ग्वालियर में श्री संजय सिंह, दिल्ली का गायन और सुश्री भार्गवी शर्मा, इंदौर का एकल कथक नृत्य होगा। वहीं, शासकीय संगीत महाविद्यालय, खण्डवा में डॉ. ऋषि मिश्रा, दिल्ली का गायन और श्री सुरेन्द्र स्वर्णकार, उज्जैन द्वारा बांसुरी वादन की प्रस्तुति दी जाएगी। इसी तरह शासकीय संगीत महाविद्यालय, मंदसौर में सुश्री योगिनी - श्री सुदीप, ग्वालियर का गायन और श्री विठ्ठल कुमार राजपुरा, इंदौर का पखावज वादन होगा। शासकीय संगीत महाविद्यालय, मैहर में डॉ. लवली शर्मा, खैरागढ़ का सितार वादन और श्री मनोज पाटीदार, भोपाल का तबला एकल वादन होगा। शासकीय संगीत महाविद्यालय, इंदौर में श्री यश देवले, ग्वालियर का शास्त्रीय गायन और सुश्री नीलांगी कलंतरे, जबलपुर का कथक समूह नृत्य प्रस्तुति होगी।

महामंडलेश्वर स्वामी वैराग्यानंद गिरि महाराज का आरोप

# भतीजे के लिए धृतराष्ट्र बने परमानंद गिरि महाराज

## वैराग्यानंद बोले, ज्योतिर्मयानंद द्वारा आश्रमों पर कब्जा, धर्म की आड़ में गुंडागर्दी!

विनय उजाला

**भोपाल, निप्र। महामंडलेश्वर स्वामी वैराग्यानंद गिरि महाराज ने अब सनातन धर्म की आड़ में धंधा करने वाले लोगों की पोल खोलने का बीड़ा उठाया है। उन्होंने महामंडलेश्वर युगपुरुष स्वामी परमानंद गिरि महाराज, उनके भतीजे ज्योतिर्मयानंद गिरी महाराज पर गंभीर आरोप लगाते हुए मामले की उच्च स्तरीय जांच की मांग की है।**

वैराग्यानंद गिरी महाराज ने कहा है कि महामंडलेश्वर युगपुरुष स्वामी परमानंद गिरि महाराज, जो दशकों से ब्रह्मज्ञान और सत्य के उपदेशक बने घूमते रहे हैं, आज खुद अपने ही घर के षड्यंत्र में आंखें मूंदे बैठे हैं। उनके भतीजे ज्योतिर्मयानंद पर सनातन धर्म की गरिमा को कलंकित करने, संत समाज को अपमानित करने और चारधाम जैसे प्रतिष्ठित आश्रमों पर खुलेआम गुंडागर्दी कर कब्जा करने के गंभीर आरोप लगाते हुए महामंडलेश्वर स्वामी वैराग्यानंद गिरि महाराज ने कहा कि ज्योतिर्मयानंद ने दिल्ली, उज्जैन और उत्तरप्रदेश के कई आश्रमों को जबरन हथिया लिया। उज्जैन के चारधाम मंदिर की तो लूट ही कर ली, जिसे पीठाधीश्वर शांति स्वरूपानंद ने अपनी सारी उम्र धर्म की सेवा में खपाकर खड़ा किया था। इतना ही नहीं यहां होने वाली संस्कृति की पढ़ाई को भी ज्योतिर्मयानंद ने बंद करवा दिया। इससे सनातन धर्म के प्रचार प्रसार का रास्ता भी बंद हो गया है।



स्वामी वैराग्यानंद गिरि महाराज ने तीखे शब्दों में कहा, आज धर्म की रक्षा करने वाला अखाड़ा तंत्र अगर मौन बैठा रहा तो आने वाले समय में संत समाज को मठ-मंदिरों के नाम पर ऐसे दुर्योधन लूटते रहेंगे और धर्माचार्य धृतराष्ट्र बने बैठे रहेंगे। उन्होंने युगपुरुष परमानंद गिरि महाराज पर भी सीधा सवाल उठाया कि वे अपने भतीजे की इस गुंडागर्दी के सामने क्यों आंखें बंद किए हुए हैं? क्या धन और संपत्ति की हवस में रिश्ता बड़ा हो गया और धर्म छोटा पड़ गया?

### गुरु की जगह लिखवाया गृहस्थ पिता का नाम

स्वामी वैराग्यानंद गिरि महाराज ने आरोप लगाया कि ज्योतिर्मयानंद ने न केवल संपत्तियों को हड़पा है बल्कि उज्जैन में एक माता के साथ घोर कुकृत्य करने के आरोप भी उस पर लगे हैं। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि परमानंद गिरि महाराज अखंडानंद महाराज का नाम लेकर लोगों को गुमराह कर रहे हैं, लेकिन स्वयं अपनी भारतीय आईडी में गुरु के नाम की जगह अपने गृहस्थ पिता कालीचरण का नाम लिखवाकर अखाड़े की सनातन परंपरा की धज्जियां उड़ा चुके हैं।

महामंडलेश्वर स्वामी वैराग्यानंद गिरि महाराज ने अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महंत रवींद्र पुरी महाराज, जूना अखाड़े के महंत एवं अखाड़ा परिषद के सचिव हरिगिरि महाराज सहित सभी 13 अखाड़ों से मांग की है कि ऐसे धर्म को बेचने वाले धोखेबाज गृहस्थ को संत समाज से बाहर निकाल फेंका जाए, और जिन आश्रमों पर उसने कब्जा जमाया है, उन्हें तुरंत अखाड़ा परिषद के अधीन लाया जाए।

### न्याय नहीं मिला तो करेंगे जन आंदोलन

उन्होंने प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से भी मांग की है कि ज्योतिर्मयानंद के तमाम घिनौने कारनामों की उच्चस्तरीय जांच कराई जाए ताकि सनातन धर्म के नाम पर ऐसे अपराधियों को संरक्षण न मिले। स्वामी वैराग्यानंद गिरि महाराज ने साफ चेतावनी दी, अगर न्याय नहीं मिला तो मैं सैकड़ों संतों को साथ लेकर ऐसा जनांदोलन खड़ा करूंगा, जिससे धर्म की आड़ में मठ-मंदिरों को हड़पने वालों के पांव उखड़ जाएंगे। यह लड़ाई अब रुकने वाली नहीं है।

# प्रदेश में 3800 करोड़ रुपए के निवेश से फ्रोजन आलू उत्पाद इकाई का प्रस्ताव

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव से मिले मैकेन फूड्स के पदाधिकारी

विनय उजाला

**भोपाल, निप्र।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश में 'उद्योग और रोजगार वर्ष : 2025' औद्योगिक विकास की तीव्र संभावनाओं को साकार करने का वर्ष है। राज्य सरकार के प्रयासों से विभिन्न क्षेत्रों में निरंतर निवेश प्रस्ताव मिल रहे हैं। निवेशकों को औद्योगिक इकाइयों की स्थापना के लिए भूमि सहित नीतियों के अंतर्गत सभी आवश्यक सुविधाएं प्रदान की जाएंगी।



मुख्यमंत्री डॉ. यादव गुरूवार को समत्व भवन मुख्यमंत्री निवास में मैकेन फूड्स के रीजनल प्रेसिडेंट श्री पियरे डैनेट एवं प्रतिनिधि मंडल के सदस्यों से चर्चा कर रहे थे। मैकेन फूड्स के श्री पियरे डैनेट ने बताया कि मध्यप्रदेश में किसानों को कांट्रेक्ट फार्मिंग के माध्यम से स्थायी बाजार बेहतर मूल्य और उन्नत कृषि तकनीक का लाभ दिलवाने के लिए 3800 करोड़ रुपए निवेश का प्रस्ताव दिया गया है। प्रथम चरण में 1800 करोड़ रुपए का निवेश किया जाएगा और इस निवेश के फलस्वरूप 6300 व्यक्तियों को प्रत्यक्ष और परोक्ष रूप से रोजगार प्राप्त होगा।

वैश्विक कंपनी मैकेन फूड्स भारत में मुख्य रूप से फ्रोजन आलू उत्पादों जैसे फ्रेंच फ्राइज, आलू टिक्की और स्नैक आइटम बनाती है। कनाडा में स्थापित यह कंपनी भारत में वर्ष 2007 से खाद्य क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। वर्तमान में गुजरात के मेहसाणा में कंपनी किसानों से आलू खरीद कर अत्याधुनिक उत्पादन इकाई के माध्यम से विभिन्न खाद्य उत्पाद निर्मित कर रही है। चर्चा के दौरान प्रमुख सचिव औद्योगिक नीति एवं निवेश संवर्धन श्री राघवेन्द्र कुमार सिंह और आयुक्त जनसम्पर्क डॉ. सुदाम खाड़े उपस्थित थे।

# वन विभाग के कर्तव्यनिष्ठ अधिकारी-कर्मचारी होंगे पुरस्कृत

विनय उजाला

**भोपाल, निप्र।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मध्यप्रदेश वन विभाग के वन्य जीव संरक्षण प्रयासों और उसमें प्राप्त हो रही सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बधाई दी है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि वन विभाग में रहकर उत्कृष्ट कार्य और बहुआयामी प्रयास करने वाले अधिकारियों और अन्य अमले को पुरस्कृत किया जाएगा। हाल ही में स्टेट टाइगर फोर्स के कर्तव्यनिष्ठ अधिकारियों-कर्मचारियों के संयुक्त प्रयासों में सफलता का एक महत्वपूर्ण आयाम जुड़ा है। स्टेट टाइगर फोर्स ने न सिर्फ अंतर्राष्ट्रीय बाघ तस्कर के विरूद्ध की गई सटीक विवेचना की बल्कि न्यायालय के स्तर पर भी ठोस पक्ष रखने का कार्य किया, जिसके फलस्वरूप आरोपित व्यक्ति ताशी शेरपा को 5 वर्ष की सजा सुनाई गई है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश की पहचान सघन और पर्यावरण हितैषी वन क्षेत्र और भारत की समृद्ध जैव विविधता के प्रतीक विभिन्न वन्य प्राणी हैं। मध्यप्रदेश वन विभाग के अधिकारी-कर्मचारी गंभीरता और परिश्रमपूर्वक प्रदेश की वन और वन्यप्राणी सम्पदा के संरक्षण का कार्य कर रहे हैं। स्टेट टाइगर फोर्स जहां भारत सरकार के निर्देश पर वन्य जीवों की तस्करी की रोकथाम के लिए निरंतर प्रयास किए हैं, वहीं आरोपित व्यक्तियों को सजा दिलवाने का लक्ष्य भी पूरा कर रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि इंटरपोल मुख्यालय ल्योन, फ्रांस से जारी पत्र में मध्यप्रदेश वन विभाग की स्टेट टाइगर फोर्स को अंतर्राष्ट्रीय बाघ तस्कर ताशी शेरपा के सफलतापूर्वक अभियोजन को पूरा करते हुए सजा दिलवाने के लिए बधाई दी है। स्टेट टाइगर फोर्स की कार्यवाही से अंतर्राज्यीय एवं अंतर्राष्ट्रीय गिरोह बेनकाब हुए हैं। जिन गिरोहों के अपराधी भारत सहित नेपाल, भूटान और चीन तक वन्य जीवों की तस्करी में लिप्त रहते हैं, उन पर नजर रखते हुए टाइगर फोर्स ने वैज्ञानिक ढंग से विवेचना का कार्य किया है।

# तेज रफ्तार बोलेरो ने सड़क किनारे खड़े दोपहिया वाहन को मारी टक्कर

विनय उजाला

**भोपाल,निप्र।** राजधानी भोपाल के हमीदिया रोड पर गुरुवार एक तेज रफ्तार बोलेरो वाहन ने सड़क किनारे खड़े दोपहिया वाहन को जोरदार टक्कर मार दी। गनीमत रही कि हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई। एक युवक को मामूली चोट आई है।पूरी घटना वहां लगे एक सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। घटना के तुरंत बाद का एक और वीडियो भी सामने आया है, जिसमें स्थानीय लोग बोलेरो को पुलिस की गाड़ी बता रहे हैं और उसमें शराब रखे होने का दावा कर रहे हैं। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार घटना गुरुवार दोपहर करीब 12ः28 बजे की है। बताया जा रहा है कि बोलेरो की रफ्तार काफी तेज थी और उसका चालक नशे में था। टक्कर के बाद गाड़ी को मौके से हटा दिया गया, लेकिन थोड़ी ही देर में वहां स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गई। लोगों ने गाड़ी के अंदर शराब की बोतलें रखी होने की बात भी कही है, हालांकि इसकी अभी तक पुष्टि नहीं हुई है। हादसे का वीडियो पास की एक दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गया है। घटना की जानकारी मिलते ही हनुमानगंज थाना पुलिस मौके पर पहुंची। थाना प्रभारी अवधेश सिंह भदौरिया ने बताया कि, बोलेरो से एक्सीडेंट की सूचना मिली थी। एक युवक को मामूली चोट आई है, वह गंभीर रूप से घायल नहीं है।

# प्रदेश में बाढ़ नियंत्रण के सभी एहतियाती उपाय करें : मंत्री सिलावट

## राज्य बाढ़ नियंत्रण कक्ष में अधिकारियों की बैठक ली

विनय उजाला

**भोपाल, निप्र।** जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट ने कहा है कि विभागीय अधिकारी प्रदेश में बांधों एवं जलाशयों में जल भराव की स्थिति की निरंतर निगरानी करें और बाढ़ नियंत्रण के सभी एहतियाती उपाय करें. संबंधित विभागों के साथ निरंतर समन्वय स्थापित कर आपदा प्रबंधन और नियंत्रण के सभी प्रयास करें. प्रदेश में कहीं से भी अतिवृष्टि अथवा बाढ़ की स्थिति की सूचना मिलने पर तत्परता के साथ कार्रवाई करें।



जल संसाधन मंत्री श्री सिलावट ने गुरुवार को मुख्य अभियंता, बोधी कार्यालय स्थित राज्य बाढ़ नियंत्रण कक्ष में विभागीय अधिकारियों की बैठक में प्रदेश में वर्षा एवं जल संरचनाओं में जल भराव की स्थिति की समीक्षा की एवं आवश्यक निर्देश दिए. इस अवसर पर मुख्य अभियंता, बोधी श्री आर. डी. अहिरवार, अधीक्षण यंत्री, संचालक बाढ़ नियंत्रण कक्ष एवं सभी संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में बताया गया कि रिजर्वायर लेवल मॉनिटरिंग सिस्टम में चिन्हित प्रदेश के 286 प्रमुख बांधों में से आज की स्थिति में 6 जलाशयों में 90त्न से अधिक, 07 में 75त्न से 90त्न तक, 22 जलाशयों में 50त्न से 75त्न तक, 43 जलाशयों में 25त्न से 50त्न तक, 52 जलाशयों में 10त्न से 25त्न तक तथा 156 जलाशयों में 10त्न से कम जल भराव है। विगत वर्ष में आज दिनांक की स्थिति में प्रदेश के प्रमुख बांधो में लगभग 25.76 प्रतिशत औसत जलभराव था, जबकि इस वर्षाकाल में अच्छे मानसून के आगमन से प्रदेश के प्रमुख बांधो में जलभराव की स्थिति लगभग 35.34 प्रतिशत से अधिक है। इस प्रकार विगत वर्ष की तुलना में जल भराव की स्थिति 10.25 प्रतिशत अधिक है। मानसून 2025 में मध्यप्रदेश में आज दिनांक तक 230.8 मि.मी. वास्तविक वर्षा दर्ज की गई है, जो प्रदेश की औसत वर्षा से 48 प्रतिशत अधिक है। राज्य के पूर्वी हिस्से में औसत से 30 प्रतिशत अधिक एवं पश्चिमी हिस्से में औसत से 65 प्रतिशत अधिक वर्षा दर्ज की गई है। प्रदेश में अच्छे मानसून के आगमन से राज्य के प्रमुख बांधो में जल भराव की स्थिति संतोषप्रद है। विगत वर्ष आज की स्थिति में मध्यप्रदेश में वास्तविक वर्षा 142 मि.मी. दर्ज हुई थी, जो औसत वर्षा से 9 प्रतिशत कम थी।

उप मुख्यमंत्री ने वृक्षारोपण की तैयारियों की समीक्षा की

# वृक्षारोपण में आमजनों की भी सहभागिता सुनिश्चित की जाए : उप मुख्यमंत्री शुक्ल

## रीवा शहर में एक लाख पौधे लगाये जायेंगे

विनय उजाला

**भोपाल, निप्र।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने राजनिवास सर्किट हाउस रीवा में वृहद वृक्षारोपण की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि रीवा को हराभरा बनाने के लिये चयनित स्थलों में एक लाख पौधे लगाये जायेंगे। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने वृक्षारोपण से पूर्व की सभी तैयारियाँ पूर्ण करने तथा आमजनों की सहभागिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि चयनित किये गये स्थलों में व्यापक पैमाने पर छायादार, फलदार औषधीय पौधों का वृक्षारोपण करते हुए सड़क के किनारे वृक्षारोपण करें तथा ही पूर्व के रोपित पौधों के रिक्त भूमि में भी वृक्षारोपण कर गैप फिलिंग करें।



उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि व्यापक पैमाने पर किये गये वृक्षारोपण से पर्यावरण संतुलित होगा तथा सड़क के किनारे किये गये वृक्षारोपण से शहर की सुंदरता बढ़ेगी। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि वृक्षारोपण सामाजिक दायित्व के साथ पुण्य का भी कार्य है। इससे आमजनों, व्यापारी संगठनों, स्वयंसेवी संगठनों सहित अन्य लोगों को भी जोड़े। उन्होंने रोपित पौधों की पूर्ण सुरक्षा के इंतजाम किये जाने के भी निर्देश दिये।

बताया गया कि पशु चिकित्सा महाविद्यालय में 40 हजार, लक्ष्मणबाग की भूमि में 20 हजार, पीटीएस एवं इंजीनियरिंग कालेज कैम्पस में 15-15 हजार तथा रतहरा कैनाल ट्रैक में दस हजार वृक्षारोपण की कार्ययोजना बनाई गयी है। इसके साथ ही शहर की सड़कों के किनारे भी वृक्षारोपण किया जायेगा। अध्यक्ष जिला पंचायत श्रीमती नीता कोल, कलेक्टर रीवा श्रीमती प्रतिभा पाल सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।




### श्रीमद्भागवत कथा में हुए शामिल हुए, गौमाता की सेवा और पूजा-अर्चना की

उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल लक्ष्मणबाग, रीवा में सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा में शामिल हुए। उन्होंने कथा का श्रवण किया और कथा व्यास पंडित श्री बाला व्यंकटेश शास्त्री से आशीर्वाद प्राप्त किया। उन्होंने लक्ष्मणबाग गौशाला में गौवंशों को फल खिलाकर गौ सेवा की तथा मंदिर में पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों की सुख, समृद्धि और कल्याण की कामना की।

## संक्षिप्त समाचार

### औद्योगिक, उच्चदाब बिजली की आपूर्ति 8.50 फीसदी बढ़ी

**इंदौर, ( विनय उजाला )।** औद्योगिक, उच्चदाब की बिजली मांग में पिछले बारह माह के दौरान 8.50 फीसदी की बढ़त रही, इसी के अनुरूप आपूर्ति की गई है। औद्योगिक उच्चदाब कनेक्शनों को बारह माह में 834 करोड़ यूनिट से बिजली की आपूर्ति हुई। मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री अनूप कुमार सिंह ने बताया कि एक वर्ष के दौरान औद्योगिक, उच्च दाब कनेक्शनों की संख्या लगभग 250 बढ़ी है, अब यह संख्या 4790 हो गई है। इन कनेक्शनों में 3200 से ज्यादा इंदौर के समीप स्थित है। पिछले बारह माह के दौरान इन कनेक्शनों को कुल 834 करोड़ यूनिट बिजली वितरित हुई है, यह गत वर्ष समान अवधि की तुलना में 8.50 फीसदी ज्यादा है। पिछले वर्ष औद्योगिक , उच्चदाब कनेक्शनों को कुल 770 करोड़ यूनिट बिजली वितरित हुई थी। एक वर्ष के दौरान जहां कनेक्शनों की संख्या में 5.5 फीसद की बढ़ोत्तरी हुई है, वहीं बिजली आपूर्ति 8.50 फीसदी बढ़ी है। इस तरह स्पष्ट है कि जो कनेक्शन पहले से मौजूद रहे है, वहां बिजली की ज्यादा मांग की स्थिति दर्ज हुई है। प्रबंध निदेशक श्री सिंह ने बताया कि उच्चदाब कनेक्शनों की आपूर्ति, बिलिंग, इन्हें शासकीय नियमानुसार छूट या सहायता देने के लिए विशेष रूप से वरिष्ठ अधिकारी पदस्थ हैं, जो उद्योगपतियों, उद्योग संचालकों से सतत संपर्क में रहते हैं। प्रबंध निदेशक ने बताया कि पिछले वर्ष में इन औद्योगिक उच्च दाब कनेक्शन से संबंधित उपभोक्ताओं को पात्रतानुसार 800 करोड़ रूपए से ज्यादा की छूट दी गई हैं। मप्र पश्चिम क्षेत्र विदयुत कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री सिंह ने बताया कि औद्योगिक उच्चदाब उपभोक्ताओं के प्रति कंपनी उद्योग मित्र भावना के साथ कार्यरत हैं, ताकि क्षेत्र के विकास को गति मिलती रहे।

### नगर निगम द्वारा पौध संरक्षण हेतु गौमूत्र आधारित फोलियर स्प्रे का उपयोग

**इंदौर, ( विनय उजाला )।** नगर निगम इंदौर अब शहर में पौध संरक्षण के लिए रासायनिक विकल्पों के स्थान पर प्राकृतिक और पर्यावरण अनुकूल उपायों को बढ़ावा दे रहा है। इसी कड़ी में अब नगर निगम द्वारा गौमूत्र से निर्मित फोलियर स्प्रे का उपयोग वृक्षों, उद्यानों और नर्सरियों में किया जाएगा। उपरोक्त जानकारी देते हुए एमआईसी सदस्य एवं नगर निगम के उद्यान प्रभारी श्री राजेंद्र राठौर ने दी। श्री राठौर ने बताया कि यह छिड़काव नगर की सड़कों के किनारे लगे वृक्षों, बीच में लगे पौधों, सार्वजनिक उद्यानों एवं नर्सरियों में नियमित रूप से किया जाएगा। गौशाला के स्वामी अच्युतानंद जी महाराज ने बतलाया गौमूत्र आधारित यह जैविक फोलियर स्प्रे न केवल कीट और रोगों से पौधों की रक्षा करेगा, बल्कि भूमि की उर्वरता भी बढ़ाएगा और पौधों की वृद्धि को प्राकृतिक रूप से प्रोत्साहित करेगा। श्रीमती रेखा जैन ने कहा गौमूत्र में प्राकृतिक जीवाणुनाशक तत्व होते हैं, जो हवा में मौजूद हानिकारक जीवाणुओं को नष्ट करने में सहायक होंगे। वीरेन्द्र कुमार जैन ने बतलाया कि रासायनिक कीटनाशकों की जगह गौमूत्र जैविक छिड़काव से स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव नहीं होगा।वास्तु शास्त्र के अनुसार गौमूत्र का छिड़काव नकारात्मक ऊर्जा को दूर करता है और सकारात्मकता का संचार करता है। श्री राठौर ने बताया कि यह पहल न केवल पर्यावरणीय दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि यह संस्कृति और प्रकृति के बीच संतुलन स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम भी है।

### महापौर के हस्तक्षेप से बंद हुई स्कीम नंबर 71 की शराब दुकान




**इंदौर, ( विनय उजाला )।** स्कीम नंबर 71, चंदन नगर के पास हाल ही में खुली शराब की दुकान को आखिरकार बंद कर दिया गया है। यह निर्णय महापौर पुष्यमित्र भार्गव के हस्तक्षेप के बाद लिया गया, जिन्होंने मंगलवार शाम स्वयं रहवासियों के बीच पहुंचकर उन्हें आश्वस्त किया था कि गुरुवार तक दुकान बंद करवा दी जाएगी। महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने स्पष्ट कहा, रिहायशी इलाकों में आम जनता की भावनाओं के विरुद्ध कोई भी गतिविधि बर्दाश्त नहीं की जाएगी। हम इंदौर को सुरक्षित, संस्कारी और सभ्य शहर बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं। रहवासियों ने इस त्वरित कार्रवाई के लिए महापौर का आभार जताया और प्रशासन के सहयोग को सराहा।

आदरणीय श्रद्वेय महापौर महोदय,,,,,,

धन्यवाद आभार,,,,,

रहवासी संघ, मातृशक्ति और समस्त आंदोलनकारी आपके ऋणी हैं।

आपका साथ मिलना हमारे लिए सौभाग्य है, और यह सौभाग्य शब्दों में नहीं, मन की अनुभूति में बसता है।

धन्यवाद... केवल औपचारिकता नहीं, यह हमारे मन की अनुगूंज है।

आभार... केवल शब्द नहीं, यह हमारी आत्मा की आवाज़ है।

आप जैसे संवेदनशील, सक्रिय और साहसी महापौर जी के कारण ही सामाजिक परिवर्तन की यह मशाल प्रज्वलित है — और निरंतर जलती रहेगी।

आपका योगदान, अमिट है।
आपका समर्थन, अमूल्य है।
आपका समर्पण, अनुकरणीय है।

गुरुग्राम राष्ट्रीय सम्मेलन में इंदौर का स्वच्छता मॉडल रहा आकर्षण का केंद्र

# लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला की उपस्थिति में देशभर से आए नगरीय निकायों के समक्ष प्रस्तुत किए गए इंदौर के नवाचार

विनय उजाला






गुरुग्राम (हरियाणा) लोकसभा सचिवालय द्वारा आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन में इंदौर नगर निगम ने शहरी विकास, स्वच्छता और नवाचार के क्षेत्र में अपनी उत्कृष्ट कार्यप्रणालियों का प्रभावशाली प्रस्तुतिकरण किया। सम्मेलन का आयोजन 3 और 4 जुलाई को हरियाणा के गुरुग्राम में किया जा रहा है। इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में इंदौर के महापौर पुष्यमित्र भार्गव, निगम आयुक्त शिवम वर्मा ने सहभागिता की और इंदौर में लागू किए गए प्रभावी नवाचारों व योजनाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम का उद्घाटन लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने किया।

सम्मेलन का विषय शहरी स्थानीय निकायों की संवैधानिक लोकतंत्र और राष्ट्र निर्माण में भूमिका था। इसका उद्देश्य शहरी प्रशासन को अधिक प्रभावी, समावेशी एवं नवाचारोन्मुख बनाना है, जिससे विकसित भारत 2047 के संकल्प को साकार किया जा सके।

महापौर और आयुक्त द्वारा इंदौर की जो प्रमुख योजनाएं प्रस्तुत की गईं, उनमें शामिल थीं

- इंदौर का स्वच्छता मॉडल,
- डिजिटल प्लेट प्रोजेक्ट,
- जनसहभागिता आधारित अभियान,
- सस्टेनेबल वेस्ट मैनेजमेंट,
- हरित शहर की दिशा में उठाए गए कदम।

इस सम्मेलन में देशभर से नगर निगमों के महापौर, आयुक्त एवं प्रतिनिधियों ने भाग लिया। पहले दिन के सत्र में भुवनेश्वर, कोयंबटूर, इंदौर, लखनऊ, पुणे, सूरत, और विशाखापट्टनम जैसे प्रमुख शहरों की कार्यप्रणालियों को प्रस्तुत किया गया।सम्मेलन में इंदौर की प्रस्तुतियों को व्यापक सराहना मिली। यह अवसर न केवल इंदौर की उपलब्धियों को साझा करने का था, बल्कि अन्य नगर निकायों को भी प्रेरित करने का माध्यम बना।

## मुनि श्री पूज्य सागर जी महाराज का अवतरण दिवस श्रद्धा, भक्ति और सामाजिक समर्पण के साथ मनाया गया

विनय उजाला



**इंदौर, नप्र।** अंतर्मुखी साधना के प्रतीक मुनि श्री पूज्य सागर जी महाराज का अवतरण दिवस श्री दिगंबर जैन नवग्रह जिनालय अतिशय क्षेत्र, ग्रेटर बाबा में अत्यंत श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया गया। आयोजन श्रमण चर्या कुटुंब परिवार और अंतर्मुखी गुरु भक्त परिवार द्वारा किया गया, जिसमें श्री दिगंबर जैन नवग्रह जिनालय तथा श्रीफल जैन न्यूज इंदौर का विशेष सहयोग रहा। धर्म समाज प्रचारक राजेश जैन दद्दू ने बताया कि इस अवसर पर मुनिश्री को संत सदन से कार्यक्रम स्थल तक 11 थालियों में पाद प्रक्षालन करवाते हुए लाया गया।

संस्कार धर्म यात्रा में शामिल बच्चों गवाक्षी जैन, आदीश बालसमुद, अभियान्शु जैन, मनस्वी जैन, नीरव जैन, साक्षी जैन, सिद्धि जैन, शुचि जैन, विधान जैन, अहर्म जैन, कर्णिका जैन, ध्वनि जैन, जैनिशा जैन, प्रिया जैन, दिशा जैन और दीप्ति जैन ने आचार्य अभिनंदन सागर जी महाराज के चित्र का अनावरण किया।

दीप प्रज्वलन का कार्य नरेंद्र शकुंतला वेद, कैलाश वेद, सौरभ पाटोदी, सुदर्शन जटाले, राजेंद्र सोनी, संजय पापड़ीवाल, भरत जैन और निर्मल कासलीवाल द्वारा संपन्न हुआ। भजन द्वारा मंगलाचरण टीना जैन, नयना, पिंकी कासलीवाल, प्रियंका जैन और सपना पापड़ीवाल ने प्रस्तुत किया। पाद प्रक्षालन भरत जैन द्वारा किया गया। शास्त्र भेंट संदीप जैन मोरिया स्टील द्वारा किया गया। मंगलाचरण की अन्य प्रस्तुति साधना मदावत के रंगशाला प्रोडक्शन की ओर से पूजा और साक्षी द्वारा की गई।

कार्यक्रम में अनेक सामाजिक, धार्मिक और प्रशासनिक क्षेत्र के प्रतिष्ठित हस्तियों ने भाग लिया, जिनमें शामिल रहे – नरेंद्र वेद (अध्यक्ष, नवग्रह जिनालय), अमित कासलीवाल (अध्यक्ष, महावीर ट्रस्ट), डॉ जैनेन्द्र जैन अशोक काला (समाजसेवी), सौरभ पाटोदी (ट्रस्टी, गोम्मटगिरी), कैलाश वेद (पूर्व अध्यक्ष, सामाजिक ट्रस्ट), नीता राजेश जैन (श्रीफल जैन न्यूज), डॉ. अनुपम जैन (गौरव, इंदौर), नमीष जैन (अध्यक्ष, पोड़वाल समाज), भरत जैन (गुरु भक्त, समाज सेवी), नकुल पाटोदी (परामर्शदाता, सामाजिक संसद), निर्मल कासलीवाल, डीके जैन (डीएसपी), इंदर सेठी, पवन जैन (पूर्व पार्षद), संदीप जैन मोरिया, जैनेश झांझरी, राजेश जैन दद्दू बाहुबली पांड्या (महावीर ट्रस्ट ट्रस्टी), सुनील जैन (निर्देशक, डीपीएस स्कूल सनावद), डीके जैन (अध्यक्ष, तीर्थ क्षेत्र कमेटी)।

## वर्षा ऋतु के स्वागत में रसों की त्रिवेणी बही



**नागदा जंक्शन ( विनय उजाला )।** शब्दों के जादूगर, शानदार व्यक्तित्व के धनी, अपने व्यवहार से लोगों के दिलों पर छाप छोड़ने वाले आदरणीय श्री हरचरण सिंह चावला जी का जन्म दिन उनके निवास पर नगर के साहित्यकारों ने मनाया।इस अवसर पर एक सरस काव्य गोष्ठी का आयोजन हुआ। बधाई के गीत ,गजल, दोहे, मुक्तक और छंदों से,हास्य की कविताओं से,चावला जी का जन्मदिन अविस्मरणीय हो गया। इस अवसर पर प्रेस क्लब अध्यक्ष दीपक चौहान ,जिला पंचायत सदस्य सुरेंद्रसिंह मोकड़ी,यशवंत दीक्षित सुंदरलाल जोशी %सूरज% सुरेश रघुवंशी ,पूजा कृष्णा, विजय व्यास ,राजेश तिवारी कैलाश सोनी सार्थक, अशोक शर्मा मृदुल, अशोक गौर, कृष्णचंद्र पुरोहित, कमलेश शुक्ला देवीसिंह गुर्जर, राजेश रंगीला, गोपाल सुनहरे संजयहरि राठौर, विशाल गुर्जर,अर्जुन गुर्जर, नितिन पाटीदार जी ने अपनी भावना व्यक्त की। गोष्ठी का काव्यात्मक संचालन सुंदरलाल जोशी %सूरज% ने किया। आभार हरचरणसिंह चावला ने माना।

## दुनिया की नजरों में नही भगवान की नजरों में रहो : महासती विमला जी महाराज

विनय उजाला



**इंदौर, नप्र।** श्री गुजराती स्थानवासी जैन संघ स्नेहलता गजं में पू. विमलाजी म.सा. का चातुर्मास भव्यता के साथ मंगल प्रवेश हुआ।

गोंडल संप्रदाय के शताब्दिक उपाश्रय निर्माण के प्रेरक परम श्रद्धेय गुरुदेव पू. श्रीधीरज मुनि महाराज के आज्ञानुवर्ती (पारसमैया) पू. रंभाभाई म.सा. कि शिष्या पू. विमलाजी म.सा का चातुर्मास प्रवेश संघ प्रमुख योगेशभाई कोठारी के निवास से नवकारशी बाद संघ के कारोबारी सदस्यो, युवक मंडल, त्रिरत्न महिला मंडल, श्रावक-श्राविकाओं के साथ श्री गुजराती स्थानकवासी जैन संघ के तत्वावधान में युवक मंडल संचालित महावीर सेवाधाम पर पू. विमलाजी म.स., पू. पद्माजी म.स. व पू. जिज्ञाजी म.स. आदि ठाणां-3 मंगल प्रवेश किया।

इस अवसर पर जलगांव, राजकोट, मुंबई, आकोला, सूरत, कालावड, पूणे व भारत अन्य शहरों से श्रद्धालु उपस्थित रहे।

महासती के मंगलाचरण के बाद ऋषभ महिला मंडल ने मधुर स्वर में स्वागत गीत गाया। मुकेशभाई लाठिया ने पू. महासतीजी का परिचय दिया।

पू. विमलाजी म.स. ने अपने प्रेरणादायी प्रवचन में कहा कि धर्म ही जीवन का श्रेष्ठ मंगल करता है। पू. पद्माजी ने कहा कि सुगंधमय जीवन बनाने के तेजस्वी विचार प्रकट किये। पू. जिज्ञाजी ने कहा कि भगवान सब देखता है, इसलिये दुनिया की नजरो में नहीं किन्तु भगवान की नजरो में रहो।

संघ अध्यक्ष योगेशभाई कोठारी और विक्रमभाई देसाई ने भी प्रासंगिक विचार प्रस्तुत किए। बहार से पधारे महानुभावों का स्वागत किया गया। मंगल प्रवेशोत्सव का अनूठी शैली में संचालन महामंत्री निमेषभाई कोठारी ने किया। संदीपभाई महेता ने आगामी कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत कि । इस अवसर पर प्रदीपभाई गांधी, नैनेशभाई संघवी, हिमांशुभाई बोटादरा, दिलीप कामानी, भरतभाई पंचमीया, कमलेश पंचमीया, आशिष जागानी, युवक मंडल से प्रीतेश कोठारी, नीरज अजमेरा, अनीष संघवी, आशिष देसाई, चिराग तुरखिया, विपुल गांधी, मयंक कोठारी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहें।

## राजकीय बाल संरक्षण आश्रम के बच्चों को मिलेगी अब बस सुविधा, बौद्धिक दिव्यांग बच्चों के लिए बनेगा नया भवन

### कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक सम्पन्न



विनय उजाला

**इंदौर, नप्र। राजकीय बाल संरक्षण आश्रम इंदौर में निवासरत अनाथ बच्चों के लिए अब स्कूल आने-जाने हेतु विशेष बस सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।**

कलेक्टर श्री आशीष सिंह ने इसके लिए नई बस क्रय करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही परदेशीपुरा स्थित समाज कल्याण परिसर में निवासरत बौद्धिक दिव्यांग एवं अनाथ बच्चों के लिए नया भवन निर्मित किया जायेगा। इसके लिए प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिये गए हैं। कलेक्टर कार्यालय में आज कलेक्टर श्री आशीष सिंह की अध्यक्षता में जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में महिला एवं बाल विकास विभाग के कार्यक्रम अधिकारी श्री रजनीश सिन्हा सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

कलेक्टर श्री आशीष सिंह ने बैठक में निर्देश दिए कि बाल कल्याण एवं संरक्षण से जुड़ी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। विशेष रूप से 18 वर्ष से कम उम्र के नशाग्रस्त बच्चों के पुनर्वास और नशा मुक्ति की दिशा में विशेष प्रयास किये जायें। इसके लिए स्वयंसेवी संस्थाओं की मदद भी ली जायें। बैठक में जिले में संचालित बाल देखरेख संस्थाओं की गतिविधियों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर श्री सिंह ने बच्चों की सुरक्षा, स्वास्थ्य, शिक्षा और समुचित देखभाल की व्यवस्था और भी बेहतर करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इन बच्चों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ना हम सबकी जिम्मेदारी है।

## दीक्षारंभ समारोह का समापन, राष्ट्र प्रथम की भावना के साथ अध्ययन को प्राथमिकता दें : डॉ. अर्चना जैन

विनय उजाला



**महू, निप्र।** भेरूलाल पाटीदार शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, महू में उच्च शिक्षा विभाग मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार आज दिनांक 3 जुलाई को दीक्षारंभ समारोह का समापन हुआ।

महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ अर्चना जैन ने समापन सत्र में विद्यार्थियों से अनुरोध किया कि राष्ट्र प्रथम की भावना को ध्यान में रखकर अध्यापन कर,अपना कैरियर बनाएं। उन्होंने पिछले दो दिवस में महाविद्यालय द्वारा नव प्रवेशित छात्र छात्राओं को दी जाने वाली जानकारियों का फीडबैक विद्यार्थियों से प्राप्त किया। साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों कोअपने सपनों को साकार करने के लिए प्रेरित किया।

दीक्षारंभ कार्यक्रम में जनभागीदारी अध्यक्ष एडवोकेट निलेश पाटीदार ने अपने उद्बोधन में विद्यार्थियों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए पूर्ण विश्वास दिलाया कि महाविद्यालय विद्यार्थियों के हित में सदैव तत्पर है, विद्यार्थियों को यदि किसी भी प्रकार की समस्या महाविद्यालय में आती है तो महाविद्यालय प्रशासन एवं जनभागीदारी समिति उसके समाधान के लिए सदैव तत्पर रहेगी।

डॉ रोशन बेंजामिन ने संवैधानिक मौलिक कर्तव्य ,यौन उत्पीड़न एवं रोकथाम पर अपने विचार रखते हुए विद्यार्थियों को संवैधानिक मौलिक कर्तव्यों की जानकारी दी। डॉ मुकेश बडोले ने अपने वक्तव्य में लोक सेवा अधिनियम एवं सूचना के अधिकार पर प्रकाश डाला महाविद्यालय में नेक प्रभारी डॉ. रंजना वर्मा द्वारा विद्यार्थियों को स्वास्थ्य, सुरक्षा बचाव संबंधी जानकारी एवं मानसिक स्वास्थ्य के बारे में विस्तृत रूप से अवगत कराया। डॉ मंजुला निंगवाल द्वारा महाविद्यालय में सांस्कृतिक एवं साहित्यिक गतिविधियों से संबंधित विभिन्न क्लब के माध्यम से की जाने वाली समस्त गतिविधियों की जानकारी नव प्रवेशित छात्र छात्राओं को दी।

समापन के पूर्व डॉ.स्नेहलता व्यास द्वारा दो दिनों में नव प्रवेशित छात्रों को नवीन शिक्षा नीति, शैक्षणिक संरचना, पाठ्यक्रम, परीक्षा प्रणाली , शासन द्वारा दी जाने वाली विभिन्न छात्रवृत्ति एवं योजनाओं, कैरियर गाइडेंस प्रकोष्ठ, प्रयोगशाला एवं पुस्तकालय तथा महाविद्यालय में उपलब्ध विभिन्न सुविधाओं से भी विद्यार्थियों को विस्तार से अवगत कराया।

महाविद्यालय के भूतपूर्व विद्यार्थी डॉ.सलीम शेख वर्तमान में इसी महाविधालय में पदस्थ है,ने कहा कि विद्यार्थी अनुशासन,अध्ययन के साथ ई लायबेरी का अधिक से अधिक उपयोग करे,इसी श्रृंखला में डॉ लक्ष्मी डुबोरिया,डॉ रेणुका पाटीदार ,डॉ शिल्पी वर्मा ने भी अपने अनुभव साझा कर नव प्रवेशित विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी।

दीक्षारंभ समारोह के कार्यक्रम का संचालन डॉ. शेलेन्द्र पिपरिया ने एवं आभार प्रदर्शन डॉ. एस जी स्वामी ने किया।


## कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) जिला अलीराजपुर (म.प्र.)

E-mail :- modgmali@mp.gov.in

क्रमांक/540/खनिज/2025 — अलीराजपुर, दिनांक : 01/07/2025

**// प्रथम सूचना //**

**(म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम, 18-क)**

यह सूचित किया जाता है कि **आवेदक श्री मांजरिया कनेश पिता श्री अमासिया कनेश निवासी बिजरी फलिया ग्राम पूवासा, सिलोटा जिला अलीराजपुर ( म.प्र. )** द्वारा म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम, 18-क के तहत उत्खनिपट्टा प्राप्त करने हेतु ऑनलाईन आवेदन पत्र दिनांक 21/06/2025 को प्रस्तुत किया गया है। प्रस्तुत आवेदन पत्र का संक्षिप्त विवरण निम्नानुसार है :-

**आवेदन का संक्षिप्त विवरण**

| जिला | तहसील | ग्राम | खसरा नंबर | कुल रकबा ( हे. ) | भूमि का प्रकार निजी/अन्य भूमिस्वामी की सहमति प्राप्त | खनिज का नाम | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| अलीराजपुर | सोण्डवा | सोलिया | 358 | 4.000 हेक्टर | शासकीय भूमि | एम-सेण्ड | - |

उपरोक्त प्रस्तुत ऑनलाईन आवेदन पत्र में आवेदित क्षेत्र के संबंध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो अथवा इस संबंध में कोई अन्य दावा प्रस्तुत करना चाहता हो, तो इस सूचना के प्रकाशित होने की तारीख से 30 दिवस के भीतर कार्यालय कलेक्टर, खनिज शाखा जिला अलीराजपुर में आपत्ति का लेख/कारण दर्शाते हुए लिखित रूप से प्रमाण सहित प्रस्तुत करें।

नियत अवधि के उपरांत प्रस्तुत किसी भी आपत्ति/दावे पर विचार नहीं किया जाएगा।

प्रभारी अधिकारी
कार्यालय कलेक्टर खनिज शाखा
जिला अलीराजपुर ( म.प्र. )

जी-15082/25

"स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता"

# सम्पादकीय

## आप काफी उत्साहित

चार राज्यों की पांच विधानसभा सीटों पर हुए उपचुनाव के नतीजों को लेकर आम आदमी पार्टी (आप) काफी उत्साहित नजर आई। गुजरात की विसावदर सीट से गोपाल इटालिया व पंजाब की लुधियाना पश्चिम सीट पर जीते संजीव अरोड़ा, दोनों आप के उम्मीदवार हैं।केरल में नीलांबुर सीट कांग्रेसनीत यूडीएफ ने सत्तारूढ़ वाम लोकतांत्रिक मोर्चा को पछाड़ कर जीत हासिल की। सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी से गुजरात की कड़ी सीट बरकरार रखते हुए राजेंद्र चावड़ा को जीत दिलाई। तृणमूल कांग्रेस ने पश्चिम बंगाल के नदिया जिले की कालीगंज विधानसभा सीट पर पुन: कब्जा किया।भाजपा के आशीष घोष को यहां अलीफा अहमद ने हराया। सभी पांचों सीटों पर इसी माह की 19 तारीख को मतदान हुए थे। इनमें लुधियाना के चुनाव पर विशेषज्ञों की कड़ी नजर थी। क्योंकि अरोड़ा राज्य सभा सांसद हैं। जहां से वे इस्तीफा देंगे। विपक्ष का दावा था कि इस खाली हुई सीट से अरविंद केजरीवाल उच्च सदन जा सकते हैं।बहरहाल उन्होंने इस सवाल को टालते हुए कहा कि यह फैसला आप की राजनीतिक मामलों की कमेटी लेगी। इसके बाद कयास मनीष सिसोदिया को भेजने का है। हालांकि लंबी जेल भुगतने वाले सत्येंद्र जैन को भी दावेदार माना जा रहा है।मतगणना के वक्त कालीगंज के बाराचंदगर इलाके में हुए विस्फोट में नौ साल की बच्ची की मौत से उपजा मसला अभी शांत नहीं हुआ है। हालांकि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने दोषियों के खिलाफ कार्रवाई का आासन फौरन ही दिया।हालांकि उपचुनाव को लेकर राजनीतिक दलों ने काफी उदासीनता बरती। मगर भाजपा शीर्ष को गंभीरता से विचार करने की जरूरत है। क्योंकि प. बंगाल को लेकर वे ममता सरकार पर जिस तरह की तोहमतें लगाते रहे हैं। उसका नतीजा सबक लेने वाला है। जिसमें भाजपा को भारी मतों से मात मिली है। गुजरात और पंजाब में 2027 में विधानसभा होने हैं, यहां दोगुने अंतर से मिली जीत को केजरीवाल सेमीफाइनल के तौर पर देख रहे हैं।दोनों जगह मिली हार की नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने पद से इस्तीफा देते हुए इसे पार्टी की हार की बजाए अपनी विफलता बताकर दांव चलने कोशिश की। इस पर कांग्रेस कौन सी करवट लेती है, यह भी स्पष्ट होना जरूरी है। फिलवक्त कहा जाना चाहिए कि जनता आम से लेकर विधानसभा चुनाव के दरम्यान चौंकाने वाले निर्णय ले सकती है। जो उपचुनावों को सेमी फाइनल नहीं मानती।

## दैनिक विनय उजाला — सुविचार

समस्या का समाधान अच्छे सलाहकार
पर निर्भर करता हैं, दुर्योधन का सलाहकार
शकुनी तो अर्जुन के सलाहकार श्री कृष्ण।

**- एच.एल. खुशाल, इंदौर**

शांति और संतोष ही पूर्ण विराम है,
बाकी सारे सुख अल्पविराम है।

**- डॉ. विनय दीवान, भोपाल**

सुखी होने में ज्यादा खर्चा नहीं होता,
लेकिन आप कितने सुखी हैं ये दुनिया
को दिखाने में बहुत खर्चा होता है।

**- नरेंद्र सिंह ठाकुर, इंदौर**

जिस व्यक्ति के पास हमेशा एक ही चेहरा होता हैं,
उसे कभी तनाव नहीं होता हैं...

**- अजब सिंह राजपूत, आष्टा**

इंसान हमेशा अपने भाग्य को कोसता है,
ये जानते हुए भी की भाग्य से भी ऊंचा उसका
कर्म है, जो उसके स्वयं के हाथों में है।

**- राशि परिहार, इंदौर**

जो सुनना नहीं चाहता,
वो सीख भी नहीं सकता।

**- देवकीनंदन शर्मा, भोपाल**

## अजनबी अपना सा

**अजनबी एक अपना सा मिला,
क्या? गुल यहां चाह का खिला।
झर रही थी कलियां हंसने पर,
साथ वह कुछ कदम जो चला।।**

**बहाने वह पल-पल ढूंढता चला,
गुफ्तगू का ही मिले उसे सिला।
नजर जो पड़े एक बार या खुदा
दामन में खुशी का इंतजाम मिला।।**

**छुअन जो उसका क्षण को मिला,
मन तन सब उसकी ही और चला।
काश के मिल जाए मंजूरी उसकी,
फिर तो जैसे मुझसे खुदा आ मिला।।**

**चाहा वैसा किसको कब मिला,
क्या हो गर कर ले उनसे गिला।
जुदाई तो रित है हर कहानी की,
के इंतजार का फल मीठा मिला।।**



रेखा राठौर

**यह बात भी याद रखने वाली है कि पहलगाम में जो हत्यारे थे, उनके लोकल सपोर्टर कौन थे, क्या यह पिकनिक स्थल के आसपास छोटे-मोटे दुकानदार थे? इस बात पर अभी भी व्यापक छानबीन जारी है। फिर सोशल मीडिया इतना तीव्र हो चुका है कि एक पोस्ट कुछ भी करा सकती है और थूंक जिहाद जैसी पोस्टें कितनी खतरनाक होती हैं यह किसी को बताने की जरूरत नहीं है।**


### कांवड़ यात्रा के दौरान

# डिजिटल लेन-देन या नाम बताने से परहेज क्यों?

मनोज वार्ष्णेय



दैनिक विनय उजाला




सावन में पूरे भारत में शिव मंदिरों में होने वाली पूजा-अर्चना में कांवड़ समपर्ण का विशेष महत्व है। कांवड़िए गंगाजल कांवड़ में भरकर पैदल यात्रा करते हुए शिव मंदिरों में शिव का अभिषेक करते हैं। गत वर्षों में कांवड़ यात्रा के दौरान होने वाली परेशानियों को ध्यान में रखते हुए उत्तर प्रदेश सरकार ने कांवड़ यात्रा के दौरान अपने प्रतिष्ठानों पर दुकान संचालकों का नाम प्रमुखता से प्रदर्शित करने का निर्देश दिया है। यह आदेश उन दुकानदारों के लिए है जो कांवड़ यात्रा मार्ग पर रोजगार करते हैं। इसके साथ ही दूसरी तैयारियां भी लगभग पूरी हो चुकी हैं। कांवड़ यात्रा 11 जुलाई से आरंभ होगी। ऐसा पहली बार है कि कांवड़ यात्रा के साथ ही मुहर्रम के लिए भी सरकार ने कहा है कि किसी भी ताज़िए के लिए वृक्षों को काटा नहीं जाए और ताजियों की ऊंचाई तय मानक के अनुसार ही हो।

गत वर्ष भी कांवड़ यात्रा के दौरान इसी प्रकार से नाम लिखने को कहा गया था, तो उसका जमकर विरोध हुआ था। इस प्रकार से नाम लिखने की बात को मजहबी राजनीति से जोड़ा गया था। कांवड़ यात्रा यूं तो पूरे देश में होती है,लेकिन उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद, मेरठ, बरेली, अयोध्या, प्रयागराज, काशी, बाराबंकी, बस्ती तथा हरिद्वार-ऋषिकेश में इसकी धूम रहती है। बिहार, झारखंड, हिमाचल प्रदेश तथा उत्तराखंड में भी कई ऐसे शिवधाम हैं जहां पर लाखों कांवड़िये, कांवड़ में गंगाजल लेकर शिव का अभिषेक करने जाते हैं। जहां-जहां से गंगा या उस जैसी पवित्र नदियां गुजरती हैं, वहां पर कांवड़ियों की आस्था प्रकट होती है।

यह कहा जा रहा है कि इस तरह के आदेशों से रोजगार करने वालों पर विपरीत प्रभाव पड़ेगा। जो लोग भंडारे लगाते हैं या फिर शिवभक्तों की सेवा आदि करते हैं, वह भी प्रभावित होंगे। यूं अमरनाथ यात्रा भी इस कांवड़ यात्रा के साथ चलती है और दूसरी धार्मिक यात्राएं भी जारी रहती हैं,तो फिर कांवड़ यात्रा मार्ग पर ही यह आदेश क्यों? इसके विपरीत यह प्रश्न भी प्रमुखता से उठाया जा रहा है कि आखिर नाम बताने या अपनी पहचान जाहिर करके रोजगार करने में बुराई क्या है? दरअसल, इस आदेश के पीछे जो मंशा है वह यह है कि कांवड़ यात्रा के दौरान असामजिक तत्व नाम बदलकर कोई ऐसा काम नहीं करें जिससे माहौल खराब हो या फिर सांप्रदायिक तनाव भड़के।

सावन माह के आते ही हिंदुओं के त्योहार आरंभ हो जाते हैं। इनमें कांवड़ यात्रा, श्रीकृष्ण जन्माष्टमी और गणेश चतुर्थी का पर्व खास महत्व रखता है। कांवड़ यात्रा के दौरान जगह-जगह लगने वाले भंडारे ऐसे होते हैं, जिन पर कांवड़ियों के साथ ही आम यात्री भी प्रसादी ग्रहण करते हैं। इस मार्ग पर जो दुकानें हैं, उनसे भी आम जरूरत का सामान खरीदा जाता है। कई बार देखा गया है कि नाम होता है, वैष्णव भोजनालय, जैन भोजनालय, पवित्र भोजनालय या फिर बड़े-बड़े शब्दों में यह बताया जाता है-हमारे यहां शुद्ध शाकाहारी जैन भोजन मिलता है। इसका मतलब है कि बिना प्याज-लहसुन का भोजन। पर इन्हीं दुकानों पर कहीं साइड में अंडे, प्याज, लहसुन रखे होते हैं। सीधा सा मतलब सिर्फ नाम होता है बाकी सभी तरह की वस्तुएं यहां पर मिल जाती हैं। इस स्थिति में शुद्धता-शुचिता के लिए और धार्मिक भावना को ध्यान में रखने के लिए यदि नाम पूछा जा रहा है तो बुराई क्या है? हम अपना नाम बताना क्या नहीं चाहते? पहलगाम में धर्म पूंछकर निर्दयता से हत्या करने का मामला बहुत पुराना नहीं हुआ है। अमरनाथ यात्रा के आरंभ होने से पहले ही यात्रा मार्ग को निष्कंटक रखना शासन-प्रशासन के लिए बड़ी चुनौती है। यात्रा के एक हफ्ते पहले आतंकवादियों से मुठभेड़ भी चिंता का कारण है। यह बात भी याद रखने वाली है कि पहलगाम में जो हत्यारे थे, उनके लोकल सपोर्टर कौन थे, क्या यह पिकनिक स्थल के आसपास छोटे-मोटे दुकानदार थे? इस बात पर अभी भी व्यापक छानबीन जारी है। फिर सोशल मीडिया इतना तीव्र हो चुका है कि एक पोस्ट कुछ भी करा सकती है और थूंक जिहाद जैसी पोस्टें कितनी खतरनाक होती हैं यह किसी को बताने की जरूरत नहीं है। ऐसे में यदि दुकानदार अपनी दुकान पर अपना नाम प्रमुखता से प्रदर्शित करता है, तो इसमें गलत क्या है और अगर गलत नहीं है तो विरोध करने की वजह क्या हो सकती है?

जहां तक पहचान छिपाने की बात है तो इसे छिपाकर रोजगार करने वाले यह बात अच्छे से समझ लें कि अब पहचान छिपाना बहुत मुश्किल हो गया है। किसी भी स्थान पर चले जाइये, यदि वहां पर इंटरनेट काम करता है, मोबाइल रनिंग में है तो तय है कि वस्तु के दाम सीधे बैंक में लेने के लिए पेटीएम या फोन पे, भीम एप जैसी सुविधाएं हैं और इन पर पेमेंट करने के बाद आप असली नाम जान सकते हैं। हां,फर्जीवाडा करने वाले किसी दूसरे के नाम से यह भुगतान करवा सकते हैं,पर यदि वह किसी प्रकार से जांच में आए तो क्या होगा? इन स्थितियों को देखते हुए दुकानदार को नाम प्रदर्शित करने में कोई संकोच नहीं होना चाहिए।

जो समाजसेवी या मददगार किसी प्रकार से कांवड़ या दूसरे धार्मिक मार्गों पर दुकानदार हैं, भंडारा कर रहे हैं, दूसरों की सेवा के माध्यम से मदद कर रहे हैं, वह नीतिगत रूप से भी अपना नाम बताकर यदि यह काम करते हैं तो उन्हें पूरा धार्मिक-सामाजिक फल मिलेगा। दुनिया के किसी भी मजहब में धोखा देकर, झूठ बोलकर, गलत तरीके से, अपने लाभ के लिए दूसरे की आस्था को ठेस पहुंचाना कभी जायज नहीं माना गया है। चाहे साधु-संत हों या फिर पीर-मौलवी या पादरी-ग्रंथी सभी एक ही बात कहते हैं, सच्चे मन से किया गया कर्म ही आपको आपके मंतव्य के करीब ले जाता है।

धार्मिक आस्था के जानकारों का कहना है कि किसी भी धार्मिक यात्रा में आत्मशुद्धि का खास ध्यान रखा जाना चाहिए। चाहे यह किसी भी धर्म-संप्रदाय की हों। वे मानते हैं कि हमारा आध्यात्मिक विकास तभी हो सकता है जब हमारी आत्मा की शुद्धि हो और इसके लिए पूरी शुद्धता रखनी चाहिए। इसमें कोई दो राय नहीं है कि किसी भी धर्म के विषय में जितनी बेहतर-शुद्ध जानकारी उस धर्म के व्यक्ति को होती हैं, उतनी दूसरे धर्म के व्यक्ति को नहीं, हां इसके अपवाद अलग हैं।

आत्मा की शुद्धि के लिए सिर्फ खानपान या दूसरे नियमित कार्य ही जिम्मेदार नहीं होते, इसके लिए वातावरण भी पूरा महत्व रखता है। शायद ही कोई धार्मिक यात्रा पर निकला तीर्थयात्री होगा जो अपनी सुबह-शाम किसी फिल्मी गाने, नशीले संगीत से करना चाहेगा। जब इतना कुछ है तो बेहतर यही होगा कि दूसरे की भावना को ध्यान में रखते हुए किसी भी यात्रा मार्ग पर दुकान करने वाले व्यापारी या दूसरे लोग अपना नाम प्रमुखता से लिखें ताकि सभी का मनोरथ, शुचिता के साथ पूरे हो सके।

**(लेखक राजस्थान से प्रकाशित नवज्योति के पूर्व साहित्य संपादक हैं)**

## जानकारी

1. दूध और डेयरी उत्पाद
कैल्शियम का सबसे बेहतरीन स्त्रोत
रोजाना 1-2 गिलास दूध या दही/पनीर जरूर शामिल करें
2. पालक और हरी पत्तेदार सब्जियां
पालक, बथुआ, सहजन पत्ते (moringa) कैल्शियम और आयरन से भरपूर
हल्की आंच पर पकाकर सेवन करें
3. टोफू (Tofu)
शाकाहारी और वेगन लोगों के लिए सुपरफूड
सब्जी, स्नैक्स या सलाद में इस्तेमाल करें
4. अंजीर
5. रागी (नाचनी)
बच्चों और महिलाओं के लिए विशेष रूप से लाभदायक
रागी डोसा, रोटी या हलवा बनाकर खाएं
6. तिल के बीज (Sesame Seeds)
1 चम्मच तिल में भरपूर कैल्शियम
चटनी, लड्डू या पराठों में शामिल करें
7. बादाम
हाई-कैल्शियम के साथ-साथ हेल्दी फैट्स भी
रोज़ाना 5-6 भिगोए हुए बादाम खाएं
8. संतरा
कैल्शियम के साथ-साथ विटामिन ष्ट भी
इम्युनिटी बूस्ट और बोन हेल्थ के लिए बेहतरीन
9. राजगीरा (Amaranth)
आयरन और फाइबर के साथ कैल्शियम भी
उपवास या डेली डाइट में लड्डू, खिचड़ी या पराठा बनाकर लें
10. चिया सीड्स (Chia Seeds)
ओमेगा-3, फाइबर और कैल्शियम से भरपूर
स्मूदी, ओट्स या पानी में भिगोकर लें
Contact for consultation
Divakar's Homeopathy
9928754669



दैनिक विनय उजाला
**दीपशिखा दिवाकर
बदनावर**



**इंदौर (विनय उजाला)।** मप्र पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के कार्मिकों ने पोलोग्राउंड स्थित आंतरिक अंकेक्षण अधिकारी के कक्ष में चार्टर्ड अकाउंटेंट (CA) दिवस मनाया। इस दौरान वाणिज्यिक संस्थानों में सीए की प्रभावी भूमिका से संबंधित विचार सांझा किए गए।

## इंदौर जिले के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को लैपटॉप की राशि वितरण का मुख्य कार्यक्रम बाल विनय मंदिर में होगा

**इंदौर, (विनय उजाला)।** मुख्यमंत्री प्रतिभाशाली विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत इंदौर जिले के 5312 मेधावी विद्यार्थियों को कुल 13 करोड़ 28 लाख रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी। प्रत्येक विद्यार्थी के बैंक खाते में 25 हजार रुपये की राशि सीधे जमा की जाएगी। यह राशि मुख्यमंत्री श्री मोहन यादव द्वारा 4 जुलाई 2025 को वर्चुअल माध्यम से अंतरित की जाएगी। जिले का मुख्य कार्यक्रम सुबह 10 बजे से शासकीय उत्कृष्ट बाल विनय मंदिर, इंदौर में आयोजित किया जाएगा। इस जिला स्तरीय कार्यक्रम की अध्यक्षता सांसद श्री शंकर लालवानी करेंगे। कार्यक्रम में विधायक एवं अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी, शिक्षकगण तथा बड़ी संख्या में विद्यार्थी और अभिभावक मौजूद रहेंगे। जिले के 5312 विद्यार्थियों को इस योजना का लाभ दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भोपाल स्थित कुशाभाऊ ठाकरे सभागृह से राज्य स्तरीय कार्यक्रम को संबोधित करेंगे, जिसका सजीव प्रसारण बाल विनय मंदिर इंदौर सहित जिले के सभी विकासखंडों में किया जाएगा। विकासखंड स्तर पर भी कार्यक्रम आयोजित होंगे, जिनमें संबंधित क्षेत्र के विधायकों और अधिकारियों की उपस्थिति में विद्यार्थियों को राशि का लाभ मिलेगा।

## फसलों में होने वाले जोखिम से बचने कराये फसल बीमा



विनय उजाला

**देपालपुर।** प्रधानमंत्री फसल बीमा के अंतर्गत 1 से 7 जुलाई 2025 फसल बीमा सप्ताह का आयोजन कैक काटकर शुभारंभ किया गया है जिसमें वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी ने बताया कि देपालपुर तहसील के कृषक प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनांतर्गत खरीब मौसम 2025 में अधिसूचित फसलों का बीमा 31 जुलाई तक करवा सकते है। शासन के निर्देश अनुसार बीमा कराने की अंतिम तिथि निर्धारित की गई है। कृषक भाई निर्धारित तिथि तक संबंधित बैंको, सहकारी समिति, सीएससी सेंटर में अपनी फसल का बीमा करा सकते है। खरीब मौसम के लिए प्रीमियम राशि स्कूल ऑफ फायनेंस का 2 प्रतिशत देय है। अऋणी/डिफॉल्टर कृषक अपनी अधिसूचित फसलों का बीमा संबंधित बैंक शाखा एवं लोकसेवा केंद्र के माध्यम से करवा सकते है।

णी कृषको का बीमा संबंधित बैंक के माध्यम से किया जावेगा। खरीब मौसम में पटवारी हल्का स्तर पर सोयाबीन फसलों को अधिसूचित किया गया है। खरीब सोयाबीन सिंचित फसल हेतु प्रति हेक्टेयर 900 रू. प्रीमियम किसानों को देय होगा। अधिक जानकारी के लिए एसबीआई जनरल इंश्योरेंस के प्रतिनिधि एवं कृषि विभाग के मैदानी अमले से संपर्क कर कृषक अपनी फसल का बीमा करा सकते है।

# 28 जुलाई को पठानकोट कैंट से दक्षिण भारत की पुण्ययात्रा पर रवाना होगी भारत गौरव ट्रेन








विनय उजाला

दक्षिण भारत के प्रसिद्ध धार्मिक स्थलों की यात्रा की चाह रखने वाले श्रद्धालुओं के लिए भारत गौरव ट्रेन चलाने का फैसला लिया गया है। यह विशेष रेलगाड़ी आगामी 28 जुलाई को दक्षिण भारत की दिव्य यात्रा पर रवाना हो रही है। 13 दिवसीय यह भव्य यात्रा पठानकोट कैंट स्टेशन से शुरू होगी और यात्रियों को तिरुपति, रामेश्वरम, मदुरै, कन्याकुमारी और मल्लिकार्जुन जैसे दक्षिण भारत के प्रमुख तीर्थ स्थलों के दर्शन कराएगी। जो आध्यात्मिक अनुभव, सुविधा और किफायती दरों का अनूठा संगम होगी। इस ट्रेन की शुरुआत पठानकोट कैंट स्टेशन से होगी। इसके प्रमुख बोर्डिंग पॉइंट में जालंधर सिटी, लुधियाना, चंडीगढ़, अंबाला कैंट, कुरुक्षेत्र, करनाल, पानीपत, सोनीपत, हजरत निजामुद्दीन, मथुरा, आगरा कैंट और ग्वालियर शामिल हैं। कुल मिलाकर यह यात्रा 12 रात और 13 दिनों की होगी, जिसकी वापसी 9 अगस्त को तय की गई है। यात्रा के लिए तीन श्रेणियों में सीटें- स्लीपर क्लास (640 सीटें), 3AC स्टैंडर्ड (70 सीटें), और 2AC कम्फर्ट (50 सीटें) उपलब्ध हैं। वहीं किराया भी काफी किफायती रखा गया है। स्लीपर क्लास रु. 30,135, 3AC रु. 43,370 और 2AC रु. 57,470 प्रति व्यक्ति (सभी दरें जीएसटी सहित)। इस पैकेज में ट्रेन टिकट के साथ-साथ दैनिक भोजन, आरामदायक आवास, दर्शनीय स्थलों की यात्रा के लिए एसी/नॉन-एसी बस, टूर एस्कॉर्ट, सुरक्षा एवं प्राथमिक चिकित्सकीय सुविधा आदि शामिल हैं। धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने वाली इस यात्रा में शामिल होकर श्रद्धालु न केवल दक्षिण भारत के प्रमुख मंदिरों के दर्शन कर पाएंगे, बल्कि यात्रा के दौरान भारतीय रेल की ओर से सुनिश्चित की गई सुविधाएं और व्यवस्थाएं उन्हें एक सहज और भावपूर्ण अनुभव भी प्रदान करेंगी। अधिक जानकारी या रिजर्वेशन के लिए www.irctctourism.com अथवा चंडीगढ़ कार्यालय से संपर्क किया जा सकता है।

## संक्षिप्त समाचार

### राज्यसभा सांसद समिक भट्टाचार्य बने पश्चिम बंगाल भाजपा के नए अध्यक्ष; रविशंकर प्रसाद ने किया नाम का एलान



**कोलकाता, एजेंसी।** वरिष्ठ भाजपा नेता और राज्यसभा सांसद समिक भट्टाचार्य को आधिकारिक तौर पर पश्चिम बंगाल इकाई का नया अध्यक्ष घोषित किया गया। वह 2026 के विधानसभा चुनावों में पार्टी का नेतृत्व करेंगे। कोलकाता में साइंस सिटी में आयोजित एक सम्मान समारोह के दौरान वरिष्ठ भाजपा नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने भट्टाचार्य को निर्वाचन का प्रमाण पत्र सौंपा।

प्रदेश अध्यक्ष चुने जाने के बाद समिक भट्टाचार्य ने टीएमसी सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि टीएमसी शासन में बंगाल की संस्कृति, बहुलवाद, विरासत खतरे में है। 2026 का विधानसभा चुनाव इनके अस्तित्व की लड़ाई है। उन्होंने कहा कि बंगाल की जनता ने विधानसभा चुनावों में भ्रष्ट टीएमसी सरकार के कुशासन को समाप्त करने का मन बना लिया है। बंगाल भाजपा अल्पसंख्यकों के खिलाफ नहीं, बल्कि हिंसा और सांप्रदायिकता की राजनीति का विरोध करती है। भाजपा नेता समिक भट्टाचार्य के पश्चिम बंगाल भाजपा अध्यक्ष चुने जाने पर पश्चिम बंगाल भाजपा के पूर्व अध्यक्ष सुकांत मजूमदार ने कहा कि यह एक सतत रिले रेस है। पहले, लड़ाई मेरे नेतृत्व में होती थी, अब लड़ाई एक नए अध्यक्ष के नेतृत्व में होगी। हम ममता बनर्जी की सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए लड़ाई जारी रखेंगे। समिक भट्टाचार्य का चुनाव पहले से ही तय माना जा रहा था, क्योंकि उनके खिलाफ किसी ने नामांकन दाखिल नहीं किया था। रविशंकर प्रसाद ने उन्हें प्रमाण पत्र सौंपते हुए कहा कि पश्चिम बंगाल के अध्यक्ष पद के लिए केवल एक नामांकन दाखिल हुआ है। इससे पहले, भट्टाचार्य ने बुधवार दोपहर साल्ट लेक स्थित भाजपा के राज्य मुख्यालय में निवर्तमान अध्यक्ष सुकांत मजूमदार और राज्य विधानसभा में विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी के साथ अपना नामांकन पत्र दाखिल किया था। गौरतलब है कि 2026 के विधानसभा चुनाव बहुत दूर नहीं हैं, इसलिए भाजपा संगठनात्मक बदलाव के लिए कमर कस रही है और भट्टाचार्य की नियुक्ति को उस बड़ी योजना का हिस्सा माना जा रहा है।

### बाबा रामदेव की पतंजलि को दिल्ली हाईकोर्ट से झटका, क्या है पूरा मामला?

**नई दिल्ली, एजेंसी।** योग और आयुर्वेद को लेकर अपनी पहचान बना चुकी पतंजलि आयुर्वेद एक बार फिर अदालत की फटकार के दायरे में आ गई है। डाबर इंडिया लिमिटेड द्वारा दायर याचिका पर दिल्ली हाईकोर्ट ने गुरुवार को पतंजलि आयुर्वेद को डाबर च्यवनप्राश के खिलाफ कथित रूप से अपमानजनक और भ्रामक विज्ञापन प्रसारित करने से रोक दिया है।



न्यायमूर्ति मिनी पुष्करणा की एकल पीठ ने डाबर की याचिका पर सुनवाई करते हुए अंतरिम निषेधाज्ञा जारी की और पतंजलि से कहा कि वह ऐसे किसी भी वीडियो या प्रचार को न चलाए जो दूसरे ब्रांड की छवि को नुकसान पहुंचाता हो। डाबर की याचिका के अनुसार, पतंजलि ने अपने स्पेशल च्यवनप्राश के विज्ञापन में दावा किया कि किसी अन्य निर्माता को च्यवनप्राश बनाना नहीं आता। यही नहीं, विज्ञापन में बाकी सभी ब्रांडों को साधारण च्यवनप्राश कहकर न केवल नीचा दिखाया गया, बल्कि यह भी कहा गया कि अन्य कंपनियों को च्यवनप्राश के आयुर्वेदिक ग्रंथों और मूल सूत्रों की जानकारी नहीं है। डाबर ने इसे सीधा व्यावसायिक अपमान और भ्रामक बयान बताया। डाबर की तरफ से अधिवक्ताओं जवाहर लाल और मेघना कुमार ने कोर्ट में कहा कि पतंजलि का यह प्रचार एक सोची-समझी रणनीति है ताकि डाबर जैसे पुराने और प्रतिष्ठित ब्रांड की छवि को नुकसान पहुंचाया जा सके। याचिका में कहा गया कि साधारण शब्द का उपयोग कर पतंजलि ने यह दिखाने की कोशिश की कि डाबर का च्यवनप्राश गुणवत्ता में घटिया है। कोर्ट ने मामले की गंभीरता को समझते हुए कहा कि विज्ञापन की स्वतंत्रता व्यक्तिगत अपमान या प्रतिस्पर्धियों की बदनामी का हथियार नहीं बन सकती। न्यायमूर्ति मिनी पुष्करणा ने कहा कि यदि पतंजलि के दावों में सच्चाई नहीं है, तो यह उपभोक्ताओं को भ्रमित करने वाला है और सीधे तौर पर कॉम्पिटिशन एक्ट और उपभोक्ता संरक्षण कानून का उल्लंघन है।

### बंगाल सरकार के मंत्री के काफिले पर भीड़ का हमला, बाल-बाल बचे सिद्दीकुल्लाह चौधरी

**कोलकाता, एजेंसी।** बर्धमान जिले की मोंतेश्वर विधानसभा क्षेत्र से विधायक सिद्दीकुल्लाह चौधरी ने कहा कि उनकी हत्या की कोशिश की गई थी। उन्होंने बताया कि उनके वाहन पर पत्थर फेंके गए और शीशा तोड़ा गया, जिससे उनके हाथ में चोट भी आई। उन्होंने आरोप लगाया, स्थानीय पंचायत प्रधान रफीकुल इस्लाम शेख ने अपने समर्थकों के साथ मिलकर यह हमला करवाया। स्थानीय थाने के प्रभारी ने हमलावरों को रोकने के लिए कोई कार्रवाई नहीं की। केवल मेरे साथ मौजूद सुरक्षाकर्मियों ने मुझे बचाया। मंत्री ने प्रशासन से हमलावरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। वहीं पंचायत प्रधान रफीकुल इस्लाम शेख ने हमले की बात स्वीकार करते हुए कहा, यह स्थानीय लोगों द्वारा किया गया विरोध प्रदर्शन था, जिसमें वे मंत्री को काले झंडे दिखा रहे थे। मंत्री भ्रष्ट हैं और उन्होंने मोंतेश्वर के लोगों के लिए कुछ नहीं किया है। हम उन्हें अपनी समस्याएं बताना चाहते थे, लेकिन उनका काफिला तेजी से निकलने लगा, जिससे गाड़ी को कुछ नुकसान हो गया होगा। लेकिन वह जानलेवा हमले का झूठा नाटक कर रहे हैं।

### सोशल मीडिया पर बढ़ती नफरत पर ममता बनर्जी ने अमित शाह को लिखा पत्र, कड़े कदम की मांग

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोशल मीडिया पर भड़काऊ कंटेंट और साइबर अपराधों को लेकर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को पत्र लिखा है। ममता ने पत्र में कहा कि सोशल मीडिया पर फैल रही भ्रामक सामग्री, फर्जी वीडियो और भड़काऊ बयानों से समाज में आपराधिक मानसिकता को बढ़ावा मिल रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि इससे न केवल गलत सूचना फैलती है, बल्कि सांप्रदायिक तनाव, हिंसा और महिलाओं के खिलाफ अपराध भी बढ़ते हैं। ममता ने केंद्र से इस पर सख्त कानून और नीति लाने की मांग की है।



# गुजरात में कांग्रेस-आप की राहें जुदा

## केजरीवाल बोले- अकेले लड़ेंगे चुनाव, शुरू किया नया अभियान

अहमदाबाद, एजेंसी

**गुजरात में आम आदमी पार्टी (आप) और कांग्रेस के बीच अब कोई गठबंधन नहीं है। पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने गुरुवार को अहमदाबाद में यह साफ किया। उन्होंने कांग्रेस पर आरोप लगाया कि वह गुजरात में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की मदद कर रही है। केजरीवाल ने कहा कि कांग्रेस के नेतृत्व वाला विपक्षी गठबंधन इंडिया केवल लोकसभा चुनावों के लिए बना था, अब उसका कोई अस्तित्व नहीं है।**



केजरीवाल ने कहा कि उनकी पार्टी 2027 में होने वाले गुजरात विधानसभा चुनाव में पूरी ताकत से उतरेगी और इस बार जनता के पास भाजपा और कांग्रेस के अलावा एक मजबूत विकल्प होगा। उन्होंने कहा कि अगर कांग्रेस से हमारा गठबंधन होता तो उन्होंने जूनागढ़ जिले की विसावदर सीट पर उपचुनाव क्यों लड़ा? कांग्रेस ने आप को हराने की कोशिश की ताकि भाजपा को इसका फायदा मिले सके।

### कांग्रेस पर भाजपा की बी टीम होने का आरोप

केजरीवाल ने कहा कि भाजपा ने पिछले 30 साल में गुजरात को बर्बाद कर दिया और कांग्रेस ने विपक्ष की भूमिका निभाने में नाकामी दिखाई। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस सिर्फ दिखावे की लड़ाई लड़ती है और पर्दे के पीछे भाजपा की मदद करती है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के जरिए भाजपा हर चुनाव जीतती है। कांग्रेस और भाजपा की मिलीभगत अब जनता समझ चुकी है।

### विसावदर उपचुनाव से बढ़ा आप का आत्मविश्वास

गौरतलब है कि हाल ही में विसावदर विधानसभा सीट पर हुए उपचुनाव में आप नेता गोपाल इटालिया ने भाजपा उम्मीदवार किरीट पटेल को 17,000 से ज्यादा वोटों से हराया था। कांग्रेस तीसरे स्थान पर रही। इस नतीजे से आप को गुजरात में एक मजबूत विकल्प के तौर पर उभरने का मौका मिला है।

### गुजरात जोड़ो अभियान की शुरुआत

केजरीवाल ने कहा कि भाजपा को सत्ता से हटाने के लिए उनकी पार्टी ने गुजरात जोड़ो अभियान शुरू कर दिया है। इसके तहत पार्टी कार्यकर्ता घर-घर जाकर लोगों से संपर्क करेंगे। लोग एक मिस्ड कॉल देकर इस अभियान से जुड़ सकते हैं। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे भ्रष्टाचार मुक्त गुजरात के लिए आप का साथ दें।

### युवाओं पर आप का फोकस

केजरीवाल ने कहा कि आप युवाओं की पार्टी है। उन्होंने कहा कि आज गुजरात में किसान, युवा और मध्यम वर्ग सभी भाजपा से परेशान हैं। बेरोजगारी चरम पर है और नौकरियां केवल कॉन्ट्रैक्ट पर दी जाती हैं। ऐसे में बदलाव की जरूरत है और वह बदलाव आप लाएगी।

### विधानसभा में आप की स्थिति

इस समय गुजरात विधानसभा में कुल 182 सीटें हैं, जिनमें भाजपा के पास 162, कांग्रेस के पास 12 और आप के पास 5 विधायक हैं। समाजवादी पार्टी का एक विधायक है और दो निर्दलीय हैं। केजरीवाल ने दावा किया कि 2027 में यह आंकड़ा बदल जाएगा।

## सीएम सिद्धारमैया के बयान पर बायोकॉन प्रमुख का पलटवार, कहा-

# कोविड टीकों से मौत की बात पूरी तरह भ्रामक

बंगलूरू, एजेंसी

कर्नाटक के सीएम सिद्धारमैया के कोविड टीकों से मौत होने वाले बयान पर बायोकॉन की प्रमुख किरण मजूमदार शॉ ने पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि सीएम का दावा तथ्यात्मक तौर पर पूरी तरह से गलत और भ्रामक है। सिद्धारमैया ने कहा था कि हासन जिले में हाल ही में हुई दिल के दौरे से मौतें टीकाकरण अभियान से जुड़ी हो सकती हैं। टीकों को जल्दबाजी में मंजूरी दी गई।

शॉ ने कहा कि भारत में विकसित कोविड-19 टीकों को सुरक्षा और प्रभावकारिता के लिए वैश्विक मानकों के अनुरूप कठोर प्रोटोकॉल का पालन करते हुए आपातकालीन उपयोग के लिए मंजूरी दी गई थी। यह कहना कि इन टीकों को जल्दबाजी में मंजूरी दी गई। यह तथ्यात्मक रूप से गलत है और सार्वजनिक गलत



सूचना में योगदान देता है।

फार्मा कंपनी बायोकॉन की कार्यकारी अध्यक्ष शॉ ने कहा कि इन टीकों ने लाखों लोगों की जान बचाई है और सभी टीकों की तरह, बहुत कम संख्या में व्यक्तियों में दुष्प्रभाव हो सकते हैं। पूर्वव्यापी दोषारोपण में संलग्न होने के बजाय, उनके विकास के पीछे विज्ञान और डाटा-संचालित प्रक्रियाओं को स्वीकार करना चाहिए।

मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने कहा था कि पिछले महीने में ही हासन जिले में दिल का दौरा पड़ने से 20 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है और राज्य सरकार इस मामले को गंभीरता से ले रही है। उन्होंने जयदेव इंस्टीट्यूट ऑफ कार्डियोवैस्कुलर साइंसेज एंड रिसर्च के निदेशक डॉ. रवींद्रनाथ की अध्यक्षता में एक विशेषज्ञ समिति के गठन की घोषणा की, जो मौतों की जांच करेगी। समिति को दस दिनों के भीतर अपनी रिपोर्ट देने का निर्देश दिया गया है।

सिद्धारमैया ने कहा था कि इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता है कि कोविड वैक्सीन को जल्दबाजी में मंजूरी देना और जनता को वितरित करना भी इन मौतों का एक कारण हो सकता है, क्योंकि हाल ही में दुनिया भर में कई अध्ययनों ने संकेत दिया है कि कोविड टीके दिल के दौरे की बढ़ती संख्या का कारण हो सकते हैं।

### कर्नाटक के सीएम के बयान पर सरकार की सफाई

बुधवार को केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने सीएम के बयान को खारिज करते हुए कहा था कि अचानक हो रहीं मौतों की देश की विभिन्न एजेंसियों ने जांच की है और जांच में पाया गया है कि इनका कोरोना वैक्सीन से कोई सीधा संबंध नहीं है। आईसीएमआर और नेशनल सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल ने भी अपने अध्ययन में इसकी पुष्टि की है। सरकार ने कहा कि कोरोना वैक्सीन सुरक्षित और प्रभावकारी है और इसके दुर्लभ ही किसी पर गंभीर परिणाम दिखे हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि अचानक हो रही मौतों के कई कारण हो सकते हैं, जिनमें जेनेटिक्स, हमारा रहन-सहन और दिनचर्या, पहले से कोई बीमारी और कोरोना संक्रमित होने के बाद की दिक्कतें शामिल हैं।



### पूर्व सांसद शांतनु सेन को विदेशी डिग्री का दावा करना पड़ा महंगा, बंगाल मेडिकल काउंसिल ने किया निलंबित

कोलकाता, एजेंसी

पश्चिम बंगाल मेडिकल काउंसिल ने गुरुवार को तृणमूल कांग्रेस के पूर्व राज्यसभा सांसद और प्रसिद्ध डॉक्टर शांतनु सेन को दो साल के लिए निलंबित कर दिया। उन पर अपने चिकित्सकीय अभ्यास के दौरान विदेशी मेडिकल डिग्री का प्रमाणित दावा किए बिना उल्लेख करने का आरोप है।

बता दें कि सेन को पिछले साल मेडिकल काउंसिल से नामित सदस्य के रूप में हटा दिया गया था। जब उन्होंने आरजी कर अस्पताल में हुए दुष्कर्म-हत्या मामले को लेकर तृणमूल कांग्रेस की भूमिका पर सवाल उठाए थे। काउंसिल के अध्यक्ष सुदीप्तो रॉय ने कहा, शांतनु सेन को निलंबित किया गया है क्योंकि वह अपनी विदेशी डिग्री के उल्लेख को लेकर संतोषजनक जवाब नहीं दे सके। उन्होंने केवल एक प्रमाणपत्र दिखाया लेकिन यह साबित करने के लिए कोई और दस्तावेज नहीं पेश कर सके कि क्या ऐसी डिग्रियों का इस तरह से अभ्यास के दौरान उल्लेख किया जा सकता है।

रॉय के अनुसार, सेन को 3 जुलाई को काउंसिल के सदस्यों के सामने पेश होने को कहा गया था, जिसके बाद निलंबन का आदेश जारी किया गया। जब इस बारे में शांतनु सेन से संपर्क किया गया, तो उन्होंने कहा कि उन्हें काउंसिल से अब तक कोई आधिकारिक सूचना नहीं मिली है। लेकिन उन्होंने पहले ही मीडिया को इसकी जानकारी दे दी है।

### आदित्य ठाकरे से माफी मांगें फडणवीस, दिशा सालियान मामले में पुलिस रिपोर्ट पर बोले संजय राउत

**मुंबई, एजेंसी।** पूर्व सेलिब्रिटी मैनेजर दिशा सालियान के आत्महत्या मामले में पुलिस की रिपोर्ट के बाद शिवसेना सांसद संजय राउत ने सीएम फडणवीस को घेरा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और राज्य के मंत्री नितेश राणे को दिशा सालियान मौत मामले में शिवसेना विधायक आदित्य ठाकरे के खिलाफ की गई टिप्पणी के लिए माफी मांगनी चाहिए। मुंबई पुलिस ने बॉम्बे हाईकोर्ट में दायर किए अपने हलफनामे में कोर्ट को बताया कि दिशा सालियान ने आत्महत्या की है और उनकी मौत में कोई गड़बड़ी नहीं पाई गई है।

संजय राउत ने कहा कि पुलिस रिपोर्ट में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि आदित्य ठाकरे की दिशा सालियान की मौत में कोई संलिप्तता नहीं थी। फिर भी उनकी छवि खराब करने और उन्हें अपमानित करने के लिए सत्ता का दुरुपयोग किया गया। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को ठाकरे से माफी मांगनी चाहिए। कैबिनेट मंत्री नितेश राणे को भी न केवल आदित्य ठाकरे से बल्कि महाराष्ट्र की जनता से भी माफी मांगनी चाहिए। राउत ने कहा कि जिन लोगों ने भी निराधार आरोप लगाए हैं, उन्हें सार्वजनिक रूप से माफी मांगनी चाहिए। जो लोग राजनीतिक लाभ के लिए दूसरों को बदनाम कर रहे हैं, उन्हें एक दिन भारी कीमत चुकानी पड़ेगी।

### मोदी सरकार का पर्यावरण संरक्षण पर रिकॉर्ड भरोसेमंद नहीं, जयराम रमेश का केंद्र पर करारा तंज

नई दिल्ली, एजेंसी

**कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और संचार महासचिव जयराम रमेश ने गुरुवार को कहा कि पर्यावरण संरक्षण से जुड़े मुद्दों पर मोदी सरकार का रिकॉर्ड भरोसा नहीं जगाता कि इन मुद्दों पर गंभीरता से चर्चा या समाधान होगा। पूर्व पर्यावरण मंत्री रमेश ने बताया कि देशभर के 150 से ज्यादा सामाजिक संगठनों और पर्यावरण कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर अपनी चिंताओं को रखा है।**

कांग्रेस नेता ने सरकार पर लगाए आरोप

जयराम रमेश ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर जानकारी देते हुए बताया कि इन संगठनों ने पांच मुख्य मुद्दे उठाए हैं। इनमें पहला है पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव का यह बयान, जिसमें उन्होंने वन अधिकार अधिनियम, 2006 को प्रमुख वन क्षेत्रों के नष्ट होने का कारण बताया है। इसके अलावा, कार्यकर्ताओं ने यह भी आरोप लगाया कि सरकार संसद और नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) को जंगलों पर कब्जे के बारे में कानूनी रूप से गलत आंकड़े देती रही है। उन्होंने यह भी चिंता जताई



कि जून 2024 में नेशनल टाइगर कंजर्वेशन अथॉरिटी द्वारा एक आदेश जारी किया गया है, जिसके तहत देशभर के टाइगर रिजर्व से करीब 65,000 परिवारों को हटाने की योजना है।

जयराम रमेश ने बताया कि कार्यकर्ताओं ने यह भी मुद्दा उठाया कि पिछले 10 वर्षों में जंगलों की कटाई के लिए वन अधिकार अधिनियम को गलत तरीके से जिम्मेदार ठहराया गया है। इसके अलावा, उन्होंने 2023 में संसद में पारित किए गए 'वन (संरक्षण) अधिनियम, 1980' में संशोधन और उसके बाद बनाए गए 'वन संरक्षण एवं संवर्धन नियम, 2023' पर भी सवाल उठाए। इन नियमों से जंगलों की गुणवत्ता और मात्रा दोनों पर बुरा असर पड़ने की बात कही गई है।

### सपा नेता ने कांवड़ यात्रियों को आतंकवादी बताया, भाजपा ने उठाए सवाल

**लखनऊ, एजेंसी।** समाजवादी पार्टी, कांग्रेस और एआईएमआईएम नेताओं ने कांवड़ यात्रा पर विवादित टिप्पणी कर राजनीतिक माहौल गर्म कर दिया है। भाजपा ने कहा है कि विपक्ष के सभी दल एक-एक कर कांवड़ यात्रा पर आपत्तिजनक बयानबाजी कर हिंदुओं की भावनाओं का अपमान कर रहे हैं और ऐसा करके वे एक वर्ग को खुश करने की कोशिश कर रहे हैं। पार्टी ने कहा है कि यदि समाजवादी पार्टी और कांग्रेस नेताओं में हिम्मत है तो वे दूसरे धर्मों पर इसी तरह की टिप्पणी करके दिखाएं।



भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने गुरुवार को कहा कि पहले समाजवादी पार्टी के सांसद ने कांवड़ यात्रियों को आतंकवादी बताया। इसके बाद समाजवादी पार्टी के ही नेता रविदास मेहरोत्रा ने भाजपा को आतंकवादी करार दे दिया। औवैसी और दिग्विजय सिंह लगातार कांवड़ यात्रियों के विरुद्ध बोल रहे हैं। उन्होंने कहा कि ऐसा करके विपक्ष यही संदेश देना चाहता है कि उसे हिंदुओं की जनभावनाओं से कोई सरोकार नहीं है।

## चीनी इंजीनियरों की वापसी पर सियासत, खरगे बोले-

# चीन भारत की रीढ़ तोड़ रहा, सरकार चुप क्यों?

नई दिल्ली, एजेंसी

**भारत और चीन के रिश्तों को लेकर सियासत एक बार फिर गरमा गई है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने मोदी सरकार की चीन नीति पर बड़ा हमला बोला है। उन्होंने चीन द्वारा भारत में काम करने वाले इंजीनियरों की वापसी और भारत के लिए जरूरी खनिजों पर चीन की पाबंदी को लेकर सवाल उठाए। इसके साथ ही उन्होंने आरोप लगाया कि मोदी सरकार की चीनी गारंटी की कोई एक्सपायरी डेट नहीं है।**



कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने कहा कि मोदी सरकार ने मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत जैसे बड़े-बड़े दावे किए, लेकिन हकीकत ये है कि चीन को भारत में निवेश और काम करने का खुला न्योता दिया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार ने चीनी इंजीनियरों को आसानी से वीजा दिए ताकि वे यहां की कंपनियों में काम कर सकें और पीएलआई स्कीम का फायदा उठा सकें।

खरगे ने कहा कि भारतीय ऑटोमोबाइल उद्योग के प्रतिनिधिमंडल को चीन में अधिकारियों से मिलने तक की अनुमति नहीं दी जा रही है। उन्होंने कहा कि इससे भारत की आत्मनिर्भरता पर बड़ा असर पड़ेगा और चीन खुलेआम भारत के हितों को नजरअंदाज कर रहा है। खरगे ने आरोप लगाया कि चीन ने पिछले दो महीनों से भारत को स्पेशलिटी फर्टिलाइजर की सप्लाई रोक दी है। भारत अपनी 80 फीसदी फर्टिलाइजर की जरूरत चीन से पूरी करता है, जिससे फलों, सब्जियों और अन्य फसलों की पैदावार होती है। उन्होंने कहा कि इससे पहले से संकट झेल रहे किसानों की परेशानी और बढ़ेगी।

### चीनी इंजीनियरों की वापसी पर कांग्रेस का कटाक्ष

खरगे ने दक्षिण भारत में फॉक्सकॉन के आईफोन प्लांट से चीनी इंजीनियरों के बाहर जाने की खबर का हवाला देते हुए कहा कि ये सरकार की असफलता का उदाहरण है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि चीन भारत की रीढ़ तोड़ रहा है और सरकार मूकदर्शक बनी हुई है।

### खनिजों के निर्यात पर चीन की पाबंदी

कांग्रेस अध्यक्ष ने दावा किया कि चीन ने भारत के लिए दुर्लभ खनिजों और रियर अर्थ मैग्नेट्स के निर्यात पर सख्त पाबंदी लगा दी है। ये खनिज ऑटोमोबाइल, इलेक्ट्रिक वाहन, रक्षा और हाई सिक्योरिटी करंसी प्रिंटिंग के लिए बेहद जरूरी हैं। उन्होंने सवाल उठाया कि सरकार इस मुद्दे पर क्या कदम उठा रही है?

बता दें, बुधवार को राहुल गांधी ने भी विशेष फर्टिलाइजर की रोक पर चिंता व्यक्त की थी। खरगे ने कहा कि पांच साल पहले गलवान घाटी में 20 भारतीय जवानों ने अपनी जान दी थी, लेकिन सरकार ने तब भी चीन को क्लीन चिट दी। उन्होंने आरोप लगाया कि आज चीन इसका पूरा फायदा उठा रहा है और भारत की सरकार हाथ पर हाथ धरे बैठी है। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि मोदी सरकार की चीनी गारंटी की कोई एक्सपायरी डेट नहीं है। उन्होंने कहा कि देश की जनता को सरकार की नीतियों की सच्चाई समझनी चाहिए। उन्होंने मांग की कि सरकार चीन पर ठोस नीति बनाए और भारत के हितों की रक्षा करे।

## संक्षिप्त समाचार

### नवीन आपराधिक संहिताओं के एक वर्ष पूर्ण होने पर पुलिस प्रशासन द्वारा जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया




**खरगोन, निप्र।** भारतीय दण्ड व्यवस्था में ऐतिहासिक बदलाव लाने वाली तीनों नवीन आपराधिक संहिताओं के एक वर्ष पूर्ण होने के पर दिनांक 01 जुलाई 2025 को खरगोन पुलिस द्वारा जिले के समस्त थानों पर पुलिस अधीक्षक धर्मराज मीना के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक खरगोन श्रीमती शकुन्तला रूहल के मार्गदर्शन में जागरूकता संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया । इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आमजन में नवीन कानून के प्रति जागरूकता एवं आम जन को नवीन कानूनों की विशेषताओं से रूबरू करने के लिए किया गया , जिसमें विशेषत: पीड़ित केंद्रित प्रावधानों व नागरिकों को उनके विशेष अधिकारों जिसमे अनिवार्य एफआईआर की नि:शुल्क प्रति देने, ई-एफआईआर और ज़ीरो एफआईआर की सुविधा व अनुसंधान की प्रगति की जानकारी पीड़ित को देने जैसे विशेषताओ के बारे मे विस्तृत रूप से बताया गया ।

### करही पुलिस ने अवैध कच्ची शराब बनाने के ठिकानों पर दबिश दी



**खरगोन, निप्र।** करही पुलिस ने अवैध कच्ची शराब बनाई जाने वाले ठिकानों ग्राम हाथी दगड़ में तालाब के पास सुमनबाई पति रामचन्द्र भूरिया, ग्राम जीरात कैलाश पिता फकीरा और रोशियाबारी जंगल में नहर के पास से अवैध कच्ची शराब पकड़ी। करही पुलिस ने लगभग 35,000/- रुपये मुल्य की 30 लीटर कच्ची महुआ शराब लगभग 35,000/- रूपए मुल्य का 700 लीटर महुआ लहान, 3000/- रुपये और लगभग 1760/- मुल्य के प्लेन शराब के 22 क्वाटर को अपनी सुपूर्दगी में लेकर थाना करही थाने में पृथक-पृथक अपराध क्रमांक क्रमश: 215/25 धारा 34(1) आबकारी अधिनियम, 215/25 धारा 34(1), 45 आबकारी अधिनियम एवं 216/25 धारा 34(1) आबकारी अधिनियम का प्रकरण पंजीबद्ध प्रकरण कर कार्यवाही की गई है।

### जिला चिकित्सालय खरगोन में आयुष विंग प्रारंभ

**खरगोन, निप्र।** जिला आयुष अधिकारी डॉ. वासुदेव आसलकर ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला चिकित्सालय परिसर, खरगोन में 25 जून 2025 से आयुष विंग प्रारंभ कर दिया है। इस नई सुविधा के तहत विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा सभी प्रकार की बीमारियों का आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति से बाह्य रोगियों का स्वास्थ्य परीक्षण एवं उपचार किया जाएगा। साथ ही मरीजों को नि:शुल्क औषधियां भी प्रदान की जाएंगी। डॉ. आसलकर ने बताया कि आयुष विंग के माध्यम से आमजन को आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति का लाभ सुलभ रूप से मिलेगा। उन्होंने जिले के नागरिकों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में आयुष विंग का लाभ लें और प्राकृतिक चिकित्सा पद्धति के माध्यम से अपने स्वास्थ्य की रक्षा करें।

### बाल संवर्धन और संरक्षण अभियान के तहत आयोजित हुआ शिविर



**खरगोन, निप्र।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मण्डलेश्वर के अध्यक्ष प्रधान जिला न्यायाधीश अखिलेश जोशी के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं खण्ड न्यायाधीश सुश्री प्रीति जैन द्वारा निखिल हायर सेकंडरी स्कूल मुरल्ला, ग्राम पंचायत भवन मुरल्ला एवं हायर सेकंडरी स्कूल रतनपुर तहसील बड़वाह में विधिक साक्षरता शिविर को संबोधित किया। नालसा की बच्चों के लिए बाल अनुकूल सेवाएं योजना के तहत आयोजित विशेष अभियान बाल संवर्धन और संरक्षण अभियान 02 जुलाई से 07 जुलाई तक चलाया जाएगा। न्यायाधीश सुश्री जैन ने विद्यार्थियों को बताया कि इस योजना के तहत बच्चों के शारीरिक मानसिक नैतिक और आध्यात्मिक कल्याण की रक्षा करने पर ध्यान केंद्रित किया जा रहा है। साथ ही बच्चों की सुरक्षा और अधिकारी के संरक्षण पर भी जोर दिया जा रहा है। शिविर में बच्चों को नालसा की जागृति डॉन योजना की भी जानकारी दी गई। बच्चों को पॉक्सो एक्ट बाल विवाह और नशा मुक्ति पर भी कानूनी जानकारी दी गई एवं ग्राम पंचायत में आम लोगों को भी नालसा की योजना नशा मुक्ति, महिलाओं के विरुद्ध होने वाली घरेलू हिंसा, महिलाओं के अधिकारों, ग्राम न्यायालयों में लगने वाली लोक अदालत के बारे में एवं विधिक सलाह एवं सहायता के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।

### बिस्टान पुलिस ने अवैध कच्ची महुआ शराब पकड़ी

**खरगोन, निप्र।** बिस्टान पुलिस ने ग्राम सेजला फाटा ईट भट्टे के पास ग्राम बन्हेर और रुकमा बाई के घर के पास स्थित खेत से ग्राम यशवंतगड़ से बनाई जाकर , इकठ्ठा अवैध कच्ची महुआ शराब पकड़ी। बिस्टान पुलिस ने लगभग 50,000/- रुपये मुल्य का कुल 1000 लीटर महुआ लहान नष्ट किया गया । रुकमा बाई के घर के पास स्थित खेत से ग्राम यशवंतगड़ से लगभग 6000/- रूपए मुल्य की 40 लीटर कच्ची महुआ शराब, ग्राम सेजला फाटा ईट भट्टे के पास ग्राम बन्हेर से लगभग 4500/- रूपए मुल्य की कुल 30 लीटर च्ची महुआ शराब को अपनी सुपूर्दगी में लेकर बिस्टान थाने में पृथक-पृथक अपराध क्रमांक क्रमश: 148/25 धारा 34(1) आबकारी अधिनियम व 149/25 धारा 34(1) आबकारी अधिनियम का प्रकरण पंजीबद्ध किया गया।

# डॉक्टर श्यामाप्रसाद जी मुखर्जी के व्यक्तित्व को हमें अपने जीवन के कृतित्व में उतारना होगा

विनय उजाला






**बड़वानी, निप्र।** उक्त बात डॉक्टर श्यामाप्रसाद जी मुखर्जी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर आयोजित संगोष्ठी में भाजपा जिला कार्यालय सभागृह में पूर्व जिला अध्यक्ष सोहन माहेश्वरी ने बतौर मुख्य वक्ता के रूप में कही।आगे उन्होंने कहा कि डॉक्टर श्यामाप्रसाद मुखर्जी उस समय प्रधानमंत्री पंडित नेहरू की नीतियों का विरोध करते हुए कश्मीर से धारा 370 हटाने तथा देश मे एक विधान, एक निशान व एक प्रधान का नारा बुलंद किया और उस समय कश्मीर में बिना परमिट व बिना वीजा के प्रवेश कर सरकार की नीतियों का पुरजोर विरोध किया तथा उन्हें गिरफ्तार कर जेल में डाल दिया तथा 23 जून 1953 में जेल में उनकी रहस्यमय तरीके से मौत हो गई जो आज तक रहस्य बना हुआ है। इस तरह से डॉक्टर श्यामाप्रसाद मुखर्जी ने अपने जीवन के 52 वर्ष देश, समाज और पार्टी के लिए समर्पित कर दिया।

जिला मीडिया प्रभारी सुनील भावसार ने बताया कि गुरुवार को हुई संगोष्ठी से पूर्व अतिथियो ने भारत माता, पण्डित दीनदयाल उपाध्याय व डॉक्टर श्यामाप्रसाद मुखर्जी के चित्र का पूजन किया तथा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत करि।

इस अवसर पर वक्ता के रूप में भाजपा के वरिष्ठ नेता सुभाष जोशी ने कहा कि डॉक्टर श्यामाप्रसाद जी मुखर्जी ने उस समय सरकार की तुष्टिकरण की नीतियों के चलते राष्ट्रीय सरकार में रहे मंत्री पद से स्तीफा देकर जनसंघ की स्थापना कर जनसंघ के पहले राष्ट्रीय अध्यक्ष बने तथा उस समय विपरीत परिस्थियों में उन्होंने पार्टी का काम सम्भालते हुए पार्टी को आगे बढाया और आज भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बनकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में ऐतिहासिक काम कर रही है। जिला अध्यक्ष अजय यादव ने कहा कि 2 जुलाई को संगठन पर्व के चलते हमे हेमन्त खंडेलवाल के रूप में नया प्रदेश अध्यक्ष मिला। हेमन्त खण्डेलाव एक सरल व सहज स्वभाव के व्यक्ति है तथा पार्टी के एक साधारण व्यक्ति को शीर्ष पर पहुचाना भाजपा की संस्कृति व कार्यशैली है ऐसा सिर्फ भाजपा में ही सम्भव है। स्वागत भाषण जिला संयोजक भागीरथ कुशवाह ने देते हुए इस आयोजन के बारे में विस्तार से जानकारी दी व एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत पौधा रोपण करने का आवाहन किया। कार्यक्रम का संचालन राम सोनाने द्वारा किया गया व आभार जिला सहसंयोजक कैलाश जायसवाल ने व्यक्त किया। यह रहे मंचासीन--इस दौरान पूर्व कैबिनेट मंत्री प्रेमसिंह पटेल, पूर्व सांसद सुभाष पटेल, पूर्व जिला अध्यक्ष द्वय ओमप्रकाश खंडेलवाल व ओमप्रकाश सोनी, वरिष्ठ अम्रतलाल अग्रवाल, अजजा मोर्चा प्रदेश मंत्री भगवती प्रसाद शिंदे, महामन्त्री विक्रम चौहान, जिला सहसंयोजक कैलाश जायसवाल व राम सोनाने मंचासीन रहे।इस अवसर पर जिला पदाधिकारीगण, सभी मोर्चा अध्यक्ष, जनप्रतिनिधिगण, मण्डल अध्यक्ष सहित सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## आत्मनिर्भरता की ओर कदम - पलसूद में नि :शुल्क ब्यूटी पार्लर कोर्स का भव्य शुभारंभ

विनय उजाला



**पलसूद/बड़वानी, निप्र।** जिला दशोरा महिला मंडल और चाइल्ड इंडिया ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में पलसूद में निःशुल्क ब्यूटी पार्लर कोर्स का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन दशोरा समाज के जिला अध्यक्ष श्री सुनील गुप्ता, पूर्व जिला अध्यक्ष श्री विजय सिंह मंडलोई, प्रवाह संस्था की राज्य समन्वयक सुश्री हर्षा सिंघी, और नगर परिषद की पार्षद सुश्री ललिता महाकाल द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन जिला दशोरा समाज की महिला मंडल की अध्यक्ष एवं चाइल्ड इंडिया ट्रस्ट की फाउंडर मेंबर श्रीमती चेतना गुप्ता ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ शारदा के चित्र पर अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन और माल्यार्पण के साथ हुआ। तत्पश्चात अतिथियों का परिचय और उद्बोधन हुआ। अपने उद्बोधन में जिला अध्यक्ष श्री सुनील गुप्ता ने कहा कि यह एक अभिनव पहल है, जिससे समाज की बालिकाओं और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने का सुनहरा अवसर प्राप्त होगा। यह प्रशिक्षण न केवल उनके लिए आर्थिक सहायता का साधन बनेगा, बल्कि समाज की बालिकाओं को हुनरमंद भी बनाएगा। प्रवाह संस्था की सुश्री हर्षा सिंघी ने कहा कि यह प्रशिक्षण कार्यक्रम बालिकाओं को नई ऊर्जा प्रदान करेगा और रोजगार के अनेक अवसर सृजित करेगा। उन्होंने बताया कि वर्तमान में सामाजिक और अन्य आयोजनों में ब्यूटी पार्लर के प्रति महिलाओं का रुझान बढ़ा है, जिससे यह एक बेहतरीन रोजगार का माध्यम बन सकता है। नगर परिषद की पार्षद सुश्री ललिता महाकाल ने अपने उदाहरण के माध्यम से बताया कि महिलाओं की शिक्षा उन्हें आत्मनिर्भर और आत्मविश्वास से भरपूर बनाती है। इस दृष्टिकोण से यह प्रशिक्षण कार्यक्रम अत्यंत महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम में जिला दशोरा समाज की मंड़ल की अध्यक्ष औंर चाईल्ड़ इंड़िया ट्रस्ट की फाउंडर मेंम्बर श्रीमति चेतना गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष श्री ललित गुप्ता, जिला महामंत्री श्री संजय मंडलोई, पलसूद मंडल अध्यक्ष श्री हेमंत गुप्ता, महिला संगठन की जिला महामंत्री श्रीमती पूजा गुप्ता, जिला मंत्री श्रीमती सीमा गुप्ता, चाइल्ड इंडिया ट्रस्ट की फाउंडर मेंबर एवं समाज की जिला सहमंत्री श्रीमती अमृता मोदी, जिला कोषाध्यक्ष श्रीमती अंजली गुप्ता, जिला परामर्शदाता श्रीमती विजया गुप्ता, श्रीमती ललिता महाकाल, प्रशिक्षण प्राप्त करने वाली बालिकाएँ और महिलाएँ उपस्थित थीं।

## महिलाओं को मछलियों पालन से रोजगार मिला



विनय उजाला

**खरगोन, निप्र।** जिले की महिलाओं ने अपने गांव के तालाबों को आजीविका का नया जरिया बना लिया है। सेल्फ हेल्प ग्रुप (एसएचजी) की सदस्य महिलाओं को आजीविका मिशन के तहत मछली पालन का अवसर मिला है। मनरेगा योजना के अंतर्गत तैयार अमृत सरोवर योजना के तालाबों को एसएचजी समूह की महिलाओं को सौंपा गया है। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी आकाश सिंह द्वारा विकासखण्ड बड़वाह के हरिओम एसएचजी और पार्वती एसएचजी की महिलाओं को मछली पालन के लिए पट्टा वितरित किया गया। अब ये महिलाएं तालाबों की देखभाल कर रही हैं और मछली पालन में सक्रिय रूप से जुटी हैं। जिला परियोजना अधिकारी ने बताया कि मछली पालन से महिलाओं की आर्थिक स्थिति में उल्लेखनीय सुधार हुआ है और महिलाएं भी इस कार्य में रुचि ले रही हैं।

## सामाजिक चिंतन मंच परिवार द्वारा बड़वानी में डॉक्टर सम्मान समारोह का भव्य आयोजन



विनय उजाला

**बड़वानी, निप्र।** सामाजिक चिंतन मंच परिवार द्वारा बड़वानी जिले के साखी रिसोर्ट में डॉक्टर सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया।इस कार्यक्रम में जिले के कर्तव्यनिष्ठ और समर्पित चिकित्सकों को उनके उत्कृष्ट सेवाभाव के लिए सम्मानित किया गया। इस समारोह का उद्देश्य डॉक्टरों द्वारा समाज और देश हित में दिए गए अतुलनीय योगदान,विशेषकर कोरोना महामारी के समय उनके साहस और सेवा को नमन करना था।मंच के सदस्यों ने बताया कि कैसे डॉक्टरों ने महामारी के कठिन समय में अपनी जान की परवाह किए बिना जनसेवा की और असंख्य जीवन बचाए।कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉक्टर मदन सोलंकी जी द्वारा की गई। समारोह में सभी डॉक्टरों को स्मृति-चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।बड़वानी जिले के सभी चिकित्सकों को आमंत्रित किया गया था, और उनके द्वारा अपने व्यस्त समय में से अमूल्य समय निकालकर दी गई उपस्थिति ने इस आयोजन को और भी गरिमामयी बना दिया। इस अवसर पर कई वरिष्ठ डॉक्टरों ने अपने अनुभव साझा किए और समाज के प्रति अपने कर्तव्यों को दोहराते हुए स्वास्थ्य सेवाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के प्रयासों की जानकारी दी।सामाजिक चिंतन मंच परिवार द्वारा आयोजित यह सम्मान समारोह डॉक्टरों के योगदान के प्रति समाज की कृतज्ञता प्रकट करने और उनकी सेवाओं को स्मरणीय बनाने की एक सराहनीय पहल रही। सम्मान समारोह में डॉक्टर प्रकाश यादव ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि सामाजिक चिंतन मंच ने निरंतर विकास की और बढ़ना चाहिए। डॉक्टर यशवंत कुमार ने कहा कि विषम परिस्तिथियों में डॉक्टर की सुरक्षा का प्रबंध होना चाहिए।डॉक्टर का सम्मान किया गया इसमें डॉक्टर सुरेखा जमरे मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, डॉ अनीता सिंगरे सिविल सर्जन बड़वानी, डॉ प्रकाश यादव साहब वरिष्ठ चिकित्सक, डॉ राजेंद्र मालवीया साहब, डॉ यशवंत कुमार,डॉ जोसेफ सुलिया, डॉ जे सी मालवीय, डॉ के सी मंडलोई,डॉ प्रकाश बरफा, डॉ अवधेश स्वर्णकार, डॉ लक्ष्मण आवासीया,डॉ राकेश डावर,डॉ आमिचन चौहान, डॉ जे पी नागौर,डॉ संदीप गुप्ता,डॉ राकेश पाटीदार डॉ राहुल पाटीदार, डॉ सुशीला चौहान,डॉ प्रतिभा अवस्या,डॉ वंदना मंडलोई, डॉ राजू खरते,डॉ प्रांकुर शुक्ला डॉ प्रवीण खांडेकर , डॉक्टर गजेंद्र सिंह सोलंकी,डॉ रवि सांवले डॉ तपन पाटीदार एल एस ठाकुर ,डॉ नितिन रावत डॉ रचना रावत डॉ अनिल चौहान डॉ अविनाश बरफा एवं अन्य डॉक्टर का मंच पर सम्मान किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारतीय वन सेवा के डिस्ट्रिक्ट फारेस्ट ऑफिसर श्री अशीष बनसोड़उपस्थित रहे। साथ ही बड़वानी के प्रमुख गणमान्य नागरिकों ने कार्यक्रम में शिरकत की।

## ज्योति कलश रथ की सामूहिक आरती, सकल हिंदू पंच समाज हुए उपस्थित



विनय उजाला

**बड़वानी, निप्र।** गायत्री शक्ति पीठ पर अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज से निकली ज्योति कलश रथ यात्रा बड़वानी पहुंची। सामाजिक प्रतिबद्धता एवं सांस्कृतिक जागरूकता के प्रति उत्साहित होकर सर्व समाज के भाई,बहनों ने उपस्थित प्रदान की। आध्यात्मिक विचार की प्रेरणाओं से ओत प्रोत सामूहिक महाआरती में समाज प्रमुख,सामाजिक संस्थाओं और गणमान्य नागरिकों ने गायत्री कलश पूजन में भागीदारी कर के गुरुदेव,वन्दनीया माताजी की सूक्ष्म उपस्थिति में दिव्य ऊर्जा से ओत प्रोत अखंड दीपक के दर्शन का लाभ लेकर धन्य हुए। ज्योति कलश यात्रा समापन पूर्व प्रातः 9 बजे गायत्री शक्ति पीठ में पहुंची वहा पर उपस्थित जन समुदाय को युग निर्माण का सद संकल्प पाठ के ब्रोसर वितरित किए। 51 जोड़ो और उपस्थित सैकडो परिजनों से संजय सावनेर,सुश्री रेखा पुरोहित ने वैदिक मंत्रोचार से पवित्रीकरण करा कर पूजन कराया। शक्ति पीठ ट्रस्ट मंडल द्वारा देव स्थापना चित्र का वितरण किया गया। महिला मंडल जिला प्रभारी ममता तोमर ने ज्योति कलश,जन्म शताब्दी में महिलाओं की भूमिका को समझाया। इस अवसर पर जिला समन्वयक महेंद्र भावसार ने यात्रा का उद्येष और जिले में यात्रा संचालन की उपलब्धि पर प्रकाश डाला और शांतिकुंज की ओर से सबके मंगलमय जीवन की प्रार्थना की। युग निर्माण की मशाल को उपस्थित परिजनों के बीच युवा जोड़े ने प्रज्वलित की। धधकती मशाल की लो में युग निर्माण योजना सफल हो नारे से परिसर गूंज गया। आयोजन में ट्रस्ट मंडल से महेंद्र तोमर, डा रमेश पवार,कमल गनवानी युवा प्रकोष्ठ समन्वयक लखन विश्वकर्मा ,मंशाराम भाई, डा राजेश पाटीदार ,सीताराम जी,कन्हैयालाल जी , जीवा बाबा, सुरेखा पाटीदार,माया मंडलोई,सिमी दुबे, अनीता राठौड़,सुनीता प्रजापति,योगिता पवार तुलसी यादव,सीमा दांगी,पूनम पंडित और महिला मंडल गायत्री परिजन उपस्थित थे। आभार प्रदर्शन ट्रस्ट मंडल के सुनील पुरोहित द्वारा किया गया।

## शासकीय महाविद्यालय खरगोन में प्रवेश उत्सव का द्वितीय दिवस संपन्न

**खरगोन, निप्र।** शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय खरगोन में आयोजित प्रवेश उत्सव के द्वितीय दिवस पर नवप्रवेशित विद्यार्थियों को महाविद्यालय की विविध योजनाओं, सुविधाओं और नीतियों की जानकारी प्रदान की गई। यह कार्यक्रम प्राचार्य डॉ. जी.एस. चौहान के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में प्रो. एस.आर. डावर ने बस सुविधा से संबंधित जानकारी देते हुए दूरस्थ क्षेत्रों से आने वाले विद्यार्थियों की सुविधा सुनिश्चित करने पर बल दिया। इसके पश्चात प्रो. ललित भटानिया ने नई शिक्षा नीति 2020 की मुख्य विशेषताओं पर प्रकाश डालते हुए इसे विद्यार्थियों के लिए भविष्य निर्माण की दिशा में सहायक बताया। प्रो. भूरसिंह सोलंकी और प्रो संध्या बटवे ने छात्रवृत्ति योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी, जिससे आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों को सहायता मिल सके। इसी क्रम में प्रो. सीएल निगवाल ने विद्या वन के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण में छात्र सहभागिता को प्रोत्साहित किया। वहीं प्रो. गगन पाटीदार ने युवा संसाधन प्रकोष्ठ की गतिविधियों पर चर्चा करते हुए विद्यार्थियों को व्यक्तित्व विकास, करियर मार्गदर्शन एवं स्वावलंबन से जोड़ने का आह्वान किया।

## लगन, अनुशासन और सतत प्रयास से तय होते हैं ऊंचे मुकाम : प्राचार्य डॉ. जीएस चौहान

विनय उजाला

**खरगोन, निप्र। प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस खरगोन में आयोजित प्रवेश उत्सव 2025 का समापन समारोह उत्साह, मार्गदर्शन और प्रेरणा से परिपूर्ण रहा। इस अवसर पर नवप्रवेशित विद्यार्थियों को महाविद्यालय की अकादमिक, सह-पाठ्यक्रम एवं प्रशासनिक गतिविधियों से परिचित कराया गया।**

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्राचार्य डॉ. जी.एस. चौहान ने विद्यार्थियों को लगन, निरंतरता और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया। उन्होंने जीवन के अनुभवों के माध्यम से यह बताया कि परिश्रम और अनुशासन से हर लक्ष्य संभव है। क्रीड़ा अधिकारी डॉ. गगन चौधरी ने विद्यार्थियों को खेल सुविधाओं से परिचित कराते हुए बताया कि महाविद्यालय में इंडोर और आउटडोर दोनों तरह की खेल गतिविधियों की समृद्ध व्यवस्था है। उन्होंने खेलों के अनुशासन, स्वास्थ्य लाभ और करियर निर्माण में योगदान पर प्रकाश डाला। डॉ. सुनैना चौहान ने सांस्कृतिक एवं साहित्यिक गतिविधियों की जानकारी देते हुए बताया कि छात्र रंगमंच, नृत्य, संगीत और लेखन जैसे क्षेत्रों में भी जिला एवं राज्य स्तर तक पहुँच बना सकते हैं।



डॉ. रंजीता पाटीदार ने एनसीसी की भूमिका बताते हुए छात्राओं को इस इकाई से जुड़ने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि एनसीसी से मिलने वाला प्रशिक्षण न केवल देशसेवा की दिशा में मार्ग खोलता है, बल्कि नेतृत्व, अनुशासन और आत्मबल में भी वृद्धि करता है। प्रो. संतोष कुमार राठौड़ ने सूचना के अधिकार अधिनियम की जानकारी देते हुए विद्यार्थियों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया। ग्रंथपाल श्री गोविंद यादव ने ग्रंथालय में उपलब्ध संसाधनों, पुस्तकों, पत्रिकाओं एवं ई-कंटेंट के उपयोग के बारे में बताया, जिससे विद्यार्थियों को अध्ययन एवं शोध में सहूलियत मिल सके। प्रो. दिनेश चौधरी ने भी विद्यार्थियों को जीवन में सकारात्मक सोच, आत्मविश्वास और लक्ष्य के प्रति प्रतिबद्धता बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। विद्यार्थियों को विज्ञान प्रयोगशालाओं, भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ, युवा संसाधन प्रकोष्ठ, इंडोर ऑडिटोरियम, खेल मैदान, ओपन जिम, भारत माता सभागार तथा प्राचार्य कक्ष का भी भ्रमण कराया गया। इस समापन दिवस ने विद्यार्थियों के मन में आत्मविश्वास और सकारात्मक सोच को मजबूती दी। साथ ही उन्हें महाविद्यालय जीवन के विविध आयामों से रूबरू कराया।

## संक्षिप्त समाचार

### गाडर चराने वालों के मवेशियों ने मक्का की फसल को पहुंचाया नुकसान, आवेदक ने एसडीएम को बताई पीडा



**हरसूद, निप्र।** ग्राम नंदगांव निवासी एक किसान ने गुरूवार दोपहर नया हरसूद में एसडीएम कार्यालय पहुंचकर गाडर वालों के मवेशियों द्वारा मक्का की फसल को नुकसान पहुंचाने की शिकायत की। गुरूवार दोपहर 1 बजे के लगभग ग्राम नंदगांव निवासी श्रीराम यादव ने हरसूद एसडीएम पुरूषोत्तम कुमार को एक आवदेन सौंपकर अपनी पीडा बताई। श्रीराम यादव ने बताया कि गाडर चराने वालों द्वारा मेरे खेत में दिन एवं रात में भेड-बकरियों एवं बैलों को चरने के लिए छोड दिया जाता है। जिससे मेरे खेत में मक्का की फसल को काफी नुकसान हुआ है। अब मुझे डबल से बोवनी करनी पडेगी। श्रीराम यादव ने हरसूद एसडीएम से गाडर चराने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने तथा फसल नुकसानी का हर्जाना दिलाए जाने की मांग की है।

### गुरूवार दोपहर शासकीय महाविद्यालय हरसूद में तीन दिवसीय दीक्षारंभ कार्यक्रम का हुआ समापन



**हरसूद, निप्र।** शासकीय महाविद्यालय हरसूद में 1 जुलाई से चल रहे दीक्षारंभ कार्यक्रम का समापन गुरूवार दोपहर हुआ। गुरूवार को कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ जयेश वैष्णव द्वारा की गई तथा मुख्यं अतिथि के रूप में जनभागीदारी अध्यक्ष अश्विनी शर्मा मौजूद थे। कार्यक्रम के दौरान गुरूवार दोपहर 2 बजे के लगभग जनभागीदारी समिति अध्यक्ष अश्विनी शर्मा ने संबोधित करते हुए महाविद्यालय विजन के बारे में बताया। साथ ही विद्यार्थियों को पढाई में आने वाली विभिन्न समस्यओं के निदान के बारे में बताया। कार्यक्रम प्रभारी डॉ. हीरा सिंह जामोद ने शासन द्वारा प्रदान की जाने वाली विभिन्न छात्रवृत्तियों के बारे में विद्यार्थियों को जानकारी दी। इस अवसर पर प्रो. आरिफ पिंजारी, डॉ. संतोष भालसे, डॉ. शशिबाला, प्रो. क्षितिज कुशवाह, प्रो. ब्रिजेश सरेयाम, ग्रंथपाल श्रीमती अफशान खान एवं प्रोफेसर हरिशंकर द्वारा भी तीन दिवसीय दीक्षारंभ कार्यक्रम के दौरान अपने विचार रखे गए।

### पौधे लगाए करे मिट्टी संरक्षण ठाकुर, मप्र जन अभियान परिषद का आह्वान

**कसरावद, निप्र।** बरसात में नदी नालों में बाढ़ के कारण किनारे की मिट्टी बहकर चली जाती है। अगर पेड़ पौधे लगे हो तो मिट्टी को रोक लेते है। इसलिए हमें ऐसे स्थानों पर पौधे लगाना चाहिए। जिससे पर्यावरण संरक्षण एवं मिट्टी का संरक्षण हो। उक्त बात शासकीय महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ राकेश ठाकुर ने में मप्र जन अभियान परिषद द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान एवं सीएमसीएलडीपी पाठ्यक्रम के सत्र के समापन पर कॉलेज परिसर में आयोजित कार्यकम में बतौर मुख्य अतिथि कही। कार्यकम में जन अभियान परिषद के ब्लॉक समन्वयक कालू सिंह मंडलोई ने कहा कि सीएमसीएलडीपी पाठ्यक्रम के इस वर्ष के सत्र के समापन के साथ ही नवीन सत्र के लिए प्रवेश प्रकिया भी शुरू हो चुकी हैं। इच्छुक विद्यार्थी प्रवेश हेतु संपर्क कर प्रवेश ले सकते है। नवांकुर संस्था के सुधीर सराफ ने कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान का समापन यह केवल 90 दिन चले अभियान का समापन है। लेकिन यह निरंतर चलने वाला कार्यकम है। हमें जन संरक्षण एवं संवर्धन कार्यकम करते रहना है। कार्यकम के पश्चात एक पौधा मां के नाम अभियान के तहत महाविद्यालय परिसर में फलदार एवं छायादार पौधे लगाए गए।

### हथकरघा एक दिवसीय कार्यशाला संपन्न

**कसरावद, निप्र।** राष्ट्रीय हथकरघा विकास निगम लिमिटेड ने हथकरघा क्लस्टर के सहयोग से एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन कसरावद आर्ट क्लस्टर में किया।कार्यशाला में दिल्ली पब्लिक इंटरनेशनल स्कूल धामनोद और प्रियदर्शनी हाई सेकेंडरी स्कूल के बच्चो ने भाग लिया। यहां बच्चो ने हथकरघा वस्त्रो की बुनाई, रंगाई, छपाई करके अनुभव प्राप्त किया तथा हथकरघा वस्त्र कैसे तैयार किए जाते है समझा।बच्चे इस अनुभव को देखकर काफी खुश दिखे। यहां उन्हें विस्तार से समझाया गया। कार्यक्रम में विशेष रूप से एनएचडीसी के प्रबंध निदेशक कमांडर रंजीव अशोक (सेवानिवृत्त) ने बच्चो से सवांद किया और अपने जीवन के अनुभवो को बच्चो के साथ साझा किया तथा उन्हें प्रेरित किया।


:: जाहिर सूचना ::

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक **श्री जितेन्द्र पिता जयदीप शुक्ला** के द्वारा झोन 22 राजस्व विभाग पर आवेदन प्रस्तुत कर मकान/भूखंड नंबर **767, इन्फोसिटी** पिन नं. **1004330392** संपत्ति का नामांतरण चाहा गया है। यह जाहिर सूचना प्रकाशन के दिनांक से सात दिवस की अवधि तय किया है। व्यक्ति बैंक संस्था अन्य को उक्त संपत्ति पर आपत्ति हो तो झोन-22 राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। अवधि पश्चात बिना प्रमाण पत्र प्रस्तुत आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।

सहायक राजस्व अधिकारी
झोन क्रमांक-22
नगर पालिका निगम इंदौर

:: जाहिर सूचना ::

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भवन स्वामी द्वारा संपत्ति कर में विक्रय पत्र के आधार पर नामांतरण आवेदन प्रस्तुत किया गया है आवेदक **श्री प्रहलाद भाटी पिता स्व. श्री रामचन्द्र भाटी,** पता 108, **जय भवानी नगर (वारिश नाते),** पिन **1001233473,** झोन क्रं. 20 विक्रय पत्र अनुसार इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 07 दिवस की समयावधि के अंतर्गत किसी भी वित्त संस्था, बैंक, निकाय, व्यक्ति को आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 20 के सहायक राजस्व अधिकारी के संमुख उपस्थित होकर मय दस्तावेज के अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

झोनल अधिकारी व सहायक राजस्व अधिकारी, झोन क्रमांक 20
नगर पालिका निगम इंदौर

:: जाहिर सूचना ::

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भवन स्वामी द्वारा संपत्ति कर में विक्रय पत्र के आधार पर नामांतरण आवेदन प्रस्तुत किया गया है आवेदक **श्रीमती दीपिका पति श्री प्रवीण बाजपेयी, प्रवीण बाजपेयी पिता स्व. श्री सद्गुरू शरण** पता 119, **अंजनी नगर (वारिश नाते),** पिन **1000829988,** झोन क्रं. 20 विक्रय पत्र अनुसार इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 07 दिवस की समयावधि के अंतर्गत किसी भी वित्त संस्था, बैंक, निकाय, व्यक्ति को आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 20 के सहायक राजस्व अधिकारी के संमुख उपस्थित होकर मय दस्तावेज के अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

झोनल अधिकारी व सहायक राजस्व अधिकारी, झोन क्रमांक 20
नगर पालिका निगम इंदौर


# नावड़ाटौड़ी नर्मदा घाट अंधेरे मे डूबा पसरा अंधेरा, श्रद्धालुओं की बढ़ी परेशानी

## यहाँ तीज त्योहार धार्मिक पर्व पर पहुचते है श्रद्धालु फिर भी न रोशनी, न सुरक्षा के इंतजाम

महेश चौहान

**कसरावद। नावड़ाटौड़ी नर्मदा घाट इन दिनों अंधेरे में डूबा हुआ है। श्रद्धालुओं की आस्था का यह प्रमुख केंद्र, जहां वर्षभर विशेष पर्व, तीज-त्योहारों पर हजारों की संख्या में श्रद्धालु स्नान और पूजा के लिए पहुंचते हैं, यहां पिछले कई महीनों से रोशनी और सुरक्षा की कोई व्यवस्था नहीं है। जबकि बारिश का दौर जारी है उसके बाद भी बिजली व्यवस्था को लेकर कोई ध्यान नहीं दे रहे।**

यहां आने वाले श्रद्धालुओं मे बुजुर्गो सहित खासकर महिला श्रद्धालुओं को, रात के अंधेरे में ही नर्मदा में स्नान करने के लिए मजबूर होना पड़ता है। घाट पर न तो स्ट्रीट लाइट्स हैं और न ही कोई स्थायी सुरक्षा की व्यवस्था।

धार्मिक पर्व के दौरान महिलाएं एवं श्रद्धालु घाट पर ही रात्रि विश्राम भी करते हैं।

स्थानीय लोगों का कहना है कि संबंधित पंचायत और प्रशासन को इस समस्या की जानकारी होने के बावजूद अब तक कोई व्यवस्था नहीं की गई। अंधेरे का फायदा उठाकर किसी अवांछनीय घटना की आशंका भी बनी रहती है, जिससे महिलाओं में असुरक्षा का भाव गहराता जा रहा है।

ग्रामीण शंकर केवट, करण सिंह पटेल, श्याम केवट ने कहा यहाँ हर पर्व पर भारी भीड़ रहती है। महिलाएं अंधेरे में स्नान करती हैं, जिससे कभी भी कोई घटना हो सकती है। प्रशासन द्वारा यहाँ सोलर लाइट और सुरक्षा की व्यवस्था होनी चाहिए।

श्रद्धालुओं और ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि घाट पर सोलर लाइट्स, सीसीटीवी कैमरे और सुरक्षा गार्ड की व्यवस्था की जाए, ताकि श्रद्धालु सुरक्षित और व्यवस्थित माहौल में मां नर्मदा की पूजा अर्चना कर सकें।

गौरतलब है कि नावड़ाटौड़ी घाट क्षेत्र धार्मिक पर्यटन की दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है, ऐसे में बुनियादी सुविधाओं का अभाव न केवल श्रद्धालुओं की आस्था को ठेस पहुंचा रहा है, बल्कि प्रशासन की संवेदनशीलता पर भी सवाल उठा रहा हैं।




**पश्चिम रेलवे-अहमदाबाद**

**11 केवी एचटी और एलटी ट्रैक क्रॉसिंग और विद्युतीकरण और यांत्रिक सुविधाओं का परिवर्तन**

**विद्युत विभाग (निर्माण); ई-निविदा सूचना सं. - EL/C/ADI/GS/290/2025-26; (1) कार्य का नाम तथा स्थान:** गेरतपुर-साणंद के बीच 4 थी लाइन के संबंध में यांत्रिक सुविधाओं और पंप सेट का प्रावधान, S&T संरचना / TRD अन्य सेवा भवनों / स्टाफ क्वार्टरों, प्लेटफार्मों, कवर शेडों का विद्युतीकरण और 11KV HT और LT ट्रैक क्रॉसिंग का परिवर्तन। (38.20 कि.मी.) (अहमदाबाद बायपास); **(2) कार्य की अनुमानित लागत:** ₹ 5,04,36,766/-; **(3) जमा की जाने वाली बयाना राशि:** आईआरईपीएस पोर्टल पर निर्दिष्ट; **(4) बोली प्रस्तुत करने तथा खोलने की तिथि व समय:** आईआरईपीएस पोर्टल पर निर्दिष्ट; **(5) निविदा शुल्क:** आईआरईपीएस पोर्टल पर निर्दिष्ट; **(6) कार्य पूर्ण करने की अवधि:** 24 माह; **(7) वेबसाइट का विवरण तथा नोटिस बोर्ड जहां निविदा का विवरण देखा जा सकता है तथा कार्यालय का पता:** www.ireps.gov.in नोटिस बोर्ड तथा कार्यालय उप मुख्य विद्युत इंजीनियर (निर्माण), पश्चिम रेलवे, निर्माण भवन-असारवा, अहमदाबाद (गुजरात-382345) CPM – 020

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

**पश्चिम रेलवे**

सामग्री प्रबंधन विभाग

विभिन्न सामग्रियों की आपूर्ति

ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना क्रमांक एस/41/2025, दिनांक : 30.06.2025

| स.क्रं. | वस्तुओं का संक्षिप्त विवरण | मात्रा | टी.ओ.डी. |
|---|---|---|---|
| 342 | सस्पेंशन स्प्रिंग्स (हेलिकल) का सेट | 50 Set | 21-Jul-25 |
| 343 | सिनर्जिक पल्स वेल्डिंग प्लांट, इन्वर्टर आधारित, एयर-कूल्ड टॉर्च, क्षमता-400ए | 36 Nos | 25-Jul-25 |
| 344 | रूफ माउंटेड एसी पैकेज यूनिट (आरएमपीयू)। | 16 Set | 26-Jul-25 |
| 345 | सिग्नलिंग केबल का आकार 6 कोर X1.5 SQ.MM | 498 KM | 28-Jul-25 |
| 346 | रबर बफर स्प्रिंग का सेट (04 नंबर/सेट से मिलकर) | 1637 Set | 28-Jul-25 |
| 347 | वर्टिकल टेक ऑफ केबल हेड टर्मिनल | 48 Nos | 30-Jul-25 |
| 348 | संशोधित फ्लैप डोर व्यवस्था | 2883 Nos | 11-Aug-25 |

विस्तृत सूचना ईएमडी, खरीद प्रतिबंध और विस्तृत निविदा शर्तों के संबंध में, कृपया वेबसाईट www.ireps.gov.in और indianrailways.gov.in पर जाएं। 0349

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly हमें फॉलो करें: twitter.com/WesternRly

**पश्चिम रेलवे-भावनगर मंडल**

**लिफ्ट वेल के प्रावधान के साथ 6 मीटर चौड़े एफओबी का निर्माण, विभिन्न कॉलोनियों के क्वार्टरों में सुधार, टाइप-II क्वार्टर प्रदान करना**

**सं.डब्लू/118/एनआईटी/ई-निविदा/2025-26/डब्ल्यूए/17 दिनांक 02/07/2025. निविदा सं. 111-2025-26 से 113-2025-26.** मंडल रेल प्रबंधक (कार्य), पश्चिम रेलवे, भावनगर परा निम्नलिखित कार्यों के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित करता है: निविदा विवरण निम्नानुसार हैं:-

| अ. क्र. | ई-निविदा क्र. | कार्य का नाम | निविदा मूल्य (₹) | ईएमडी (₹) |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 111-2025-26 | भावनगर टर्मिनस के संबंध में लिफ्ट वेल के प्रावधान के साथ 6 मीटर चौड़े एफओबी का निर्माण: स्टेशन का पुनर्विकास। | 13,61,34,417.66 | 8,30,700.00 |
| 02 | 112-2025-26 | एडीईएन भावनगर क्षेत्राधिकार विभिन्न कॉलोनियों के क्वार्टरों (34 संख्या) में सुधार। | 1,56,69,293.82 | 2,28,400.00 |
| 03 | 113-2025-26 | ढसा - महुवा अनुभाग - प्रतिस्थापन खाते पर 10 यूनिट टाइप-II क्वार्टर उपलब्ध कराना। | 2,70,58,404.13 | 2,85,300.00 |

**उपरोक्त सभी निविदाओं के लिए: बोली आरंभ तिथि: 10/07/2025. बोली समाप्ति तिथि: 24/07/2025. अधिक जानकारी के लिए कृपया www.ireps.gov.in पर लॉग इन करें** 069

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly • हमें फोलो करें: x.com/WesternRly

**पश्चिम रेलवे - वडोदरा मंडल**

**"कैटरिंग, मल्टी पर्पज स्टॉल और जल वेंडिंग मशीन" अनुबंध के लिए ई-नीलामी**

**"कैटरिंग, मल्टी पर्पज स्टॉल और जल वेंडिंग मशीन"** अनुबंध के लिए ई-नीलामी **23.07.2025** को आयोजित होगी। ई-नीलामी **23.07.2025** को **10:00** बजे शुरू होगी। कैटलॉग **www.ireps.gov.in** वेबसाइट पर पहले ही प्रकाशित किया जा चुका है। विवरण निम्नानुसार प्रस्तुत किया गया है:

| कैटलॉग नं | अनुबंध का प्रकार | अनुबंध की अवधि |
|---|---|---|
| CTG-MPS-WVM-202 | कैटरिंग | 05 वर्ष |

लॉट नं.

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | Catg-BRC-KIM-GMU-3-22-1 (कैटरिंग-जनरल माइनर यूनिट (जीएमयू)) | 13 | Catg-BRC-GTE-GMU-47-25-1 (कैटरिंग-जनरल माइनर यूनिट (जीएमयू)) |
| 2 | Catg-BRC-URN-GMU-40-25-1 (कैटरिंग-जनरल माइनर यूनिट (जीएमयू)) | 14 | Catg-BRC-KANJ-GMU-50-25-1 (कैटरिंग-जनरल माइनर यूनिट (जीएमयू)) |
| 3 | Catg-BRC-CBY-GMU-24-22-1 (कैटरिंग-जनरल माइनर यूनिट (जीएमयू)) | 15 | Catg-BRC-ITA-GMU-11-22-1 (कैटरिंग-जनरल माइनर यूनिट (जीएमयू)) |
| 4 | Catg-BRC-PLJ-GMU-37-25-1 (कैटरिंग-जनरल माइनर यूनिट (जीएमयू)) | 16 | Catg-BRC-PAO-GMU-41-25-1 (कैटरिंग-जनरल माइनर यूनिट (जीएमयू)) |
| 5 | Catg-BRC-KSB-GMU-39-25-1 (कैटरिंग-जनरल माइनर यूनिट (जीएमयू)) | 17 | Catg-BRC-NEP-GMU-49-25-1 (कैटरिंग-जनरल माइनर यूनिट (जीएमयू)) |
| 6 | Catg-BRC-DRL-GMU-44-25-1 (कैटरिंग-जनरल माइनर यूनिट (जीएमयू)) | 18 | Catg-BRC-VS-GMU-13-22-1 (कैटरिंग-जनरल माइनर यूनिट (जीएमयू)) |
| 7 | Catg-BRC-ARPR-GMU-45-25-1 (कैटरिंग-जनरल माइनर यूनिट (जीएमयू)) | 19 | Catg-BRC-KSE-GMU-42-25-1 (कैटरिंग-जनरल माइनर यूनिट (जीएमयू)) |
| 8 | Catg-BRC-NDR-GMU-17-22-1 (कैटरिंग-जनरल माइनर यूनिट (जीएमयू)) | 20 | Catg-BRC-UMH-GMU-43-25-1 (कैटरिंग-जनरल माइनर यूनिट (जीएमयू)) |
| 9 | Catg-BRC-BDE-GMU-27-22-1 (कैटरिंग-जनरल माइनर यूनिट (जीएमयू)) | 21 | Catg-BRC-PTD-GMU-23-22-1 (कैटरिंग-जनरल माइनर यूनिट (जीएमयू)) |
| 10 | Catg-BRC-PAVI-GMU-46-25-1 (कैटरिंग-जनरल माइनर यूनिट (जीएमयू)) | 22 | Catg-BRC-CTD-GMU-29-22-1 (कैटरिंग-जनरल माइनर यूनिट (जीएमयू)) |
| 11 | Catg-BRC-VS-GMU-12-22-1 (कैटरिंग-जनरल माइनर यूनिट (जीएमयू)) | 23 | Catg-BRC-GER-GMU-22-22-1 (कैटरिंग-जनरल माइनर यूनिट (जीएमयू)) |
| 12 | Catg-BRC-NIU-GMU-38-25-1 (कैटरिंग-जनरल माइनर यूनिट (जीएमयू)) | | |

| कैटलॉग नं | अनुबंध का प्रकार | अनुबंध की अवधि |
|---|---|---|
| CTG-MPS-WVM-202 | वॉटर वेन्डींग मशिन | 05 वर्ष |

लॉट नं.

| | | | |
|---|---|---|---|
| 24 | MSS-BRC-CYI-WVM-28-25-1 (विविध-स्थिर-सेवाएँ - जल वेंडिंग मशीनें) | 30 | MSS-BRC-KSB-WVM-31-25-1 (विविध-स्थिर-सेवाएँ - जल वेंडिंग मशीनें) |
| 25 | MSS-BRC-KIM-WVM-30-25-1 (विविध-स्थिर-सेवाएँ - जल वेंडिंग मशीनें) | 31 | MSS-BRC-MYG-WVM-33-25-1 (विविध-स्थिर-सेवाएँ - जल वेंडिंग मशीनें) |
| 26 | MSS-BRC-ANND-WVM-36-25-1 (विविध-स्थिर-सेवाएँ - जल वेंडिंग मशीनें) | 32 | MSS-BRC-AKV-WVM-35-25-1 (विविध-स्थिर-सेवाएँ - जल वेंडिंग मशीनें) |
| 27 | MSS-BRC-PTD-WVM-29-25-1 (विविध-स्थिर-सेवाएँ - जल वेंडिंग मशीनें) | 33 | MSS-BRC-BH-WVM-37-25-1 (विविध-स्थिर-सेवाएँ - जल वेंडिंग मशीनें) |
| 28 | MSS-BRC-DB-WVM-32-25-1 (विविध-स्थिर-सेवाएँ - जल वेंडिंग मशीनें) | 34 | MSS-BRC-GDA-WVM-38-25-1 (विविध-स्थिर-सेवाएँ - जल वेंडिंग मशीनें) |
| 29 | MSS-BRC-ND-WVM-39-25-2 (विविध-स्थिर-सेवाएँ - जल वेंडिंग मशीनें) | 35 | MSS-BRC-EKNR-WVM-47-25-1 (विविध-स्थिर-सेवाएँ - जल वेंडिंग मशीनें) |

| कैटलॉग नं | अनुबंध का प्रकार | अनुबंध की अवधि |
|---|---|---|
| CTG-MPS-WVM-202 | मल्टी पर्पज स्टॉल | 05 वर्ष |

| | |
|---|---|
| 36 | MPS-BRC-EKNR-MPS-3-24-1 (एमपीएस-मल्टीपर्पज स्टॉलस) |

मंडल रेलवे प्रबंधक कार्यालय, वाणिज्यिक शाखा, प्रतापनगर, वडोदरा- 390004

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly • हमें फोलो करें: x.com/WesternRly 092

**कार्यालय नगर परिषद जोबट जिला आलीराजपुर म.प्र.**

E-mail cmojobat@mpurban.gov.in 07393-288226.288364

क्रमांक/राजस्व नामा/3940/2025 जोबट दिनांक: 01/07/2025

**नामांतरण विज्ञप्ति**

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि कार्यालय में निम्नांकित व्यक्तियों द्वारा अपने अपने भवन/भूमि के (रेकार्ड दुरुस्ती) नागातंरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किए हैं। इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो इस विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 30 दिवस के अंदर तक अपनी आपत्ति मय ठोस प्रमाण के इस कार्यालय मे प्रस्तुत कर सकते हैं। समयावधि के पश्चात् प्राप्त किसी भी आपत्ति को मान्य नही किया जाकर नामातंरण दर्ज किया जाएगा।

| क्र. | हस्तांतरणकर्ता का नाम | हस्तांतरिति का नाम जिसके नाम नामांतरण किया जाना है | भवन / भूमि का नाम वार्ड क्रं. | नामांतरण का आधार |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | श्री कलीम अहमद पिता फरीद अहमद मनिहार एवं श्रीमती रहीसा बानो पति स्व. फरीद अहमद मनिहार | श्रीमती सीमा पति मुकेश आसोरिया | भूमि वार्ड क्र. 09 देवालय मार्ग | रजिस्ट्री के आधार पर |
| 2 | श्री कलीम अहमद पिता फरीद अहमद मनिहार एवं श्रीमती रहीसा बानो पति स्व. फरीद अहमद मनिहार | श्री कीर्तिश चौबे पिता राजेन्द्र चौबे | भूमि वार्ड क्र. 09 देवालय मार्ग | रजिस्ट्री के आधार पर |
| 3 | श्री संतोष पिता नंदकिशोर अगाल | श्री संतोष पिता नंदकिशोर अगाल एवं श्रीमती संगीता पति संतोष अगाल | भवन वार्ड क्र. 08 सुभाष मार्ग | रजिस्ट्री के आधार पर |
| 4 | श्री नरेन्द्र पिता कृपाशंकर तिवारी | श्री ग्यासुद्दीन पिता कुमरुद्दीन कुरैशी | भवन वार्ड क्र. 01 श्रीराम शर्मा आचार्य मार्ग | रजिस्ट्री के आधार पर |
| 5 | श्री असलम पिता शहादत खांन एवं श्रीमती मुमताज पति असलम खान | श्री रफीक मोहम्मद पिता जान मोहम्मद मकरानी | भूमि वार्ड क्र. 02 महात्मा गांधी मार्ग गली | रजिस्ट्री के आधार पर |
| 6 | श्री रमेशचन्द्र बैरागी पिता सुधन्या बैरागी | श्रीमती मंजुबाई सोलंकी पति राजुसिंह सोलंकी | भूमि वार्ड क्रं. 08 जवाहर मार्ग | रजिस्ट्री के आधार पर |
| 7 | श्री सईद उर्फ शहीद पिता शहादत खान | श्रीमती सलमा बी पति नबी मोहम्मद मकरानी | भूमि वार्ड क्र. 02 महात्मा गांधी मार्ग गली | रजिस्ट्री के आधार पर |
| 8 | श्रीमति दिपीका पिता कन्हैयालाल | श्रीमती मुनीरा बोहरा पति बाकिर अली | भूमि वार्ड क्र. 02 महात्मा गांधी मार्ग गली | रजिस्ट्री के आधार पर |
| 9 | श्रीमति मीरादेवी पति अशोकसिंह राठौर | श्रीमति रमीला बाई पति धन्नालाल राठौड | भवन वार्ड क्र. 01 श्रीराम शर्मा आचार्य मार्ग | रजिस्ट्री के आधार पर |
| 10 | श्री दोस्त मोहम्मद पिता श्री रजा मोहम्मद मकरानी | श्री रफीक मोहम्मद बहन श्रीमति हलीमा बी पिता दोस्त मोहम्मद मकरानी एवं श्रीमती शहीदा बी पति श्री रसीद मोहम्मद मकरानी | भवन वार्ड क्र. 03 सुभाष मार्ग | वंशानुक्रम के आधार पर |
| 11 | श्रीमती संजीदा शेख पति अनवर हुसैन | श्रीमती लुबना बी पति नासीर हुसैन रंगरेज | भूमि वार्ड क्रं. 02 महात्मा गांधी मार्ग गली | रजिस्ट्री के आधार पर |
| 12 | श्रीमती जहाआरा पति सादिक शेख | श्रीमती लुबना बी पति नासीर हुसैन रंगरेज | भूमि वार्ड क्रं. 02 महात्मा गांधी मार्ग गली | रजिस्ट्री के आधार पर |
| 13 | श्रीमती जहाआरा पति सादिक शेख | श्रीमती राबिया पति अब्दुल नवाज रंगरेज | भूमि वार्ड क्रं. 02 महात्मा गांधी मार्ग गली | रजिस्ट्री के आधार पर |
| 14 | श्री निगम रेमण्ड भ्राता निर्मलसिंह | श्री सरदार पिता रामसिंह चौहान | भूमि वार्ड क्र. 14 जवाहर मार्ग | रजिस्ट्री के आधार पर |
| 15 | श्री रविन्द्र सोनी पिता स्व शंकरलाल सोनी | श्रीमति राखी पति रविन्द्र सोनी | भवन वार्ड क्र. 10 महात्मा गांधी मार्ग | रजिस्ट्री के आधार पर |
| 16 | श्री ईशाक पिता जुम्माजी खत्री | श्री गुलाम मोहम्मद जियाउद्दीन पिता अब्दुल हकीम | भवन वार्ड क्र. 03 सुभाष मार्ग | रजिस्ट्री के आधार पर |
| 17 | श्री गुलाम अहदम पिता बशीर अहमद | श्रीमती सईदाबेन पति गुलाम अहमद मनिहार | भवन वार्ड क्र. 03 सुभाष मार्ग | वंशानुक्रम के आधार पर |
| 18 | श्री हारुण भ्राता फारुख पिता मुबारिक खत्री | श्री नाहरु पिता जाकिर हुसैन कुरैशी | भवन वार्ड क्र. 13 नानपुर-खाली मार्ग | रजिस्ट्री के आधार पर |
| 19 | श्री राधेश्याम पिता रामलाल सोनी | श्रीमती शोभा पति स्व. राधेश्याम सोनी | भवन वार्ड क्र. 10 महात्मा मार्ग | वंशानुक्रम के आधार पर |
| 20 | श्री राधेश्याम पिता चुन्नीलाल वाणी | श्रीमती भाग्यवंती राधेश्याम वाणी | भवन वार्ड क्र. 02 जवाहर मार्ग | वंशानुक्रम के आधार पर |
| 21 | श्रीमती आमना खातुन पति एहमद मनिहार | श्री अय्युब खान पिता एहमद मनिहार | भवन वार्ड क्र. 12 तिलक मार्ग | वसीयतनामे के आधार पर |
| 22 | श्रीमती आमना खातुन पति एहमद मनिहार | श्री सदीर पिता एहमद मनिहार | भवन वार्ड क्र. 12 तिलक मार्ग | वसीयतनामे के आधार पर |
| 23 | श्री कुन्दनलाल पिता गोमाजी वडेल | श्री सुमन बहन लीलू एवं कैलाश भ्राता राजेश पिता कुन्दनलाल एवं श्रीमति मीना पति स्व. जगदीश वडेल | भवन वार्ड क्र. 15 आचार्य श्रीराम शर्मा मार्ग | वंशानुक्रम के आधार पर |

**राहुल मोहनिया**
अध्यक्ष, नगर परिषद जोबट

**संतोष राठोड़**
मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद जोबट

## संक्षिप्त समाचार

### पुलिस चौकी परिसर में 'एक पेड़ मां, बहन बेटी के नाम' के तहत पौधारोपण किया



**बाकानेर ( सैयद रिजवान अली )।** भारत सरकार के आव्हान पर देश में चल रहे 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान अंतर्गत पुलिस चौकी परिसर बाकानेर में एसडीओपी दीदी अनु बेनीवाल के मार्गदर्शन में चौकी स्टॉप द्वारा पौधों का रोपण किया गया। इस मौके पर एसडीओपी अनु बेनीवाल ने बताया कि वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर मनावर अनुविभाग के सभी थाना, पुलिस चौकियों पर पौधारोपण किया जाएगा। बाकानेर पुलिस चौकी परिसर मै एक पेड़ बहन बेटी के नाम भी पौधे लगाए। पुलिस चौकी प्रभारी सहित पूरा स्टाफ मौजूद रहा।

### बाघनी नदी का सीना किया जा रहा छलनी, महिलाओं ने रुकवाया अवैध खनन



**बाग, निप्र।** नगर की सुन्दरता बाघनी नदी आखिर अपना अस्तित्व क्यो खोती जा रही है। ओर कब होगा इसका गहरीकरण ओर सफाई का कार्य खाली बाघनी का मौका मुआयना कर के उसका अस्तित्व नही बचाया जा सकता कार्य को अंजाम देना होग तभी बाघनी नदी की काया पलट सकती है। रेत के धंधे बाजो ने बाघनी का सिना छलनी छलनी कर दिया जबतक स्थानीय प्रशासन नही जागा तो स्थानीय महिलाओ ने बीडा उठाया ओर बाघनी नदी मे हो रहे रेत खनन का कार्य मोके पर जाकर रुकवाया बाघनी नदी मे अवेध रेत खनन से कई गहरे गड्डे पड गये है बरसात के मोसम मे यै गड्डे जब पानी से भर गये है। जो महिलाओ ओर बच्चो कि सुरक्षा मे खतरा बन चूके है। नदी मे जेसीबी मशीन लगाकर रेत निकाली जा रही थीं जिसके कारण उसमे गहरे गड्डे हो गये नदी पर महिलाए कपडे धोने जाती हे पानी भरने जाति है साथ मे बच्चे भि होते जिसके चलतै इनको सुरक्षा पर खतरा भि मंडरा रहा हे क्योकि गड्डो मे पानी भर जाने से उनके गहराई का अंदाजा नही लगाया जा सकता।



**रेत माफियाओं पर कार्यवाही की मांग :** संजय कालोनी के निवासियों ने इस खतरे को देखते हुऐ अवैध रेत खनन का विरोध किया। उनके विरोध के बाद फिलहाल खनन कार्य रुक गया है हलकी देखा जाए तो यह खनन का कार्य लम्बे समय से चल रहा था

**प्रशासन की नाक के नीचे हो रहे अवैध खनन की भनक तक नहीं प्रशासन को :** बाग मे अवैध रैत के बडै बडै वाहन गुजरते हो या नगर मे अवेध रेत का कारोबार जोरो पर चल रहा हो इसकी भनक तक नही हे प्रशासन को, एसा लगता है बाग अवेध रेत माफियो के चंगुल मे फसता जा रहा है जो बाग नगर कि सुन्दरता कल कल बहती बाघनी नदी का सिना छलनी पोकलेंड ओर जेसीबी जेसे मशीनो से किया जा रहा है। प्रशासन कि नाक के निचे रेत का फलता फूलता कारोबार कब होग बंद ?

### संभागीय क्षेत्रीय निदेशक डॉ. जोसेफ द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उदयगढ़ में नवजात शिशु का जीवन बचाया गया

**अलीराजपुर,निप्र।** इंदौर संभाग के लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग के क्षेत्रीय संचालक डॉ. शाजी जोसेफ दो दिवसीय दौर के अंतर्गत प्रथम दिवस डिविजनल कोऑर्डिनेटर सुश्री मोनिका मंडलोई और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. देवेंद्र सुनहरे के साथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उदयगढ़ का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान प्रसव कक्ष से एक नवजात शिशु के जन्म के बाद सांस न लेने की सूचना प्राप्त हुई, जिससे अस्पताल परिसर में उपस्थित डॉ. साजी जोसेफ, जो स्वयं एक प्रतिष्ठित शिशु रोग विशेषज्ञ हैं, ने बिना एक पल भी गंवाए अपने पेशेवर कर्तव्य का निर्वहन किया। वे तुरंत प्रसव कक्ष में पहुंचे और अपनी विशेषज्ञता का उपयोग करते हुए नवजात शिशु को तत्परता से पुनर्जीवित किया।

---

**मामला सरदारपुर तहसील की ग्राम पंचायत बरमंडल का : सरपंच और सचिव की मनमानी**

# बिना अनुमति के आंगनवाड़ी भवन तोड़कर बना दी दुकानें

- दुकानें बिना नीलामी के अपने परिजनों को कर दी आवंटित
- ग्रामीण हो रहे परेशान, कोई सुनवाई नहीं हो रही





विनय उजाला

**धार, निप्र।** पंचायती राज जब लागू किया था, तब लगा था कि ग्रामीणो को अब परेशानी नहीं होगी, किन्तु अब हालत यह है, कि पंचायतो के सरपंच और सचिव ग्रामीणो के हक पर डाका डाल रहे है, और कोई विरोध करता है, उसे जातिगत मामलो में फंसाने की धमकियां दी जाती है।

**क्या है मामला**

जिले की सरदारपुर तहसील की ग्राम पंचायत बरमंड़ल के सरपंच की मनमानी के चलते यहां के ग्रामीण परेशान है, और उन्होने अपनी परेशानी के चलते कई बार जिला मुख्यालय तक जाकर षिकायत कर चुके है, किन्तु उनकी सुनवाई नहीं हो रही है। यहां के सरपंच षंकरलाल मेढ़ा के द्वारा अपने पद का दुरूपयोग कर बिना किसी सरकारी अनुमति के वार्ड क्रं. 1 संजय कॉलोनी के करीब 30 साल पुराने आंगनवाड़ी भवन को ध्वस्त कर वहां पर अपने परिवार के लिये दुकानो का पक्का निर्माण कर लिया। इन दुकानो की बिना निलामी किये अपने एक रिश ?तेदार गोपाल पिता मुकेश मेढ़ा सहित अन्य रिष्तेदारो को आवंटित कर दी गई। वर्तमान में वार्ड 1 की आंगनवाड़ी एक स्कूल में संचालित की जा रही है। इस स्कूल भवन के पास एक खुला कुंआ है, जहां पर कभी भी किसी मासुम बच्चे के साथ दुर्घटना हो सकती है।

**नहीं होती कोई कार्यवाही**

इस मामले में सरपंच और पंचायत सचिव बालु चरकोटा के विरूद्व ग्रामीणो ने तहसील स्तर से लेकर धार कलेक्टर तक कई शिकायते कर दी, किन्तु आज तक दोनो के विरूद्व कोई कार्यवाही नहीं किये जाने से यह ग्रामीणो को अब जातिगत मामलो से लेकर अन्य गंभीर मामलो में फंसाने की धमकी देते है। यदि कोई इनके विरूद्व सूचना के अधिकार के तहत जानकारी मांगता है, तो उसे भी धमकियां देते है।

**क्या कहते हैं जिम्मेदार**

मामला मेरे संज्ञान में आया है। इसकी जांच करवाकर जो भी उचित कार्यवाही की जावेगी।

– सुभाष जैन, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बालविकास विभाग धार।

---

## नल के पाईप में लकड़ी से एमसील डालकर युवक ने नल को किया चोक

विनय उजाला

**झाबुआ,निप्र।** शहर के तेलीवाड़ा (लक्ष्मीबाई मार्ग) में महेश राठौर के निवास पर लगे नल में 29 एवं 30 जून की दरम्यान रात एक शरारती युवक ने नल के अंदर लकड़ी के सहारे एम सील डालकर नल को चॉक कर दिया। मकान मालिक को इसका पता तब चला, जब नल आए तो नल से पानी नहीं आने पर चेक किया तो नल के अंदर एम सील लगी हुई थी। जिसके बाद यह हरकत किसके द्वारा की गई, इसकी मकान पर लगे सीसीटीव्ही कैमरे में महेश राठौर द्वारा चेक करने पर एक युवक द्वारा मध्य रात करीब 2.30 बजे आकर इस तरह का कृत्य करना पाया गया। जिसके बाद युवक की पड़ताल करने के साथ इसकी शिकायत पुलिस थाने पर भी दर्ज करवाई गई।

मकान मालिक महेश राठौर ने बताया कि सीसीटीव्ही फुटेज में नजर आया कि मध्य रात करीब 2.30 बजे एक युवक स्कूटी से आता है और मुंह पर कपड़ा बांधकर नल के मुंह पर लकड़ी के सहारे एम सील डालकर नल को चॉक कर दिया, ताकि जलप्रदाय के दौरान पानी नहीं आ सके।



**इनका कहना..**

युवक रोहन से पूछताछ में उसने मुझे दो अन्य लड़कों रितिक पांडे एवं गोलू राठौर के कहने पर यह कृत्य करने की बात कबूली गई। मेरे द्वारा इसकी शिकायत पुलिस थाने पर की गई है।

– महेश राठौर, मकान मालिक।

इस तरह की थाने पर शिकायत दर्ज हुई है, पुलिस द्वारा जांच की जा रहीं है।

– आरसी भास्करे, थाना प्रभारी, पुलिस थाना झाबुआ।

---

**गुरुवार को बैजनाथ महादेव मंदिर से केसरिया ध्वज दिखाकर प्रचार रथ की शुरुआत हुई**

## दो क्विंटल फरियाली खिचड़ी, 5 हजार लड्डू, छप्पन भोग व चंदन की माला से होगा स्वागत

विनय उजाला




**बदनावर, निप्र।** नगर में भगवान जगन्नाथ जी की भव्य रथ यात्रा का आयोजन इस वर्ष भी धूमधाम से किया जाएगा। यह आयोजन संस्था सृजन, श्री राधा गोविंद मंदिर, स्वतंत्र प्रेस क्लब बदनावर एवं समस्त हिंदू समाज के संयुक्त प्रयास से किया जा रहा है। यात्रा का यह दूसरा वर्ष है और इसे लेकर नगर में विशेष धार्मिक उत्साह का वातावरण बना हुआ है।

रथ यात्रा के सफल संचालन के लिए गुरुवार को बैजनाथ महादेव मंदिर से केसरिया ध्वज दिखाकर प्रचार रथ को रवाना किया गया। यह रथ नगर और आसपास के ग्रामीण अंचलों में भ्रमण कर श्रद्धालुओं को रथ यात्रा में सम्मिलित होने का आमंत्रण देगा।

मुख्य यात्रा रविवार 6 जुलाई को दोपहर 1 बजे दुर्गा चौक स्थित पंडरीनाथ मंदिर से कर्पूर आरती एवं भोग के साथ प्रारंभ होगी। यात्रा नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए बैजनाथ महादेव मंदिर पहुंचेगी, जहां हरी का हर के साथ मिलन होगा।

**विशेष धार्मिक आयोजन व भोग व्यवस्था :** संस्था द्वारा एकादशी होने का कारण उपस्थित श्रद्धालुओं के लिए दो कुंटल फ़रियाली खिचड़ी की प्रसाद वितरण किया जाएगा। सिद्धिविनायक मित्र मंडल द्वारा यात्रा मार्ग में 5000 लड्डुओं का वितरण किया जाएगा।बीकानेर स्वीट्स के नारायण राजपुरोहित द्वारा दुर्गा चौक पर छप्पन भोग अर्पित किया जाएगा। वहीं राधा गोविंद मंदिर इस्कॉन समिति द्वारा श्रद्धालुओं को चंदन की माला पहनाकर स्वागत किया जाएगा।

संस्था श्रृजन के अध्यक्ष राकेश सिंह चौहान, एवं धर्मेंद्र अग्निहोत्री ने नगर की धर्म प्रेमी जनता से अपील किए हे की इस यात्रा में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर धर्म लाभ लेवे।

इस मौके पर नंदलाल शर्मा, सुभाष सेठिया, सोहन सिंह पवार, गिरधारी लाल वर्मा, दिलीप सिंह चौहान, महेश पाटीदार, राकेश सिंह चौहान, धर्मेंद्र अग्निहोत्री, नवीन चौहान, विनय पाटीदार, मनीष शर्मा, डॉक्टर गोपाल ठाकुर, गोपाल पाटीदार, मुकेश राठौर, मोहित पांचाल आदि उपस्थित थे।

---

## स्कूल में आया 10 फीट लंबा अजगर, रेस्क्यू कर जंगल में छोड़ा

**किचन में गैस टंकी के पीछे बैठा था, महिलाएं डर कर भागी**

विनय उजाला

**बाग, निप्र।** नगर की शासकीय कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल में मंगलवार सुबह 10 बजे मिड डे मील की तैयारी के दौरान स्कूल के किचन में एक अजगर दिखाई दिया।किचन में काम कर रहीं ललिता और सोना बाई ने जब गैस टंकी के पीछे अजगर को देखा तो वे डर के मारे चीखती हुई बाहर भाग गईं। स्कूल कर्मचारी अखिलेश भारद्वाज ने तुरंत वन्यजीव प्रेमी विनोद पंवार को सूचना दी। विनोद पंवार ने मौके पर पहुंचकर अजगर का सफल रेस्क्यू किया। अजगर करीब 9 से 10 फीट लंबा था और उसका वजन लगभग 10 किलो था। जांच में पता चला कि किचन के दरवाजे



के नीचे बड़ी गैप होने की वजह से अजगर अंदर घुस गया था। रेस्क्यू के बाद विनोद पंवार ने अजगर को सुरक्षित तरीके से पास के जंगल में छोड़ दिया। घटना के समय स्कूल में मिडिल कक्षाएं चल रही थीं।

**पूर्व मे भी पंवार कई जहरीले साप पकड़ चुके हैं :** सांप एक एसा नाम हे जिसका नाम सुनकर हि हर किसी कि रुह कांप जाती है ओर धड़कन तेज हो जाति है। मगर उसि जहरीले साप को पकडने का ये हूनर विनोद पंवार को है जौ चुटकी मे साप पकड़ उसे अपने कब्जे मे कर लेते है बहुत कम लोगौ कौ यै हूनर होता है। पंवार बताते है कि मे जब छोटा था तब मुझे साप को देखने मे बहुत डर लगता था। मगर अब उसे कोई घर से पकडता हु तो इतना डर नहीं लगता अब जब किसी मकान दुकान या अन्य जगह जब साप निकलता हे मुझे बुलाया जाता है मे जाकर उसे पकड़कर जंगल मे सुरक्षित छोड देता हू। आजकल तो उसे पकडने के साधन भि निकल गया हे मगर मे अधिकतर लकड़ी के सहारे से उसे पकडता हू। ओर निशुल्क ये कार्य किया जाता हे मेरे द्वारा। दौ तीन जाति के साप खतरनाक ज्यादा होते है।

---

**'मेरा थाना मेरा वन अभियान' अंतर्गत कालीदेवी थाने पर किया पौधारोपण**

## पौधारोपण करने से हमें जीवनदायिनी ऑक्सीजन मिलती है : पं. बैरागी

विनय उजाला

**झाबुआ,निप्र।** जिला पुलिस विभाग द्वारा 'मेरा थाना मेरा वन' अभियान अंतर्गत पुलिस अधीक्षक पदम् विलोचन शुक्ल के मार्गदर्शन में जिले के सभी थानों एवं चौकियों पर एक साथ पौधारोपण किया गया।

इसी क्रम में पुलिस विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों के साथ गायत्री परिवार कॉलेज मार्ग झाबुआ द्वारा थाना कालीदेवी में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर गायत्री परिवार के जिला समन्वयक पं. घनश्यामदास बैरागी ने बताया कि हमारे जीवन में पेड़-पौधों और वृक्षों का विशेष महत्व है, इससे हमे जीवनदायिनी आक्सीजन मिलती है तथा पेड़-पौधों से छाया और फल-फूल आदि भी प्राप्त होते है। वर्षाकाला में हमे अधिकाधिक पौधारोपण कर हरियाली को बढ़ावा देना चाहिए। गायत्री परिवार की जिला संयोजिका श्रीमती नलिनी बैरागी ने 'वृक्ष है तो मनुष्य जीवन संभव है' का संदेश देते हुए वर्षाकाल में समस्त गायत्री परिजनों को अधिकाधिक पौधारोपण करने का संकल्प दिलवाया। इस अवसर पर प्रजापिता ब्रम्हकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय संस्था से उपस्थित



राजयोगिनी बीके जयंती दीदी ने बताया कि हमे पौधारोपण करने के साथ उसे पानी देकर बड़ा करने और आजीवन देखरेख का भी संकल्प लेना चाहिए। पेड़-पौधों और हरियाली से ही मनुष्य जीवन संभव है और प्रकृति का संतुलन भी बना रहता है।

**विधि-विधान से पूजन कर किया पौधारोपण :** बाद गायत्री परिजनों एवं ब्रम्हकुमारिज बहनों के साथ पुलिस विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा भी विधि-विधान से पूजन कर थाना परिसर में पौधारोपण किया। थाना परिसर में विभिन्न प्रजातियों के फल एवं फूलदार पौधे रोपे गए और उनकी देखरेख हेतु सभी ने संकल्प भी लिया। इस अवसर पर गायत्री शक्तिपीठ कॉलेज मार्ग से जुड़े समस्त गायत्री परिजन एवं समस्त पुलिस स्टाफ उपस्थित रहा।

---

**इंदौर, उज्जैन , रतलाम और सारे शहर और कस्बे अभी महासागर जैसे हुए**

# मालवा ने मेहमाननवाजी की मिसाल पेश की, सबको अपना बनाया

इब्राहिम रिज़वी

इंदौर, उज्जैन , रतलाम, शाजापुर, आलोट देवास,महू, जावरा और छोटे - छोटे शहर इन दिनों जहां अशरा मुबारक पर सय्यदना मुफद्दल सैफुद्दीन मौला की चेन्नई से वाअज़ का सीधा प्रसारण हों रहा है ये सारे शहर और कस्बे अभी महासागर जैसे हों गये है! जो सबको अपना बना लेता है।

बुधवार इंदौर के खातीवाला टैंक स्थित सैफी कॉलोनी स्थित मस्जिद,सांघी मवाईद , मसाकीन ए सैफीया एमबी ट्यूब पर जहां तक नजर जा रही थी बोहरा समाज के अनुयाइयों का सैलाब नजर आ रहा था। इतना बड़ा हुजूम लेकिन सब अनुशासन और शांति के साथ स्क्रीन पर अपने मौला के दीदार के लिए लालायित थे। हर किसी की एक ही ख्वाहिश की बस मौला की



वाअज़ एकाग्रता से सुन ले।

इंदौर से चेन्नई की दूरी भले चौदह सौ पचास किलोमीटर है लेकिन सय्यदना मुफद्दल सैफुद्दीन मौला की वाअज़ के लिए इंदौर, शाजापुर , आलोट, मानपुर, बेटमा, सारंगपुर, जावरा जैसे शहरों में देश-विदेश से आए मध्यप्रदेश में डेढ़ लाख से अधिक बोहरा समाजजन को यही एहसास हो रहा है कि सय्यदना मुफद्दल सैफुद्दीन मौला की वाअज़ उनके ही शहर में ही हो रही है।

वरिष्ठ लेखक एवं इंदौर पीआर टीम के मुफद्दल मंडलेश्वर वाला ने बताया कि इंदौर में 85000 से अधिक बोहरा समाजजन सय्यदना साहब की वाअज के लिए शहर में है। लेकिन शहर का ट्राफिक बाधित न हों, और सफाई का



भी बेहतर इंतजाम किया है। सांई पेराडाईज में नानपुर से आए वरिष्ठ मीडिया कर्मी शफ़क़त दाऊदी ने कहा कि इंदौर और पुरे मालवा ने सय्यदना मुफद्दल सैफुद्दीन मौला की वाअज़ को सुनने आए समाजजनों के लिए व्यवस्था की है वो काबिले तारीफ है।

रतलाम व रतलाम के आलोट में बुरहानी मस्जिद में व सहन में वाअज रिले की शानदार व्यवस्था की गई है। आलोट के मुर्तजा ईज्जी ने बताया कि सय्यदना साहब के चेन्नई से सीधा प्रसारण के लिए सुवासरा, शामगढ़ सीतामऊ, चोमेला गंगधार बड़ोद, और ताल से समाजजन यहां आएं हैं। प्रतिदिन 1000 से 1200 समाजजन आलोट आ रहे हैं।

शाजापुर में हामीदी मस्जिद, सैफी,मोहम्मदी और दरगाह में चार हजार से ज्यादा लोग सय्यदना साहब की वाअज के लिए मौजूद हैं। शाजापुर के युवा पत्रकार मुस्तफा एल एल बी ने बताया कि यहां के समाजजनों ने सय्यदना साहब के मेहमानों के लिए अपने घरों के दरवाजे खोल दिए हैं। और उनको कोई तक़लीफ ना आएं इसके लिए शाजापुर का बोहरा समाज का एक-एक बाशिंदा जुटा हुआ है।

इंदौर सैफी मोहल्ला बोहरा बाजार पहली ऐसी मस्जिद है जिसमे समाज के 48 वे धर्मगुरु सय्यदना अब्दुल हुसैन हुशामुद्दीन मौला ,51 वे धर्मगुरु सय्यदना ताहेर सैफुद्दीन मौला और 52 वे धर्मगुरु सय्यदना मोहम्मद बुरहानुद्दीन मौला ने इबादत की है। ताहेर बड़वानी वाला ने बताया कि 53 वे धर्मगुरु डॉक्टर सय्यदना आलीकदर मुफद्दल सैफुद्दीन मौला ने अशरा की पहली वाअज हिजरी सन तेरह सौ अठयासी (तीस मार्च शुक्रवार 1968 से 7 अप्रैल1968) मे की थी।

इंदौर के बोहरा बाजार स्थित सैफी मोहल्ला समाज का सबसे पुराना मोहल्ला है। कालोनियों के निर्माण के पूर्व समाज के लोग यही निवास करते थे और यहां की सैफी मस्जिद ही मुख्य थी। अब्बास बड़वानी वाला ने बताया कि इंदौर मे 51 वे धर्मगुरु सय्यदना ताहेर सैफुद्दीन मौला सात बार तशरीफ़ लाए तो यही पर इबादत की थी। वहीं 52 वे दाई डॉक्टर सय्यदना मोहम्मद बुरहानुद्दीन मौला ने हिजरी सन चौदह सौ सात मे इंदौर मे पहली बार मोहर्रम के अवसर पर वाअज पांच सितंबर से तेरह सितंबर 1986 मे की थी तो सोलहवीं तारीख को सय्यदना हातिम मौला की मजलिस सैफी मस्जिद मे हुई थी।

## संक्षिप्त समाचार

### रोटरी क्लब के ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन संपन्न



**देवास,निप्र।** रोटरी क्लब द्वारा ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें रोटरी क्लब के माध्यम से ब्लड डोनेशन किया गया। कैंप में अध्यक्ष डॉ. सचिन नागर, सीए हिमांशु दुबे, अमरजीत खनूजा, देवेंद्रगिरी, डॉ नवीन नाहर, सुरेश शर्मा, सुधीर पंडित, श्री पाटिल, हेमंत वर्मा, कोषाध्यक्ष भारत विजयवर्गी, जी.एस. चंदेल, स्वप्निल वर्मा, आशीष गुप्ता, अमरीश नारायण दुबे, ब्लड बैंक के चेयरमेन डॉ जितेंद्र कुशवाह एवं सभी रोटेरियन साथी उपस्थित रहे।

### व्याख्यान कार्यक्रम 5 जुलाई को



**देवास,निप्र।** श्री शिव छत्रपति शिवाजी महाराज के राज्याभिषेक उपलक्ष में स्थानीय मल्हार स्मृति मंदिर में 5 जुलाई शनिवार को संध्या 6 बजे शिवाजी महाराज के जीवन पर आधारित व्याख्यान का कार्यक्रम रखा गया है। इस कार्यक्रम में अपनी प्रस्तुति देने पुणे के दो विद्वान सारंग मांडके एवं सारंग भोईरकर अनूठे एवं मनोरंजन रूप में अपना उद्बोधन हिंदी में प्रस्तुत करेंगे। कार्यक्रम की तैयारी को लेकर समाज की सभी महिलाओं की बैठक संस्था संस्थापक दिलीप सिंह जाधव बाबा के निवास पर आयोजित की गई। इसमें सभी महिलाओं को दायित्व सौंप गए। इस अवसर पर समाज की कल्पना यादव, शालिनी चौहान, राधिका यादव, मीना शिंदे, रोहिणी भोंसले, पल्लवी यादव, रुपाली मोहिते, साधना काले, अंजलि मोहिते, सरोज भंवर, नैना भोंसले, जयश्री तासी आदि कार्यकर्ता महिलाएं उपस्थित थी। उक्त जानकारी मीडिया प्रमुख कीर्ति चव्हाण ने दी।

### भारत विकास परिषद ने किया सम्मान



**देवास,निप्र।** भारत विकास परिषद, देवास शाखा द्वारा सीए डे एवं डॉक्टर्स डे के उपलक्ष्य में देवास की महिला चार्टर्ड एकाउंटेंट्स एवं महिला चिकित्सकों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर परिषद द्वारा 4 चार्टर्ड एकाउंटेंट्स एवं 8 डॉक्टरों का सम्मान श्रीफल एवं रुमाल भेंट कर किया गया। कार्यक्रम का आयोजन गट व्यवस्था से किया गया, जिससे अनेक परिषद सदस्यों की सक्रिय सहभागिता रही। देवास शाखा का यह सामूहिक प्रयास व टीम वर्क अत्यंत सराहनीय एवं प्रेरणादायी है। उक्त जानकारी परिषद के मीडिया प्रमुख कीर्ति चव्हाण ने दी।

### मनीषा लाठी की रचना चूड़ियां को मिला पूरे देश में 5 सर्वश्रेष्ठ रचनाकारों में स्थान

**सोनकच्छ,निप्र।** माहेश्वरी साहित्यकार मंच की राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता संपन्न हुई जिसमें सभी रचनाकारों को चूड़ियाँ विषय पर



अपनी स्वरचित रचना प्रस्तुत करनी थी इस प्रतियोगिता में अखिल भारतीय माहेश्वरी महिला सभा की कार्यकारिणी सदस्य , पश्चिमी मध्यप्रदेश माहेश्वरी महिला सभा की कार्यकारिणी सदस्य , देवास जिला माहेश्वरी महिला मंडल की संगठन मंत्री , वनबंधु परिषद महिला सहसमिति सोनकच्छ की अध्यक्ष , अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला मंडल की अंचल प्रमुख मनीषा लाठी ने अपनी स्वरचित मौलिक रचना चूड़ियाँ भेजी थी , उनकी इस रचना को पूरे देश में सर्वश्रेष्ठ 5 में स्थान मिला जिसमें पूरे मध्यप्रदेश से यह एकमात्र रचना चयनित हुई । मंच के निर्णायक अशोक कुमार गांधी नागपुर द्वारा मनीषा को पूरे देश में 5 सर्वश्रेष्ठ सृजनकारों में सम स्थान देते हुए सर्वश्रेष्ठ रचनाकार की उपाधि से सम्मानित किया। यह सम्मान पत्र मंच पदाधिकारियों कलावती करवा, मधु भूतड़ा , स्वाति जैसलमेरिया , सतीश लखोटिया द्वारा प्रदान किया गया।

# सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक टिप्पणी नहीं करें, एक-एक पोस्ट और आईडी को वॉच किया जा रहा : कलेक्टर

## कलेक्टर ऋतुराज सिंह की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक आयोजित

विनय उजाला

**देवास,निप्र।** जिले में जुलाई एवं अगस्त माह में आने वाले त्योहारों पर कानून एवं व्यवस्थाओं पर विचार विमर्श के लिए कलेक्टर ऋतुराज सिंह की अध्यक्षता में कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिला शांति समिति के सदस्यगण एवं संबंधित अधिकारीगण उपस्थित थे।

शांति समिति की बैठक में कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि जिले में अभी तक जितने भी आयोजन हुए हैं जिले के नागरिकों के सहयोग से ही जिला प्रशासन निर्विघ्न व शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न कराने में सफल रहा है। छोटी-छोटी बातों पर कोई भी शांति व्यवस्था बिगाडने का काम नहीं करें। जिले में प्रतिबंधात्मक आदेश लागू हैं। सभी से अपेक्षा है कि लॉ एण्ड आर्डर का पालन करते हुए त्योहार मनाए। हाईवे, रोड जाम करना हमारे जिले की तासीर नहीं है। ऐसा करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। देवास शांति प्रिय जिला है, कोई भी जिले की तासीर बिगाडने का काम नहीं करें। लॉ एण्ड आर्डर बिगाड़ने वाली पोस्ट करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। पुलिस द्वारा लगातार निगरानी की जा रही है, लॉ एण्ड आर्डर बिगाडने वाली पोस्ट करने वालों को ढूंढने में ज्यादा समय नहीं लगेगा।



शांति समिति के सदस्य सभी को संदेश दें कि इस प्रकार का कोई कार्य नहीं करें। सभी नागरिक आपसी सद्भाव व शांति बनाए रखते हुए त्यौहारों को मिलजुलकर मनाए और देवास के परस्पर सद्भाव की परंपरा को आगे भी बनाए रखें।

कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि नगर निगम जुलूस मार्ग का निरीक्षण कर जहां-जहां पर पेच वर्क की आवश्यकता है,वहां पर पेच वर्क का कार्य कर लें। उन्होंने कहा कि त्यौहारों में कोई भी जुलूस में किसी भी प्रकार के हथियार लेकर नहीं चलेंगे। जुलूस में वालेंटियर ड्रेस में बेच लगा कर रहे। कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि जुलूस में दो से ज्यादा स्पीकर लगाने की अनुमति नहीं होगी। आयोजन समय से शुरू करें और समय पर समाप्त करें। तय रूट पर ही जुलूस निकाले। मौहर्रम का विसर्जन कालूखेड़ी तालाब में होगा। कलेक्टर श्री सिंह ने नगर निगम को निर्देश दिये कि कालूखेड़ी तालाब पर पर्याप्त व्यवस्थाएं करें। उन्होंने कहा कि कोई भी क्षिप्रा नदी और नागदा तालाब पर विसर्जन नहीं करें।

कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि नगर निगम कार्यक्रमों के बाद समझाइश देकर पोस्टर-बेनर निकालने की कार्रवाई करें। संकेतकों पर बेनर नहीं लगने चाहिए। नगर निगम और एसडीएम समन्वय कर कार्रवाई करें। उन्होंने सीएमएचओ को निर्देश दिए कि कावड़ यात्रा मार्ग पर मेडिकल व्यवस्था के साथ टीम लगाए। कावड़ यात्रा मार्ग पर कावडियों के लिए सामाजिक संस्थाओं के माध्यम से व्यवस्थाएं करें। रक्षाबंधन के पूर्व नगर निगम दुकानों को व्यवस्थित तरीके से लगवाए। जिससे ट्राफिक व्यवस्था अच्छी बनी रहे। जहां आवश्यकता हो वहां बैरिकेट्स लगाए। सभी संबंधित आपसी समन्वय कर अच्छी ट्राफिक व्यवस्था के लिए कार्य करें। खाद्य सुरक्षा अधिकारी त्यौहारों को देखते हुए लगातार कार्यवाहियां करें। जिले में खाद्य पदार्थ, मिठाई और मावा की सघनता से जांच करें। साथ ही यह सुनिश्चित करें की फ्रेश तेल का उपयोग हो, गंदा तेल उपयोग करने वालों पर कार्रवाई करें। नियमानुसार डीजे का उपयोग करें। डीजे वाहन पर दो स्पीकर लगाकर चल सकते है, सभी को समझाइश दें। पीओपी की मूर्तियों पर प्रतिबंध है, मिट्टी की मूर्तियां स्थापित करें।

उन्होंने कहा कि काई भी कानून व्यवस्था बिगाडने का काम नहीं करें। जिले में सीसीटीवी पर काम चल रहा है। किसी के नुकसान पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। काई भी कानून व्यवस्था के साथ खिलवाड़ नहीं करें। आयोजनों की विधिवत अनुमति लें, कोई भी गैर परम्परागत आयोजन नहीं करें। वालियंटरों की सूची पुलिस को दें। वाद्य यंत्रों का संचालन जिम्मेदार व्यक्ति से करवाए। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक टीप्पणी नहीं करें। एक-एक पोस्ट और आई डी को वॉच किया जा रहा है। आपत्तिजनक पोस्ट करने वालों को पकड़ने के लिए आईडीवाइस फाइल बन रही है। युवा पीढी को सोशल मीडिया का सकारात्मक उपयोग करने के लिए प्रेरित करें। ऐसी कोई पोस्ट नहीं करें जिससे कानून व्यवस्था बिगड़े। शांति समिति की बैठक में अपर कलेक्टर बिहारी सिंह ने ने आगामी त्यौहारों पर की जाने वाली व्यवस्थाओं के संबंध में अवगत कराया।

### आगामी त्यौहारों पर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश

कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि शांति समिति की बैठक में सदस्यों द्वारा जो सुझाव दिए गए हैं, उनको नोट किया गया है। जिला प्रशासन द्वारा सुझावों पर विचार कर सभी आवश्यक प्रशासनिक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएगी। जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन त्यौहारों पर अपनी ओर से तो व्यवस्था करेगा ही, हम सब समिति के सदस्य भी पर्वों के दौरान बाहर आकर प्रशासनिक व्यवस्थाओं में सहयोग करें। कलेक्टर श्री सिंह ने आगामी त्यौहारों पर सभी आवश्यक व्यवस्थाए सुनिश्चित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। कलेक्टर श्री सिंह ने नगर निगम को साफ सफाई की व्यवस्था, फायर ब्रिगेड, सड़को पर गड्ढे भरने, प्रकाश व पेयजल की व्यवस्था के निर्देश दिए। विद्युत वितरण कंपनी को पर्वों व त्यौहारों पर निरंतर विद्युत आपूर्ति की व्यवस्था सुनिश्चित करने और बरसात के मौसम को देखते हुए लटकते हुए बिजली के तारो को ठीक करने के लिए कहा गया।

## जनसमस्याओं को लेकर धरने पर बैठे कांग्रेस पार्षद, लगाए गम्भीर आरोप



विनय उजाला

**राजपुर, निप्र।** राजपुर में नगर परिषद के कांग्रेस पार्षद गुरुवार को धरने पर बैठे। जब उनसे समस्या पूछी तो उन्होंने बताया कि रोड़ समस्या से लेकर बिजली पानी की समस्या बढ़ रही है। गिट्टी से भरे डम्बर के कारण कल एक को चोट भी आई है रोड निर्माण एवं अन्य समस्याओं का जल्द से जल्द निराकरण किया जाए। इमली पुरा में भी रोड नहीं बन रही है।

## ध्वजारोहण के साथ अष्टानिका महापर्व का शुभारंभ

### सिद्धचक्रमहामंडल विधान की रचना कर 51 हजार मंत्रों के जाप का संकल्प लिया गया

**सोनकच्छ,निप्र।** गुरुवार को नगर दिगम्बर जैन समाज द्वारा आयोजित आठ दिवसीय संगीतमय अष्टानिका महापर्व का शुभारंभ ध्वजारोहण के साथ हुआ। जहा भक्तों द्वारा अष्टानिका के आठ दिनों तक विशेष रूप से सिद्ध प्रभु भगवान की आराधना की जाएगी। बुधवार को सकल जैन समाज द्वारा आचार्य निमंत्रण पर पधारे प्रतिष्ठाचार्य पंडित पवन दीवान सागर म.प्र. को बैंड- बाजे व जय घोष बैंड के साथ जिनालय लाया गया। जहा समाज अध्यक्ष अनिल गंगवाल व ट्रस्टियों ने भैया जी से विधानपूजा आराधना पूर्ण करने हेतु निवेदन करते हुए उनका



अभिनन्दन किया गया। इसी तारतम्य में विधान के मुख्य पात्रों बोली के माध्यम से चयन किया गया जिसमें ध्वजारोहणकर्ता राजकुमार सेठी ,सौधर्म इंद्र समीर सुरेश चंद सेठी यज्ञनायक अजय इंद्र पाटोदी ग्वालियर, कुबेर इंद्र प्रमोद संजय सेठी , ईशान इंद्र धनकुमार सेठी ,महेंद्र इंद्र कैलाश चन्द्र काला व ,सनत इंद्र नरेन्द्र पाटौदी परिवार चुने गए। कार्यक्रम की शुरुआत समाज के राजकुमार सेठी द्वारा ध्वजारोहन व कलश स्थापना के साथ की गई।

इस महापर्व पर मंदिर में श्रीजी के सामने समाजजनों द्वारा आकर्षक रंगोली के रंगों से सिद्धचक्रमहामंडल विधान की रचना की गई। विधान की रचना के बाद आदिनाथ नवयुवक मंडल के सदस्यो व समाजजनों द्वारा 51 हजार मंत्रो के जाप का संकल्प लिया गया। प्रवक्ता रोमिल जैन ने बताया कि पर्व के दौरान प्रतिदिन मंदिर में सुबह 6.30 बजे बोली लगाकर श्रीजी के कलशाभिषेक,शांतिधारा की जाएगी। इसके बाद इंद्र इंद्राणियो के साथ समाजनों द्वारा सिद्धचक्रमहामंडल विधान की संगीतमय पूजा की जाएगी, शाम 7.30 बजे संगीतकार राकेश जैन एंड पार्टी इंदौर कलाकारों द्वारा संगीतमय आरती व 8.30 बजे भैयाजी द्वारा आशीर्वचन होंगे। इस अवसर पर मंदिर पर विद्युत सज्जा की गई महापर्व का समापन अंतिम दिन मंडल विसर्जन व विश्वशांति महायज्ञ कर किया जाएगा।

## 19 वर्षीय युवती ने फांसी लगाकर जान दी

### आत्महत्या करने का कारण अज्ञात, आज पोस्टमार्टम होगा

विनय उजाला

**सोनकच्छ,निप्र।** अज्ञात कारणों के चलते नगर के वार्ड नंबर दो में रहने वाली 19 वर्षीय युवती ने अपने मामा के घर पर रस्सी का फंदा डालकर आत्महत्या कर ली। पुलिस जांच में जुटी है। आज शुक्रवार को पोस्टमार्टम होगा। थाना प्रभारी आशीष राजपूत ने बताया कि नगर के वार्ड नंबर दो जवाहर मार्ग में अपने मामा के रहने वाली 19 वर्षीय युवती शोभा पिता राजू प्रजापत ने अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या



कर ली। थाना प्रभारी राजपूत ने बताया कि शोभा सोनकच्छ के एक प्रायवेट कालेज में फाइनल इयर की छात्रा थी और बचपन से ही अपने मामा कमल प्रजापत वार्ड नंबर दो में रहतीं थीं। शुक्रवार को चार बजे शोभा के मामा ईंट भट्टे से काम कर लोट कर घर आया तो देखा कि घर के अंदर कमरे में शोभा एक रस्सी से लटकी हुई है। मामा कमल ने आस-पड़ोस के लोगों के साथ पुलिस को सूचना दी,जिस पर थाना प्रभारी आशीष राजपूत मय बल के घटना स्थल पर पहुंचे और शोभा के शव को उतार कर पोस्टमार्टम हेतु सोनकच्छ सिविल अस्पताल पहुंचाया जहां पर शुक्रवार को पोस्टमार्टम किया जायेगा। पुलिस ने शोभा का मोबाईल फोन जब्त कर आगे की जांच शुरू कर दी है।

## मोहर्रम को लेकर शांति समिति की बैठक हुई

**कन्नौद,निप्र।** थाना परिसर में गुरुवार को मुहर्रम पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक हुई । तहसीलदार अंजली गुप्ता, थाना प्रभारी तहजीब काजी ने संयुक्त रूप से बैठक की अध्यक्षता की। थाना प्रभारी तहजीब काजी ने कहा कि मोहर्रम पर्व गम, अनुशासन और श्रद्धा का प्रतीक है। उन्होंने सभी से आपसी सौहार्द और सामाजिक समरसता बनाए रखने की अपील की। बैठक में जंजालखेड़ी, अंबाडा रायपुरा, बहिरावद, टाकडीखेड़ा सहित नगर के ताजिया कमेटी के सदस्य और पत्रकार गण शामिल हुए । बैठक में जुलूस मार्ग की समय-सीमा और ध्वनि नियंत्रण पर चर्चा हुई ।



## वैश्य महासम्मेलन की प्रेरणा से स्व.किरण उपाध्याय के हुए नेत्रदान

विनय उजाला

**सोनकच्छ,निप्र।** वैश्य महासम्मेलन मप्र की सोनकच्छ इकाई द्वारा चलाए जा रहे नेत्रदान प्रकल्प के प्रति नगर एवं आसपास में जनजागृति की लहर चल रही है और नेत्रदान के प्रति जागरूकता बढ़ी है। गुरुवार को ब्राह्मण समाज की किरणदेवी उपाध्याय का असामायिक निधन हो गया। इस गहन दुख की घड़ी के बावजूद भी शोकाकुल परिजनों ने नेत्रदान की सहमति प्रदान की नेत्रदान के लिए एम.के. इंटरनेशनल आई बैंक इंदौर को खबर की ,वहां से सीनियर टेक्नीशियन गोपाल सिरोके ने सफलता पूर्वक नेत्रदान संपन्न कराया। इस पुनीत कार्य के लिए उपाध्याय परिवार के शोकाकुल परिजनों को संस्था द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। नेत्रदान संपन्न करवाने में वैश्य महासम्मेलन मध्यप्रदेश के प्रदेश उपाध्यक्ष सत्यनारायण लाठी, तहसील अध्यक्ष सुरेशचंद्र मुंदड़ा , नेत्रदान प्रभारी हुकमचंद अग्रवाल का सहयोग रहा।

## सीईओ जिला पंचायत ज्योति शर्मा ने विभागों में संचालित योजनाओं की समीक्षा की

# जितने भी निर्माण कार्य अधूरे, उन्हें अगले दो माह में कर लें पूरा

विनय उजाला

**देवास,निप्र।** सीईओ जिला पंचायत ज्योति शर्मा जनपद पंचायत टोंकखुर्द सभाकक्ष में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग एवं अन्य विभागों में संचालित योजनाओं की समीक्षा की। बैठक में कार्यपालन यंत्री, अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत देवास, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत टोंकखुर्द एवं विभागीय योजनाओ के जिला एवं जनपद स्तरीय शाखा प्रभारी, सचिव/ग्राम रोजगार सहायक उपस्थित थे।

विभागीय समीक्षा बैठक में मनरेगा योजनान्तर्गत पूर्व वर्ष के प्रगतिरत कार्यो को समय-सीमा निर्धारित कर पूर्ण करने के निर्देश प्रसारित किए गए। स्वच्छ भारत मिशन की समीक्षा के दौरान ग्राम पंचायतों में तरल अपशिष्ठ प्रबंधन एवं ठोस अपशिष्ठ प्रबंधन अंतर्गत कार्यो के निर्माण संबधी निर्देश प्रसारित किए गए। प्रधानमंत्री आवास योजनान्तर्गत तृतीय किश्त प्राप्त आवासो को शीघ्र पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया। ग्राम पंचायतो में विभिन्न मद, सांसद निधी, विधायक निधी, आंगनवाडी निर्माण, जिला एवं जनपद स्तरीय 15 वा वित्त, सामुदायिक भवन आदि निर्माण कार्यो की समीक्षा की जाकर आगामी 2 माह में पूर्ण करने के निर्देश प्रसारित किए गए। विभागीय समीक्षा बैठक में ग्राम पंचायतों के द्वारा पंचायत दर्पण पोर्टल पर समय-सीमा में जल कर, संपति कर, एवं स्वच्छता कर की वसूली नियमानुसार करने के निर्देश दिए। ग्राम पंचायतों में निवासरत समग्र परिवारो केवायसी



की कार्यवाही समय-समय सीमा में संपादित करने हेतु निर्देशित किया गया।

बैठक में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा), खेत तालाब, प्रधानमंत्री आवास योजना (पीएमएवाई), पंचायत स्तर पर चल रहे निर्माण कार्य, स्वच्छ भारत मिशन (एसबीएम), राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम), वृक्षारोपण, बाल वाटिका, मां की बगिया, उद्यानिकी कार्य, स्वास्थ्य विभाग और महिला एवं बाल विकास विभाग की योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। योजनाओं के लाभार्थियों के लिए आधार-आधारित केवाईसी अनुपालन सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया. बैठक के दौरान, सीईओ ने सचिवों और सहायक अभियंताओं सहित अधिकारियों को अपूर्ण कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के लिए सख्त निर्देश दिए। उन्होंने समयसीमा का पालन सुनिश्चित करने और ग्रामीण आबादी तक योजनाओं का लाभ त्वरित रूप से पहुंचाने की आवश्यकता पर बल दिया।

समीक्षा बैठक उपरांत मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत देवास द्वारा स्वास्थ विभाग एवं महिला बाल विकास विभाग का निरीक्षण किया गया, तदोपरांत ग्राम पंचायत देवली, बरखेडा एवं पिपल्यासडक में देवास बाल वाटिका निर्माण कार्यो का निरीक्षण किया गया। उन्होंने ग्राम पंचायत डेबली और बरखेड़ा में बाल वाटिका परियोजनाओं का स्थलीय निरीक्षण किया, जहां निर्माण कार्यों की प्रगति और गुणवत्ता का मूल्यांकन किया गया। इसके अतिरिक्त, पिपल्या सड़क पर बाल बाड़ी स्थल का निरीक्षण किया गया और पोषण पुनर्वास केंद्र (एनआरसी) के कार्यों की समीक्षा की गई ताकि कुपोषण से निपटने में इसकी प्रभावी भूमिका सुनिश्चित की जा सके।सीईओ ने स्थानीय लोगों के साथ ग्रामीण विकास योजनाओं पर सकारात्मक चर्चा की और उनकी राय व सुझावों को सुना। इन चर्चाओं ने सतत विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने में सामुदायिक सहभागिता के महत्व को रेखांकित किया। सीईओ ने ग्रामीण क्षेत्रों में समावेशी विकास और जीवन स्तर में सुधार के लिए जिला पंचायत की प्रतिबद्धता को दोहराया। अधिकारियों को सभी चल रही परियोजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण करने और उनके कार्यान्वयन में पारदर्शिता व जवाबदेही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## तीन दिवसीय दीक्षारम्भ समारोह का आयोजन



विनय उजाला

**राजपुर, निप्र।** संत श्री सिंगाजी शासकीय महाविद्यालय, राजपुर में तीन दिवसीय दीक्षारम्भ समारोह का आयोजन उच्च शिक्षा विभाग मध्य प्रदेश शासन के आदेशानुसार किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ प्राचार्य एवं प्राध्यापकगण द्वारा माँ सरस्वती जी को माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। प्राचार्य डॉ अशोक ठाकुर ने अपने उदबोधन में कहा की दीक्षारम्भ भारतवर्ष की सनातन परम्परा रही है जिसके माध्यम से छात्र जीवन में शिक्षा के साथ संस्कार, संस्कृति, आध्यात्मिक एवं सामाजिक जुड़ाव को बढ़ावा दिया जाता है। स्टॉप ने नवप्रवेशित विद्यार्थियों को पुष्पमाला पहनाकर सम्मानित किया। तत्पश्चात सभी संकाय शिक्षकों ने अपना परिचय दिया साथ ही अपने विषय की मुलभुत बातों पर प्रकाश डाला। छात्रों को महाविद्यालय के सभी विभागों का भ्रमण कराया गया कार्यक्रम में डॉ झेड जाधव, डॉ सुरेश सस्ते, डॉ पवन डाबर, डॉ अनीता शिंदे डॉ. मनोज सोलंकी, डॉ सौभाग सिसोदिया, हरीश सिसोदिया उपस्थित रहें तीन दिवसीय कार्यक्रम का संचालन डॉ आरती पाल ने किया एवं आभार डॉ सचिन यादव ने व्यक्त किया।

# टेस्ट में दोहरा शतक लगाने वाले दूसरे युवा भारतीय कप्तान बने गिल



## सचिन और कोहली को पीछे छोड़ा

बर्मिंघम, एजेंसी

भारतीय कप्तान शुभमन गिल ने इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच की पहली पारी में दोहरा शतक जड़ा। गिल के टेस्ट करियर का यह पहला दोहरा शतक है। गिल पहले भारतीय कप्तान हैं जिन्होंने इंग्लैंड में दोहरा शतक लगाया है। वह 311 गेंद पर ऐसा करने में सफल रहे। गिल की दमदार पारी के दम पर भारत ने इंग्लैंड के खिलाफ बड़ा स्कोर बना लिया है।

### जडेजा के साथ शानदार साझेदारी

भारत ने दूसरे दिन की शुरुआत पांच विकेट पर 310 रन से की थी, लेकिन गिल और रवींद्र जडेजा ने छठे विकेट के लिए 203 रन जोड़कर भारत को मजबूत स्कोर तक पहुंचाया। जडेजा शतक पूरा नहीं कर सके और 89 रन बनाकर आउट हुए, लेकिन गिल टिके रहे और उन्होंने दोहरा शतक पूरा कर लिया। जडेजा और गिल के बीच हुई यह 200+ रनों की साझेदारी इंग्लैंड के खिलाफ किसी भारतीय जोड़ी के बीच छठे या उससे नीचे के विकेट के लिए तीसरी बड़ी साझेदारी है। इससे पहले ऋषभ पंत और रवींद्र जडेजा के बीच 2022 में इसी मैदान (एजबेस्टन) पर 222 रनों की साझेदारी हुई थी।

### इंग्लैंड में दोहरा शतक लगाने वाले 11वें कप्तान

गिल टेस्ट में दोहरा शतक लगाने वाले भारत के दूसरे युवा कप्तान हैं। उन्होंने इस मामले में सचिन तेंदुलकर और विराट कोहली को पीछे छोड़ दिया है। गिल ने 25 साल 298 दिन की उम्र में यह कारनामा किया है। भारत के लिए टेस्ट में दोहरा शतक लगाने वाले सबसे युवा कप्तान का रिकॉर्ड एम पटौदी के नाम है जिन्होंने 1964 में दिल्ली में खेले गए मैच में इंग्लैंड के ही खिलाफ ये उपलब्धि हासिल की थी। पटौदी ने 23 साल 39 दिन की उम्र में कप्तान के तौर पर टेस्ट में दोहरा लगाया था। सचिन ने कप्तान के तौर पर 1999 में न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट में दोहरा शतक लगाया था, उस वक्त उनकी उम्र 26 साल 189 दिन थी।

### गावस्कर को पीछे छोड़ा

गिल ने अपनी शानदार पारी के दम पर एक और उपलब्धि अपने नाम कर ली है। गिल इंग्लैंड में एक पारी में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। उन्होंने इस मामले में दिग्गज भारतीय बल्लेबाज सुनील गावस्कर को पीछे छोड़ दिया है। गावस्कर ने 1979 में द ओवल में खेले गए मैच में 221 रन बनाए थे। गिल 222 रन बनाते ही उन्हें पीछे छोड़ने में सफल रहे। 2002 में द ओवल में ही राहुल द्रविड़ ने 219 रन बनाए थे।

### दोहरा शतक लगाने वाले भारतीय टेस्ट कप्तान

गिल दोहरा शतक लगाने वाले भारतीय टेस्ट कप्तान की सूची में शामिल हो गए हैं। कोहली ने कप्तान रहते सात बार टेस्ट में दोहरा शतक लगाया है, जबकि मंसूर अली खान पटौदी, गावस्कर, सचिन, महेंद्र सिंह धोनी और गिल ने कप्तान रहते एक-एक बार दोहरा शतक लगाया है। गिल कोहली के बाद दूसरे भारतीय कप्तान हैं जिन्होंने विदेश में टेस्ट में दोहरा शतक लगाया है। वहीं, गिल पहले एशियाई कप्तान हैं जिन्होंने सेना देश (दक्षिण अफ्रीका, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया) में दोहरा शतक लगाया है।

# लोनाटो शॉटगन वर्ल्ड कप के लिए भारतीय स्कीट शूटर तैयार

## 73 देशों के बीच दिखेगा मुकाबले का रोमांच



नई दिल्ली, (हि.स.)

**अंतरराष्ट्रीय शूटिंग कैलेंडर के चौथे और अंतिम आईएसएसएफ शॉटगन वर्ल्ड कप चरण में भारत की स्कीट और ट्रैप शूटिंग टीम अपने अभियान की शुरुआत के लिए तैयार है। यह प्रतिष्ठित टूर्नामेंट 6 से 8 जुलाई तक इटली के लोनाटो स्थित खेल के ऐतिहासिक एम्फीथिएटर 'ट्रैप कॉनकेवर्डे' में आयोजित किया जाएगा।**

भारत की स्कीट टीम पहले ही लोनाटो पहुंच चुकी है, जहां उन्होंने कोच विक्रम चोपड़ा के नेतृत्व में अनौपचारिक अभ्यास शुरू कर दिया है। वहीं ट्रैप टीम के सदस्य 5 जुलाई को इटली पहुंचेंगे और प्रतियोगिता से पहले अपना आधिकारिक प्रशिक्षण सत्र शनिवार को करेंगे।

पुरुषों की स्कीट स्पर्धा में ओलंपियन मिराज अहमद ख़ान, अंगद वीर सिंह बजवा और अनंतजीत सिंह नरुका भारत की उम्मीदों का नेतृत्व करेंगे। वहीं महिलाओं की स्कीट टीम में महेश्वरी चौहान और रायज़ा ढिल्लों जैसी अनुभवी ओलंपियन के साथ गनेमत सेखों शामिल हैं। कोच विक्रम चोपड़ा ने गुरुवार लोनाटो से जानकारी देते हुए एक आधिकारिक बयान में कहा, टीम ने तेज़ी से परिस्थितियों के अनुकूल खुद को ढाल लिया है। खिलाड़ियों का उत्साह और समर्पण सराहनीय है। मंगलवार को हमने अनंत का जन्मदिन भी मनाया, जिससे टीम में एकजुटता का भाव और मज़बूत हुआ। ट्रैप स्पर्धा में भारत की अगुवाई पूर्व एशियन गेम्स रजत पदक विजेता लक्ष्य श्योराण करेंगे। उनके साथ अनुभवी ज़ोरावर सिंह संधू और उभरते हुए जसविंदर सिंह मैदान में उतरेंगे। महिलाओं की ओर से नीरू ढांडा, प्रीति रजक और प्रगति दुबे भारतीय चुनौती को मजबूती प्रदान करेंगी। इस साल भारत ने शॉटगन वर्ल्ड कप का एकमात्र पदक निकोसिया में मिश्रित ट्रैप स्पर्धा में जीता था। लोनाटो में भारत की ओर से दो जोड़ियां, लक्ष्य श्योराण और नीरू ढांडा, ज़ोरावर सिंह संधू और प्रीति रजक, पदक के लिए चुनौती पेश करेंगी।

### 551 से अधिक निशानेबाज

लोनाटो वर्ल्ड कप को शॉटगन शूटरों के बीच सबसे लोकप्रिय प्रतियोगिता माना जाता है। इस वर्ष इसमें 73 देशों से कुल 551 निशानेबाजों ने भाग लेने के लिए पंजीकरण किया है। इस आयोजन को विश्व चैंपियनशिप एथेंस से पहले सबसे महत्वपूर्ण अभ्यास अवसर माना जा रहा है।

### भारतीय दल की सूची

**स्कीट (पुरुष) :** मिराज अहमद ख़ान, अंगद वीर सिंह बजवा, अनंतजीत सिंह नरुका
**स्कीट (महिला) :** महेश्वरी चौहान, रायज़ा ढिल्लों, गनेमत सेखों
**ट्रैप (पुरुष) :** लक्ष्य श्योराण, ज़ोरावर सिंह संधू, जसविंदर सिंह
**ट्रैप (महिला) :** नीरू ढांडा, प्रीति रजक, प्रगति दुबे
**मिश्रित ट्रैप टीमें :** लक्ष्य श्योराण व नीरू ढांडा, ज़ोरावर सिंह संधू व प्रीति रजक

# शिवाकांत बने बीसीसीआई के मैच रेफरी, एसीए ने दी बधाई

प्रयागराज, (हि.स.)



शहर के वरिष्ठ क्रिकेटर और रेलवे एवं उत्तर प्रदेश के रणजी ट्रॉफी में प्रतिनिधित्व कर चुके शिवाकांत शुक्ला अब बीसीसीआई के मैच रेफरी बन गये हैं। बीसीसीआई की ओर से 15 जून को अहमदाबाद (गुजरात) में आयोजित परीक्षा में शिवाकांत शुक्ला ने टॉप किया है।

यह जानकारी इलाहाबाद क्रिकेट एसोसिएशन के निदेशक आरपी भटनागर ने देते हुए बताया कि इस परीक्षा में 45 वर्ष से कम आयु वाले पूर्व प्रथम श्रेणी क्रिकेटरों को भाग लेने की अनुमति दी गई थी। शिवाकांत से पहले प्रयागराज (तब इलाहाबाद) से रोहित प्रकाश भी बीसीसीआई के मैच रेफरी बन चुके हैं। उन्होंने बताया कि इलाहाबाद क्रिकेट एसोसिएशन की एक बैठक निदेशक ताहिर हसन की अध्यक्षता में हुई।

# दिल्ली प्रीमियर लीग : पुरानी दिल्ली 6 में एक बार फिर दिखेगा ऋषभ पंत का जलवा

नई दिल्ली, (हि.स.)

दिल्ली प्रीमियर लीग (डीपीएल) 2025 के आगामी सीजन से पहले सेमीफाइनलिस्ट टीम पुरानी दिल्ली 6 ने अपने स्टार विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत को एक बार फिर टीम में शामिल करने की आधिकारिक घोषणा की है। पंत की वापसी से टीम को एक बार फिर नेतृत्व, अनुभव और आक्रामकता का जबरदस्त संबल मिलेगा।



डीपीएल 2024 में पुरानी दिल्ली 6 का प्रदर्शन बेहद सराहनीय रहा था। टीम सेमीफाइनल तक पहुंची, लेकिन बारिश के कारण मुकाबला रद्द होने से खिताबी दौड़ वहीं थम गई। अब टीम पूरी तैयारी और नई ऊर्जा के साथ खिताब जीतने की दिशा में कदम बढ़ा रही है। टीम के मालिक आकाश नांगिया ने गुरुवार को ऋषभ पंत को लेकर एक बयान में कहा, ऋषभ सिर्फ एक विश्वस्तरीय क्रिकेटर नहीं, बल्कि पुरानी दिल्ली 6 की आत्मा हैं। उनकी मौजूदगी टीम में जुनून और आत्मविश्वास भरती है। पिछली बार हम खिताब के बेहद करीब थे। इस बार हमारा फोकस सिर्फ ट्रॉफी पर है।

उन्होंने कहा, डीपीएल युवाओं के लिए खुद को साबित करने का बेहतरीन मंच है। दिग्वेश राठी, प्रियांश आर्या जैसे प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने यहीं से सफर शुरू किया। मैं आयोजन समिति, विशेष रूप से रोहन जेटली और डीडीसीए का आभार व्यक्त करता हूं।

## व्यापार

# मॉयल ने जून में रिकॉर्ड 1.68 लाख टन मैंगनीज अयस्क का किया उत्पादन



**नई दिल्ली, (हि.स)।** सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी मॉयल लिमिटेड ने जून महीने में 1.68 लाख टन मैंगनीज अयस्क का उत्पादन किया है, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 2 फीसदी अधिक है। कंपनी ने अपनी स्थापना के बाद से रिकॉर्ड तिमाही उत्पादन दर्ज किया है। इस्पात मंत्रालय के मुताबिक चालू वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही (अप्रैल-जून) की अवधि के दौरान मॉयल लिमिटेड का 5.02 लाख टन का अबतक का सर्वश्रेष्ठ तिमाही उत्पादन रहा, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 6.8 फीसदी अधिक है। इसके अलावा 34,900 मीटर की अबतक की सर्वश्रेष्ठ प्रथम तिमाही अन्वेषीकोर ड्रिलिंग है, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 16.2 फीसदी अधिक है। मॉयल लिमिटेड के अध्यक्ष सह-प्रबंध निदेशक अजित कुमार सक्सेना ने कंपनी के परिणामों पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि वित्त वर्ष 2025-26 की अप्रैल-जून तिमाही में कंपनी का शानदार प्रदर्शन कंपनी की मजबूत बुनियाद और निरंतर विकास की संभावनाओं को दर्शाता है। मैंगनीज अयस्क का खनन करने वाली सार्वजनिक क्षेत्र की मॉयल लिमिटेड भारत सरकार के इस्पात मंत्रालय के अधीन एक मिनीरत्न कंपनी है।

## इंदौर भाव-ताव

### सोना - चांदी में मांग घटी

**इंदौर (व्यापार प्रतिनिधि)।** छावनी व्यापारिक मंडी ( प्रति क्विंटल) - चना कांटा 6150 - 6200 विशाल चना 5900 - 5950 डंकी चना 5600 - 5650 मसूर 6100 - 6150 नई 6000 मूंग एवरेज 7200 - 7700 मूंग ( गर्मी का) 8000 - 8200 उड़द ( गर्मी) बेस्ट - 8300 - 8800 एवरेज मीडियम उड़द 6500 - 7800 हल्की उड़द 3000 - 5000 रुपए।

**तिलहन -** (प्रति क्विंटल-) सोयाबीन 4375 - 4400 सरसों निमाड़ी बारीक 5800 - 5850 एवरेज बारीक 5000 - 5005 रुपए।

**दाल भाव** (प्रति क्विंटल) - तुअर दाल फूल 11000 - 11200 तुअर दाल सवा नंबर 10800 - 11000 चना दाल 8100 - 8200 एक्स्ट्रा बोल्ड 9100 मसूर दाल 7500 - 7550 मूंग दाल 9200 - 9400 मूंग मोगर 9600 - 9700 उड़द दाल 12500 - 13000 उड़द मोगर 12500 - 13000 रुपए।

**तेल बाजार** (प्रति 10 किलो) - मूंगफली तेल इंदौर 1470 - 1480 मुबंई 1520 - 1525 गुजरात 1485 - 1490 सोया रिफाइंड तेल इंदौर 1315 - 1320 सोया सॉल्वेंट 1255 - 1270 इंदौर पाम ऑइल 1425 - 1430 रुपए। **मावा -** 340 रुपए किलो।

**इंदौर सराफा बाजार :** सोना 10 ग्राम 89800 रुपए। चाँदी 100000 रुपए किलो। चाँदी सिक्का 1100 रुपये प्रति नग। सोना 3025 डॉलर प्रति औंस। चाँदी 3343 सेंट प्रति औंस

## बाजार की कमजोरी से निवेशकों को 53 हजार करोड़ की लगी चपत

# लगातार दूसरे दिन कमजोरी के साथ बंद हुआ शेयर बाजार

नई दिल्ली, (हि.स.)

**पूरे दिन उतार-चढ़ाव का सामना करने के बाद घरेलू शेयर बाजार आज लगातार दूसरे दिन गिरावट के साथ बंद हुआ। आज के कारोबार की शुरुआत मजबूती के साथ हुई थी। बाजार खुलते ही लिवालों और बिकवालों के बीच खींचतान शुरू हो गई, जिसकी वजह से सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों की चाल में भी लगातार ऊपर-नीचे होने लगी। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.20 प्रतिशत और निफ्टी 0.19 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुए।**

आज दिन भर के कारोबार के दौरान ऑटोमोबाइल, ऑयल एंड गैस और फार्मास्यूटिकल सेक्टर के शेयरों में जमकर खरीदारी होती रही। इसी तरह कैपिटल गुड्स, कंज्यूमर ड्युरेबल्स और एफएमसीजी इंडेक्स भी मजबूती के साथ बंद हुए। दूसरी ओर रियल्टी, मेटल और बैंकिंग सेक्टर के शेयरों में आज लगातार बिकवाली का दबाव बना रहा। इसी तरह आईटी और टेक इंडेक्स भी कमजोरी के साथ बंद हुए। ब्रॉडर मार्केट में भी आज मिला-जुला कारोबार होता रहा, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 0.06 प्रतिशत की कमजोरी के साथ बंद हुआ। इसके विपरीत स्मॉलकैप इंडेक्स ने 0.47 प्रतिशत की मजबूती के साथ आज के कारोबार का अंत किया।



आज शेयर बाजार में आई कमजोरी के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में 50 हजार करोड़ रुपये से अधिक की कमी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद घट कर 460.28 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया। जबकि पिछले कारोबारी दिन यानी बुधवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 460.81 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 53 हजार करोड़ रुपये का नुकसान हो गया।

आज दिन भर के कारोबार में बीएसई में 4,168 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें 2,010 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि 1,995 शेयरों में गिरावट का रुख रहा, वहीं 163 शेयर बिना किसी उतार चढ़ाव के बंद हुए। एनएसई में आज 2,646 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें से 1,283 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में और 1,363 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में बंद हुए। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 11 शेयर बढ़त के साथ और 19 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 21 शेयर हरे निशान में और 29 शेयर लाल निशान में बंद हुए। बीएसई का सेंसेक्स आज 131.05 अंक की मजबूती के साथ 83,540.74 अंक के स्तर पर खुला।

कारोबार की शुरुआत होते ही लिवालों और बिकवालों के बीच एक दूसरे पर हावी होने की कोशिश शुरू हो गई, जिसके कारण इस सूचकांक की चाल में भी उतार-चढ़ाव होने लगा। खरीदारी के सपोर्ट से सेंसेक्स 440.40 अंक की मजबूती के साथ 83,850.09 अंक तक पहुंचा। दूसरी ओर, बिकवाली का दबाव बनने पर ये सूचकांक ऊपरी स्तर से 660 अंक से अधिक का गोता लगा कर 222.95 अंक की कमजोरी के साथ 83,186.74 अंक तक गिर भी गया।

# भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो का अगला संस्करण वर्ष 2027 में किया जाएगा आयोजित




**नई दिल्ली, (हि.स)।** भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो (बीएमजीई) के तीसरे संस्करण का आयोजन दिल्ली में वर्ष 2027 में 4 से 9 फरवरी तक होने वाला है। इस एक्सपो के आयोजन का उद्देश्य उद्योग के प्रतिनिधियों, नीति निर्माताओं और प्रौद्योगिकी विशेषज्ञों सहित गतिशीलता स्पेक्ट्रम के विभिन्न हितधारकों को एक साथ लाना है।

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने गुरुवार को एक बयान में बताया कि भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो 2024 और 2025 में आयोजित पहले दो संस्करणों ने उद्योग के एक विस्तृत क्रॉस-सेक्शन से भागीदारी की और वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं के साथ स्वच्छ गतिशीलता, नवाचार और एकीकरण जैसे विषयों पर ध्यान केंद्रित किया। वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय और भारी उद्योग मंत्रालय के समर्थन के साथ आयोजित बीएमजीई मोटर वाहन और गतिशीलता मूल्य श्रृंखला में विकास को दिखाने के लिए एक व्यापक मंच के रूप में विकसित हुआ है। मंत्रालय ने कहा कि 2025 के संस्करण में तीन स्थानों पर 2 लाख वर्ग मीटर की दूरी तय की गई। भारत मंडपम, यशोभूमी और इंडिया एक्सपो सेंटर और मार्ट, ग्रेटर नोएडा- और 1500 से अधिक प्रदर्शकों ने भागीदारी दर्ज की। वहीं, 9.8 लाख से अधिक आगंतुकों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया, जिसमें उत्पाद लॉन्च, प्रौद्योगिकी शोकेस, सम्मेलन, खरीदार-विक्रेता मीट और अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधिमंडल शामिल थे।

# लुलु समूह ने एपीडा के साथ साझेदारी में इंडियन मैंगो मेनिया लॉन्च किया

नई दिल्ली, (हि.स)

**आम के मौसम में लुलु समूह ने अबू धाबी में कृषि एवं प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण ( एपीडा ) के साथ साझेदारी में भारतीय मैंगो मेनिया 2025 लॉन्च किया। यूएई में भारतीय राजदूत संजय सुधीर ने इंडियन मैंगो मेनिया का उद्घाटन किया।**

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के मुताबिक भारतीय मैंगो मेनिया का आयोजन भारतीय कृषि उत्पादों, विशेष रूप से आमों की वैश्विक उपस्थिति को बढ़ाने के अपने सतत प्रयासों के तहत अबू धाबी में किया गया है। यूएई में स्थित भारतीय दूतावास और लुलु समूह के सहयोग से इस आम उत्सव की शुरुआत की गई। यहां भारत की बेहतरीन आम की किस्मों के साथ-साथ आम से बने स्वादिष्ट व्यंजनों और व्यंजनों का प्रदर्शन किया गया है।



आम की किस्मों के साथ-साथ आम से बने स्वादिष्ट व्यंजनों और व्यंजनों का प्रदर्शन किया गया

केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा, भारत के बेहतरीन आमों ने यूएई के बाजारों को जीत लिया है। 'इंडियन मैंगो मेनिया 2025' उत्तर प्रदेश, बिहार, पश्चिम बंगाल और मध्य प्रदेश भर के बागों से हमारे प्रीमियम स्थानीय फल के स्वादों को अमीरात में ग्राहकों के लिए पहुंचा रहा है। हमारे किसान और निर्यातक वैश्विक बाजारों से बढ़ती मांग के साथ अपनी मेहनत की मीठी सफलता का स्वाद चख रहे हैं।

मंत्रालय के मुताबिक इंडियन मैंगो मेनिया 2025 में जीआई-टैग विशिष्टताओं सहित भारतीय आम की उत्कृष्ट किस्मों का प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शित भारतीय आम की उम्दा किस्मों में जीआई-टैग और क्षेत्रीय विशिष्टताएं जैसे बनारसी लंगड़ा, दशहरी, चौसा, सुंदरजा, आम्रपाली, मालदा, भारत भोग, प्रभा शंकर, लक्ष्मण भोग, महमूद बहार, वृंदावनी, फजली और मल्लिका शामिल हैं।

# घरेलू सर्राफा बाजार में लगातार दूसरे दिन तेजी, सोना और चांदी की बढ़ी चमक

नई दिल्ली, (हि.स.)

घरेलू सर्राफा बाजार में लगातार दूसरे दिन तेजी का रुख बना हुआ है। सोना आज 840 रुपये से लेकर 920 रुपये प्रति 10 ग्राम तक महंगा हो गया है। इसी तरह चांदी के भाव में भी आज मामूली तेजी दर्ज की गई है। भाव में तेजी आने की वजह से आज देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना 99,330 रुपये से लेकर 99,480 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 91,050 रुपये से लेकर 91,200 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। वहीं चांदी के भाव में भी तेजी आने की वजह से ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में आज 1,11,000 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर पहुंच गई है।

दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 99,480 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 91,200 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 99,330



रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 91,050 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 99,380 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 91,100 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 99,330 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 91,050 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 99,330 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 91,050 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है।

लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 99,480 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 91,200 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### डीएसी ने 1.05 लाख करोड़ के 10 सैन्य खरीद प्रस्तावों को दी मंजूरी, रक्षा तैयारियों को मिलेगा बड़ा बल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में आज रक्षा अधिग्रहण परिषद (डीएसी) की बैठक में करीब 1.05 लाख करोड़ रुपये की लागत वाले 10 प्रमुख रक्षा खरीद प्रस्तावों को मंजूरी दे दी गई। ये सभी प्रस्ताव खरीद (भारतीय-आईडीडीएम) यानी स्वदेशी रूप से डिजाइन, विकसित और निर्मित श्रेणी के अंतर्गत आते हैं। यह कदम न केवल सशस्त्र बलों की क्षमता बढ़ाने की दिशा में अहम है, बल्कि आत्मनिर्भर भारत अभियान को भी मजबूती देगा। रक्षा मंत्रालय की तरफ से जिन उपकरणों और प्रणालियों की खरीद को मंजूरी दी गई है। इसमें ये सभी शामिल हैं। बख्तरबंद रिकवरी वाहन-युद्ध के दौरान क्षतिग्रस्त टैंकों और भारी वाहनों को सुरक्षित बाहर निकालने के लिए। इलेक्ट्रॉनिक युद्ध प्रणाली -दुश्मन की रडार और संचार प्रणाली को निष्क्रिय करने की अत्याधुनिक तकनीक। एकीकृत कॉमन इन्वेंट्री मैनेजमेंट सिस्टम -थल, वायु और नौसेना के बीच आपूर्ति श्रृंखला को बेहतर और अधिक समन्वित बनाने के लिए। सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइलें -वायुसेना और नौसेना की हवाई सुरक्षा को मजबूत करने के लिए।



नौसेना की सुरक्षा क्षमताओं को बढ़ाने के लिए भी कई महत्वपूर्ण खरीदों की स्वीकृति दी गई हैं। जिसमें मूर्ड माइंस ङ्क जलपोतों की सुरक्षा के लिए समुद्र में लगाए जाने वाले विस्फोटक उपकरण और माइन काउंटर मेजर वेसल्स ङ्क समुद्र में बिछाए गए दुश्मन के माइंस को निष्क्रिय करने वाले जहाज शामिल है। इसके साथ-साथ सुपर रैपिड गन माउंट ङ्क तेज फायरिंग वाली बंदूकें जो समुद्री खतरों से बचाव में मदद करेंगी। इसमें सबमर्सिबल ऑटोनॉमस वेसल्स ङ्क बिना किसी चालक के पानी के नीचे चलने वाली उन्नत नावें, जो निगरानी और खुफिया जानकारी जुटाने में सहायक होंगी। इन सभी परियोजनाओं को भारतीय रक्षा उद्योग द्वारा डिजाइन, विकसित और निर्मित किया जाएगा। इससे मेक इन इंडिया के तहत घरेलू रक्षा उत्पादन को काफी बढ़ावा मिलेगा और भारत की विदेशी आयातों पर निर्भरता भी कम होगी।

### दिल्ली से वॉशिंगटन जा रही एअर इंडिया की फ्लाइट में तकनीकी खराबी, वियना में रोकने के बाद की गई रद्द



**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली से वॉशिंगटन जा रही एअर इंडिया की फ्लाइट में अचानक तकनीकी खराबी आ गई। वियना में ईंधन भरने के लिए फ्लाइट के ठहराव के बाद खराबी का पता चला। इसके बाद फ्लाइट को रद्द कर दिया। एयरलाइन ने विमान से वॉशिंगटन के लिए यात्रा कर रहे यात्रियों को वियना में उतारकर वैकल्पिक सुविधा के जरिये यात्रा कराई गई। साथ ही पूर्ण धनवापसी की पेशकश की गई। इसके अलावा एअर इंडिया की वॉशिंगटन डीसी से वियना के रास्ते नई दिल्ली आने वाली फ्लाइट को भी रद्द कर दिया गया। एअर इंडिया के प्रवक्ता ने बताया कि दो जुलाई को नई दिल्ली से वॉशिंगटन डीसी जा रहे विमान संख्या ङ्ग103 को वियना में ईंधन भरने के लिए रोका गया था। ईंधन भरने के दौरान नियमित जांच के वक्त विमान तकनीकी खराबी का पता लगा। इस खराबी को ठीक करने के लिए अतिरिक्त समय की जरूरत थी। इसके कारण विमान की वियना से वाशिंगटन डीसी तक की यात्रा रद्द कर दी गई और यात्रियों को उतार दिया गया।

वीजा-मुक्त प्रवेश के लिए पात्र यात्रियों या वैध शेंगेन वीजा वाले यात्रियों को अगली उपलब्ध उड़ान तक वियना में होटल में रहने की सुविधा प्रदान की गई। जबकि प्रवेश की अनुमति के बिना वाले यात्रियों के लिए ऑस्ट्रियाई अधिकारियों की ओर से आव्रजन और सुरक्षा मंजूरी मिलने तक रहने की व्यवस्था की जा रही है। इसके बाद वॉशिंगटन डीसी से वियना होते हुए दिल्ली जाने वाली उड़ान ङ्ग104 भी रद्द कर दी गई और प्रभावित यात्रियों को दिल्ली के लिए वैकल्पिक उड़ानों में बुक किया गया। साथ ही उनकी प्राथमिकताओं के आधार पर पूरा रिफंड दिया गया। एअर इंडिया के प्रवक्ता ने कहा कि असुविधा के लिए गहरा खेद है और वह सभी यात्रियों और चालक दल की सुरक्षा को प्राथमिकता देने के लिए प्रतिबद्ध है। यह निर्णय उड़ान से पहले सुरक्षा जांच पहल के तहत लिया गया था।

### दलाई लामा के उत्तराधिकारी चुनाव पर भारत ने चीन को फटकारा, कहा- फैसला सिर्फ तिब्बती धर्मगुरु लेंगे

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दलाई लामा के उत्ताराधिकारी के चुनाव को लेकर विवाद के बीच अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू ने चीन को फटकार लगाई है। रिजिजू ने गुरुवार को साफ शब्दों में कहा कि दलाई लामा के उत्तराधिकारी को चुनने का निर्णय स्थापित संस्था और दलाई लामा ही लेंगे। इसमें किसी अन्य की कोई भूमिका नहीं होगी।



तिब्बत के सर्वोच्च धमर्गुरु 14वें दलाई लामा ने जब से अपने उत्तराधिकारी को चुनने का एलान किया है, तब से चीन इस चुनाव में हस्तक्षेप करना चाहता है। चीन का कहना है कि दलाई लामा के उत्तराधिकारी को बीजिंग सरकार से मंजूरी लेनी होगी। बुधवार को तिब्बती आध्यात्मिक गुरु दलाई लामा ने कहा कि दलाई लामा संस्था जारी रहेगी और केवल गादेन फोडरंग ट्रस्ट को ही उनके उत्तराधिकारी को मान्यता देने का अधिकार होगा। रिजिजू ने कहा कि दलाई लामा बौद्धों के लिए सबसे महत्वपूर्ण और निर्णायक संस्था हैं। उन्होंने आगे कहा कि उनके अगले अवतार का चुनाव स्थापित परंपरा और दलाई लामा की इच्छा के अनुसार होना चाहिए। उनके और मौजूदा परंपराओं के अलावा किसी और को इसका निर्णय लेने का अधिकार नहीं है। बौद्ध धर्म को मानने वाले रिजिजू और उनके साथी केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह 6 जुलाई को धर्मशाला में दलाई लामा के 90वें जन्मदिन समारोह में भारत सरकार का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। 14वें दलाई लामा तिब्बतियों और बौद्ध धर्म की नालंदा परंपरा का पालन करने वाले सभी लोगों के लिए सबसे महत्वपूर्ण संस्था हैं।

### कामाख्या मंदिर पर कथित आपत्तिजनक टिप्पणी, असम पुलिस ने न्यूज एंकर और राजा रघुवंशी की बहन को भेजा समन

**गुवाहाटी, एजेंसी।** गुवाहाटी पुलिस की क्राइम ब्रांच ने एक न्यूज एंकर और राजा रघुवंशी की बहन सृष्टि रघुवंशी को समन भेजा है। उन पर असम के प्रसिद्ध कामाख्या मंदिर को लेकर कथित आपत्तिजनक और मानहानिकारक बयान देने का आरोप है। बता दें कि, कामाख्या मंदिर हिंदू धर्म के 51 शक्तिपीठों में से एक है और मां कामाख्या को समर्पित यह मंदिर असम की धार्मिक आस्था का एक महत्वपूर्ण केंद्र है। गुवाहाटी सिटी पुलिस के अनुसार, एक न्यूज चैनल पर प्रसारित इंटरव्यू के दौरान एंकर ने कामाख्या मंदिर को लेकर कथित रूप से झूठे और आपत्तिजनक बयान दिए। इस इंटरव्यू में सृष्टि रघुवंशी भी मौजूद थीं और उन्होंने एंकर की बातों का समर्थन किया। क्राइम ब्रांच पुलिस स्टेशन में इस संबंध में केस नंबर 04/2025 दर्ज किया गया है।

# इस्राइल ने गाजा में रातभर किए हवाई हमले और गोलीबारी

तेल अवीव, एजेंसी

**संघर्ष विराम की कोशिशों के बीच इस्राइली सेना ने गाजा में रात भर हवाई हमले और गोलीबारी की। इन हमलों में 82 फलस्तीनियों की मौत हुई है। अस्पताल और स्वास्थ्य मंत्रालय ने इन हमलों के बारे में जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि 82 लोगों में से 38 लोगों की मौत तब हुई जब वे मानवीय सहायता पाने की कोशिश कर रहे थे।**



**82 फिलिस्तीनी मारे गए**

जानकारी के मुताबिक, गाजा ह्यूमैनिटेरियन फाउंडेशन से जुड़े स्थलों के आसपास पांच लोग मारे गए। यह नव निर्मित, गुप्त अमेरिकी संगठन है, जो गाजा पट्टी की आबादी को भोजन उपलब्ध कराने के लिए इस्राइल द्वारा समर्थित है। इनके अलावा, गाजा पट्टी में अन्य स्थानों पर सहायता ट्रकों का इंतजार करते समय 33 अन्य लोग मारे गए।

हालांकि, इस्राइली सेना ने बुधवार रात और गुरुवार सुबह के हमलों पर अभी तक कोई टिप्पणी नहीं की। गौरतलब है कि इस्राइली सेना ने यह हमले तब किए हैं जब एक दिन पहले ही इस्राइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने हमास का जड़ से खात्मा करने की बात कही थी।

इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने साफ कर दिया है कि गाजा में युद्ध खत्म होने के बाद हमास का कोई वजूद नहीं रहेगा। बुधवार को अपने बयान में नेतन्याहू ने कहा कि गाजा से हमास का पूरी तरह सफाया किया जाएगा और इस्राइल की सुरक्षा को सबसे ऊपर रखा जाएगा।

वहीं, अमेरिका भी इस मुद्दे को शांतिपूर्ण ढंग से सुलझाने की कोशिश में जुटा है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मंगलवार को कहा कि इस्राइल 60 दिनों के युद्धविराम पर सहमत हो गया है। ट्रंप ने हमास से अपील की है कि वह जल्द से जल्द इस प्रस्ताव को स्वीकार करे, क्योंकि हालात और ज्यादा खराब हो सकते हैं। अमेरिका पिछले कुछ हफ्तों से इस्राइल और हमास पर युद्ध रोकने के लिए दबाव बना रहा है।

#### गाजा में जंग से तबाही

गाजा में बीते कई महीनों से जारी संघर्ष ने इलाके को पूरी तरह तबाह कर दिया है। हजारों लोगों की मौत हो चुकी है, बड़ी संख्या में लोग घायल हैं और आम नागरिकों को भारी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। स्कूल, अस्पताल और जरूरी सुविधाएं बुरी तरह प्रभावित हुई हैं। ऐसे में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर युद्धविराम की मांग लगातार उठ रही है।

### साल के आखिर तक घूमती रहेगी नौकरशाहों की प्रदर्शन मूल्यांकन रिपोर्ट, एआईएस को मिल रही भरपूर छूट





**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अखिल भारतीय सेवा (एआईएस) के तहत आने वाले आईएएस, आईपीएस और आईएफएस अधिकारियों की प्रदर्शन मूल्यांकन रिपोर्ट (पीएआर) के भरने और उसे स्वीकार करने की प्रक्रिया अब सालभर चलेगी। डीओपीटी ने पीएआर की रिपोर्टिंग, मूल्यांकन और उसे स्वीकार करने की तिथि को आगे बढ़ा दिया है। अब यह प्रक्रिया 31 दिसंबर 2025 तक जारी रहेगी। इस बाबत डीओपीटी ने केंद्रीय मंत्रालयों/विभागों और राज्यों एवं यूटी के मुख्य सचिवों को अवगत करा दिया है।

डीओपीटी के मुताबिक, आईएएस, आईपीएस और आईएफएस अधिकारियों की प्रदर्शन मूल्यांकन रिपोर्ट (पीएआर) के भरने की तिथि 31 मई 2025 तय की गई थी। इसके बाद 16 मई को सेल्फ अप्रेजल रिपोर्ट जमा करने की तारीख 30 जून कर दी गई। अब इस तिथि को 15 जुलाई तक बढ़ा दिया गया है। अप्रेजल रिपोर्टिंग अथॉरिटी के लिए यह तिथि 31 जुलाई 2025 तय की गई। इसके बाद उक्त तिथि को 31 अगस्त तक बढ़ा दिया गया। अब इस तिथि को 15 सितंबर तक बढ़ाया गया है।

उक्त प्रक्रिया में प्रदर्शन मूल्यांकन अथॉरिटी के लिए 30 सितंबर आखिरी तिथि रखी गई थी। इसके बाद तिथि को 31 अक्तूबर तक बढ़ा दिया गया। अब इस तिथि को 15 नवंबर तक बढ़ाया गया है।

## जब वो वक्त आएगा, तब देखेंगे, अमेरिकी सांसद के नए रूस विरोधी बिल पर बोले जयशंकर

वॉशिंगटन, एजेंसी

भारतीय विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर अमेरिका दौरे पर हैं। बुधवार को उनसे अमेरिकी सांसद लिंडसे ग्राहम के नए विधेयक को लेकर सवाल किया गया तो उन्होंने कहा कि भारतीय दूतावास और हमारे राजदूत लिंडसे ग्राहम के संपर्क में हैं, बाकी जब विधेयक पारित होगा तो उस वक्त देखा जाएगा कि क्या करना है। एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए जयशंकर ने कहा कि भारत अपनी ऊर्जा सुरक्षा को लेकर चिंतित है और इस बारे में ग्राहम को भी समझाने की कोशिश हो रही है।

गौरतलब है कि अमेरिका के सीनेटर लिंडसे ग्राहम रूस प्रतिबंध विधेयक ला रहे हैं, जिसमें रूस से तेल, गैस, यूरेनियम और अन्य उत्पाद खरीदने वाले देशों से अमेरिका में आने वाले सामान पर 500 प्रतिशत टैरिफ लगाने का प्रावधान है। अगर ऐसा होता है तो भारत की मुश्किलें बढ़ सकती हैं क्योंकि जब से रूस यूक्रेन युद्ध शुरू हुआ है, तब से भारत अपनी जरूरत के तेल का बड़ा हिस्सा रूस से ही खरीद रहा है। अब स्थिति ये है कि भारत जितना तेल खाड़ी देशों से खरीदता है, उससे ज्यादा अकेले रूस से खरीद रहा है।



#### सीनेटर के संपर्क में हैं भारतीय राजदूत

जब डॉ. जयशंकर से लिंडसे ग्राहम के बिल को लेकर सवाल किया गया तो उन्होंने कहा कि सीनेटर लिंडसे ग्राहम के बिल की बात है तो जो कुछ भी हो रहा है और ये हमारे हितों पर भी असर डाल सकता है, इसलिए हम लिंडसे ग्राहम के संपर्क में हैं। हमारे राजदूत उनसे बात कर रहे हैं। हमारे ऊर्जा सुरक्षा संबंधी चिंताओं की उन्हें जानकारी दे दी गई है। लिंडसे ग्राहम के इस बिल को सीनेट में 80 सीनेटर्स का समर्थन मिल चुका है। रूस यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद पश्चिमी देशों ने रूस पर कई प्रतिबंध लगाए थे, लेकिन भारत ने रूस से तेल खरीदना जारी रखा और कूटनीति के जरिए सभी पक्षों को साधने में सफल रहा। हालांकि अब मुश्किल बढ़ती नजर आ रही है।

## सरकारी कर्मियों को झटका

## 6 साल से एक ही प्वाइंट पर अटकी जीपीएफ दर 7.1 प्रतिशत से आगे नहीं बढ़ रही ब्याज दर

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्र सरकार ने एक अप्रैल 2025 से 30 जून 2025 की तिमाही के लिए सामान्य भविष्य निधि जीपीएफ पर मिलने वाले ब्याज की दरों में कोई बदलाव नहीं किया था। जीपीएफ की ब्याज दरों को छह साल से एक ही प्वाइंट पर रखा जा रहा है। इसे केंद्रीय कर्मियों के लिए तगड़ा झटका बताया जा रहा है। वित्त मंत्रालय के आर्थिक कार्य विभाग ने एक जुलाई 2025 से 30 सितंबर 2025 तक जीपीएफ पर मिलने वाले ब्याज की दरों की घोषणा कर दी है। इस तिमाही के लिए ब्याज की दर 7.1 फीसदी ही रहेगी।

वित्त मंत्रालय के आर्थिक कार्य विभाग ने इस वर्ष एक जनवरी से 31 मार्च तिमाही के दौरान जनरल प्रोविडेंट फंड और उससे मिलते जुलते अन्य प्रोविडेंट फंड के लिए ब्याज की दरें घोषित की थीं। उस वक्त ब्याज दर 7.1 प्रतिशत रखी गई। नव वर्ष में सरकारी कर्मियों को एनडीए सरकार से जनरल प्रोविडेंट फंड की दरों में बदलाव किए जाने की उम्मीद थी, लेकिन वित्त मंत्रालय ने ब्याज की दरों में किसी तरह का कोई बदलाव नहीं किया गया। लंबे समय से ब्याज दरों को स्थिर रखा गया है।



वर्ष 2021-22 के दौरान सामान्य भविष्य निधि तथा उसी प्रकार की अन्य निधियों के अभिदाताओं की कुल जमा रकमों पर दी जाने वाली ब्याज दर एक जुलाई 2021 से लेकर सितंबर 2021 तक 7.1 फीसदी रखी गई थी। आर्थिक कार्य विभाग के 19 अप्रैल 2021 को जारी संकल्प में भी सामान्य भविष्य निधि की राशि पर ब्याज दर 7.1 फीसदी तय की गई थी। उस वक्त देश में कोरोना की दूसरी लहर ने अपना कहर बरपा रखा था। तब केंद्रीय कर्मियों का महंगाई भत्ता भी 18 माह से रोका गया था। इसी वजह से कर्मियों को यह उम्मीद थी कि सरकार जीपीएफ की राशि पर मिलने वाले ब्याज की दरों में बढ़ोतरी करेगी, लेकिन ऐसा कुछ नहीं हो सका। एक जुलाई 2020 से लेकर 30 सितंबर 2020 तक जीपीएफ पर मिलने वाले ब्याज की दर 7.1 फीसदी रखी गई थी।

#### वार्षिक योगदान की सीमा 5 लाख रुपये तय

कर्मचारी अपने जीपीएफ में से 90 फीसदी राशि निकाल सकते हैं। हालांकि इस लेकर नियम-शर्तें बदलती रहती हैं। बच्चों की शिक्षा, शादी, घर बनाना या उसके लिए प्लाट खरीदना, फ्लैट लेना है, पुश्तैनी मकान की रिपेयर करानी है और घर का लोन चुकाना है, जैसे कामों में जीपीएफ राशि काम आ जाती है। तीन वर्ष पहले केंद्र सरकार ने एक वित्त वर्ष में जनरल प्रोविडेंट फंड में वार्षिक योगदान की सीमा 5 लाख रुपये तय कर दी थी। नए प्रावधान के अनुसार, एक वित्त वर्ष में जीपीएफ खाते में जमा की गई कुल राशि पांच लाख रुपये से ज्यादा नहीं हो सकती है।

#### इन विभागों में लागू होती हैं दरें

ये दरें सामान्य भविष्य निधि (केंद्रीय सेवाएं), अंशदायी भविष्य निधि (भारत), अखिल भारतीय सेवा भविष्य निधि, राज्य रेलवे भविष्य निधि (रक्षा सेवाएं), भारतीय आयुद्ध विभाग भविष्य निधि, भारतीय आयुद्ध कारखाना कामगार भविष्य निधि, भारतीय नौसेना गोदी कामगार भविष्य निधि, रक्षा सेवा अधिकारी भविष्य निधि और सशस्त्र सेना कार्मिक भविष्य निधि पर लागू होती हैं। जीपीएफ में जमा कर्मियों की राशि पर बैंकों के मुकाबले ब्याज अधिक मिलता है, इसलिए बहुत से कर्मचारी अपना शेयर बढ़ा देते हैं। जीपीएफ में ज्यादा वेतन इसलिए कटवाया जाता था, ताकि कर्मचारी अपनी बड़ी जरूरत के समय इसका इस्तेमाल कर सकें।

## डेनमार्क ने संभाली यूरोपीय संघ की अध्यक्षता, यूक्रेन युद्ध और ट्रंप की टैरिफ नीति बड़ी चुनौती

ऑरहुस, एजेंसी

डेनमार्क ने यूरोपीय संघ (ईयू) की छह महीने की अध्यक्षता संभाल ली है। अध्यक्षता की शुरुआत गुरुवार को हुई, जब डेनमार्क ने रूस-यूक्रेन युद्ध और अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की टैरिफ नीति से पैदा हुई व्यापारिक उथल-पुथल का सामना करने के लिए पूरे यूरोप से एकजुट होने की अपील की। डेनमार्क की यूरोपीय मामलों की मंत्री मैरी बिएरे ने कहा, हमारे पास यूरोप की धरती पर युद्ध है। व्यापार युद्ध और नए टैरिफ सामने हैं, और अमेरिका जैसा करीबी सहयोगी अब अपने में सिमट रहा है। अब यूरोप को अपने पैरों पर खड़ा होना होगा। इस दौरान प्रधानमंत्री मेटे फ्रेडरिक्सन और यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन ऑरहुस शहर में उद्घाटन कार्यक्रम में शामिल रहीं।



यूरोपीय संघ में 27 देशों के बीच अध्यक्षता हर छह महीने में बदलती है। अध्यक्ष देश यूरोपीय संघ के कामकाज की प्राथमिकताएं तय करता है और सभी सदस्य देशों में तालमेल बैठाकर फैसले लेने में मदद करता है। डेनमार्क की अध्यक्षता का नारा है- बदलती दुनिया में एक मजबूत यूरोप। 1973 में शामिल होने के बाद से डेनमार्क ने आठवीं बार यूरोपीय संघ की अध्यक्षता शुरू की है। आर्थिक प्रतिस्पर्धा- अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की टैरिफ नीति के कारण व्यापारिक माहौल बदला है। यूरोपीय संघ अब भारत जैसे नए देशों से व्यापार समझौते कर रहा है।

#### डेनमार्क की प्राथमिकताएं

सुरक्षा और रक्षा- रूस-यूक्रेन युद्ध चौथे साल में पहुंच गया है। नाटो का कहना है कि रूस तीन-पांच साल में फिर किसी यूरोपीय देश पर हमला कर सकता है। यूरोपीय संघ के देशों से कहा गया है कि वे रक्षा पर अपने जीडीपी का पांच फीसदीखर्च करें। डेनमार्क का लक्ष्य है कि 2030 तक यूरोप खुद अपनी रक्षा के लिए सक्षम हो। यूक्रेन और मोल्दोवा की सदस्यता- डेनमार्क चाहता है कि यूक्रेन और मोल्दोवा जल्द यूरोपीय संघ का हिस्सा बनें। लेकिन हंगरी के प्रधानमंत्री विक्टर ओरबान यूक्रेन की सदस्यता का विरोध कर रहे हैं। डेनमार्क का कहना है कि हंगरी को मनाने के लिए सभी राजनीतिक और व्यावहारिक उपाय किए जाएंगे।

## ट्रंप से मिलने पहुंचे मेटा सीईओ जुकरबर्ग को ओवल ऑफिस से निकाला

वॉशिंगटन, एजेंसी

सोशल मीडिया की दिग्गज कंपनी मेटा के सीईओ मार्क जुकरबर्ग को व्हाइट हाउस स्थित ओवल ऑफिस से निकालने की खबर सामने आई है। अमेरिकी मीडिया ने अपनी रिपोर्ट में यह दावा किया है। दरअसल जुकरबर्ग ओवल ऑफिस में चल रही शीर्ष सुरक्षा बैठक में पहुंच गए थे, जिसके बाद उन्हें बाहर इंतजार करने को कहा गया।

एनबीसी न्यूज की एक रिपोर्ट के अनुसार, मार्क जुकरबर्ग को राष्ट्रपति ट्रंप से मुलाकात करनी थी, जिसके लिए वे व्हाइट हाउस पहुंचे थे। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, जुकरबर्ग ओवल ऑफिस पहुंच गए, जहां अमेरिकी सेना के शीर्ष अधिकारियों की अहम बैठक चल रही थी। रिपोर्ट्स के अनुसार, सैन्य अधिकारियों की बैठक में अगली





पीढ़ी के लड़ाकू विमानों के मुद्दे पर चर्चा हो रही थी। जब वहां जुकरबर्ग पहुंचे तो सैन्य अधिकारी असहज हो गए क्योंकि जुकरबर्ग के पास सिक्योरिटी क्लीयरेंस नहीं थी। इसके बाद जुकरबर्ग को ओवल ऑफिस से बाहर जाने और इंतजार करने के लिए कहा गया। उसके बाद बैठक फिर शुरू हुई। रिपोर्ट्स के अनुसार, कई सैन्य अधिकारियों ने इस तरह से जुकरबर्ग के ओवल ऑफिस आने पर नाराजगी भी जाहिर की।

## छात्रा से गैंगरेप के बाद कोलकाता हाईकोर्ट सख्त

# कॉलेज में छात्र संघ कक्ष को सील करने का दिया आदेश

कोलकाता, एजेंसी

कोलकाता में दक्षिण कलकत्ता लॉ कॉलेज में एक छात्रा से गैंगरेप के बाद शिक्षा संस्थानों की सुरक्षा पर गंभीर सवाल उठे हैं। इसी मामले में सुनवाई करते हुए कलकत्ता हाईकोर्ट ने बड़ा फैसला सुनाया है। कोर्ट ने राज्य सरकार को आदेश दिया है कि पश्चिम बंगाल के सभी महाविद्यालय और विश्वविद्यालयों में, जहां छात्र संघ चुनाव नहीं हुए हैं, वहां के छात्र संघ कक्ष (यूनियन रूम) को बंद किया जाए।

कोर्ट ने स्पष्ट किया है कि इन छात्र संघ कक्ष में किसी भी तरह की मनोरंजन या निजी गतिविधि पर रोक रहेगी। सिर्फ बेहद जरूरी आधिकारिक काम के लिए ही इन कमरों का इस्तेमाल किया जा सकेगा, वो भी तभी जब विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार या महाविद्यालय के प्राचार्य से लिखित अनुमति ली जाए।



**दक्षिण कलकत्ता लॉ कॉलेज का कमरा रहेगा सील**

हालांकि, कोर्ट ने यह भी कहा कि दक्षिण कलकत्ता लॉ कॉलेज का छात्र संघ कक्ष पूरी तरह सील रहेगा। वहां किसी भी परिस्थिति में इस्तेमाल की अनुमति नहीं दी जाएगी क्योंकि यह मामला सीधे उसी कॉलेज से जुड़ा हुआ है और जांच जारी है।

दरअसल, पीड़िता ने पुलिस में दी शिकायत में बताया कि घटना के मुख्य आरोपी मनोजित मिश्रा पहले कॉलेज का छात्र नेता था और उसने ही यूनियन रूम को डराने-धमकाने और शोषण का अड्डा बना रखा था। मिश्रा को कॉलेज में बतौर अस्थायी कर्मचारी नियुक्त किया गया था। दो अन्य आरोपी, जैब अहमद और प्रामित मुखर्जी भी कॉलेज के सीनियर छात्र हैं, जो इस घिनौने अपराध में शामिल थे।

#### लंबे समय से रुके हैं छात्र संघ चुनाव

हाईकोर्ट में दाखिल याचिकाओं में यह भी कहा गया है कि राज्य के शैक्षणिक संस्थानों में कई वर्षों से छात्र संघ चुनाव नहीं कराए जा रहे हैं। इससे यूनियन रूम पर कब्जा करने और उसका दुरुपयोग करने की घटनाएं बढ़ी हैं। कोर्ट ने राज्य सरकार से चुनाव को लेकर योजना बताने को कहा है। हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को 17 जुलाई तक हलफनामा दाखिल कर यह बताने को कहा है कि छात्र संघ चुनाव कब और कैसे कराए जाएंगे। तब तक सभी ऐसे कमरे बंद रहेंगे। कोर्ट ने यह भी कहा कि छात्रों की सुरक्षा के लिए सख्त कदम उठाना जरूरी है।

## संक्षिप्त समाचार

### उपमुख्यमंत्री शुक्ल ने मां शारदा के किए दर्शन






भोपाल। उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने मैहर के अल्पप्रवास के दौरान त्रिकूट पर्वत पर विराजी माँ शारदा के दर्शन कर विधिवत पूजन, अर्चन किया और प्रदेशवासियों की सुख-शांति, समृद्धि व आरोग्य की मंगलकामना की।

### मुख्यमंत्री आज विद्यार्थियों को लैपटॉप के लिए अंतरित करेंगे राशि

भोपाल, निप्र। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज शुक्रवार 4 जुलाई को प्रातः 11 बजे भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेंशन सेंटर में प्रतिभाशाली विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना में लैपटॉप की राशि अंतरित करेंगे। कार्यक्रम में स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह और जनजातीय कार्य मंत्री डॉ. विजय शाह की भी गरिमामय उपस्थिति रहेगी। स्कूल शिक्षा विभाग की प्रतिभाशाली विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना में मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मण्डल की 12वीं बोर्ड परीक्षा में 75 प्रतिशत अथवा उससे अधिक अंक अर्जित करने वाले प्रति विद्यार्थी को 25 हजार रुपये की राशि लैपटॉप क्रय करने के लिये उनके बैंक खाते में अंतरित करेंगे। इस वर्ष 94 हजार 234 विद्यार्थियों को लैपटॉप के लिये 235 करोड़ 58 लाख 50 हजार रूपये की राशि दी जा रही है। कार्यक्रम में प्रदेश के 500 से अधिक विद्यार्थी और शिक्षक सहभागिता करेंगे। प्रदेश में पिछले वर्ष 2023-24 में 89 हजार 710 प्रतिभाशाली विद्यार्थियों के बैंक खातों में 224 करोड़ 27 लाख 50 हजार रुपये की राशि अंतरित की गयी थी। प्रदेश में यह योजना वर्ष 2009-10 से संचालित हो रही है। पिछले 15 वर्षों में इस योजना में 4 लाख 32 हजार 16 विद्यार्थियों के बैंक खातों में एक हजार 80 करोड़ 4 लाख रुपये की राशि प्रोत्साहन स्वरूप लैपटॉप के लिये अंतरित की जा चुकी है। प्रतिभाशाली विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना में लैपटॉप राशि अंतरण के भोपाल में होने वाले राज्यस्तरीय आयोजन का जिला मुख्यालय पर होने वाले कार्यक्रम में सीधे प्रसारण करवाने की व्यवस्था भी की गई है। जिला मुख्यालय पर होने वाले कार्यक्रम में मंत्रिगण, जिला पंचायत अध्यक्ष और जनप्रतिनिधि भी शामिल होंगे।

### ऊर्जा क्षेत्र में नवाचार और नॉलेज शेयरिंग के लिये आईआईटी, आईआईएम, आईआईआईटी, मेनिट एवं सीपीआरआई से भागीदारी की शुरुआत



भोपाल, निप्र। ऊर्जा क्षेत्र में नवाचार और नॉलेज शेयरिंग के लिये आईआईटी, आईआईएम, आईआईआईटी, मेनिट एवं सीपीआरआई से भागीदारी की शुरुआत की जा रही है। अतिरिक्त मुख्य सचिव ऊर्जा श्री नीरज मण्डलोई की उपस्थिति में गुरुवार को इन संस्थाओं के प्रतिनिधियों के साथ इस संबंध में सम्मेलन हुआ। सम्मेलन में प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थानों के प्रतिनिधियों ने प्रेजेंटेशन प्रस्तुत किये। सम्मेलन में ऊर्जा कम्पनियों की तकनीकी एवं वाणिज्यिक हानियों को अलग-अलग करने, वितरण नेटवर्क की योजना एवं ग्रिड स्थिरता, नवकरणीय ऊर्जा संयंत्रों के इनवर्टर से रिएक्टिव पॉवर क्षतिपूर्ति, कृषि आधारित पम्प लोड एवं मौसमी मांग पूर्वानुमान, क्षति पहचान एवं मांग विश्लेषण के लिये डेटा एनालिसिस, आउटेज पूर्वानुमान और सम्पत्ति प्रबंधन के लिये एआई के उपयोग के संबंध में गहन विचार-विमर्श हुआ। प्रतिनिधियों ने विभिन्न समस्याओं के समाधान के लिये संयुक्त अनुसंधान, फील्ड स्टडी और तकनीकी परियोजनाओं में काम करने में रुचि जताई। यह सम्मेलन बिजली वितरण क्षेत्र में व्यावहारिक अनुभव, शैक्षणिक ज्ञान और अनुसंधान क्षमताओं को एक साझा मंच पर लाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। सम्मेलन में एमडी एमपी पॉवर मैनेजमेंट कम्पनी श्री अविनाश लवानिया और एमडी मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी श्री क्षितिज सिंघल ने महत्वपूर्ण सुझाव दिये।

### मेपकास्ट की गुणवत्ता आश्वासन प्रयोगशाला में इंटर्नशिप सह प्रशिक्षण कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने प्राप्त किया प्रशिक्षण

भोपाल, निप्र। मध्यप्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद (मेपकास्ट) की गुणवत्ता आश्वासन प्रयोगशाला द्वारा जून माह में हेण्ड ऑन ट्रेनिंग ऑन स्पेक्ट्रॉसकॉपी मेथड (एएएस, यूवी एण्ड एफटीआईआर) विषय पर इंटर्नशिप सह प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मंदसौर यूनिवर्सिटी के फार्मेसी विभाग के बी.फार्मा अंतिम वर्ष के 30 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को पेयजल गुणवत्ता परीक्षण की विधियों के साथ-साथ यूवी स्पेक्ट्रोफोटोमीटर, एटॉमिक अब्सॉर्पशन स्पेक्ट्रोस्कोपी तथा एफटीआईआर जैसे अत्याधुनिक उपकरणों पर सैद्धांतिक और प्रायोगिक जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के माध्यम से विद्यार्थियों ने उपकरणों की कार्यप्रणाली, उपयोगिता और नवाचार की बारीकियों को समझा। इसके अतिरिक्त, प्रतिभागियों को शैक्षणिक भ्रमण के लिए राज्य लघु वनोपज, बरखेड़ा पठानी, भोपाल ले जाया गया। प्रशिक्षण के समापन पर परिषद के महानिदेशक डॉ. अनिल कोठारी ने फार्मेसी क्षेत्र में उभरते आयामों पर प्रकाश डाला और आधुनिक तकनीकी से निरंतर जुड़े रहने की सलाह दी। उन्होंने प्रशिक्षण पूरा करने वाले सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र दिये।

---

**मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मीसाबंदी तपन भौमिक का किया सम्मान, राज्य स्तरीय महिला मॉक पार्लियामेंट को किया संबोधित**

# युवा पीढ़ी को आपातकाल के इतिहास से परिचित कराना जरूरी : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

■ लोकतांत्रिक मूल्यों की हर स्थिति में रक्षा करना सभी का दायित्व

विनय उजाला







**भोपाल, निप्र।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि भारतीय संस्कृति में माता-बहनों को सर्वोच्च सम्मान दिया गया है। राज्य सरकार नारी सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध है और इस दिशा में हरसंभव प्रयास जारी हैं। आज नरसिंहपुर जिले में एसपी और कलेक्टर दोनों पद महिला अधिकारियों के पास हैं। शहडोल संभाग की संभागायुक्त भी महिला ही हैं। प्रदेश की मुख्य सचिव भी महिला अधिकारी रह चुकी हैं। महिला सुरक्षा के प्रति राज्य सरकार विशेष रूप से संवेदनशील है, मध्यप्रदेश पहला राज्य है, जिसने दुष्कर्म के मामलों में सबसे पहले फांसी का प्रावधान किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव राज्य स्तरीय महिला मॉक पार्लियामेंट को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पीपुल्स यूनिवर्सिटी ऑडिटोरियम में हुए कार्यक्रम का दीप प्रज्जवलित कर शुभारंभ किया। कार्यक्रम में केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास राज्यमंत्री श्रीमती सावित्री ठाकुर, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्रीमती कृष्णा गौर, महापौर श्रीमती मालती राय, सांसद श्री वी.डी. शर्मा, राज्यसभा सांसद श्री माया नारोलिया, विधायक श्री हेमंत खंडेलवाल, श्री हितानंद शर्मा सहित जनप्रतिनिधि तथा प्रदेश के विभिन्न कॉलेजों की छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित थीं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मीसाबंदी श्री तपन भौमिक का तुलसी पौधा एवं अंगवस्त्रम भेंटकर सम्मान किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रतिभागियों से आपातकाल संबंधित विषयों पर चर्चा की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि महिला मॉक पार्लियामेंट एक वैचारिक मंच है। संविधान की भावना और लोकतांत्रिक मूल्यों की हर स्थिति में रक्षा करना सभी नागरिकों का दायित्व है। देश और हम सभी के व्यक्तित्व विकास में इन दोनों बिन्दुओं का महत्वपूर्ण स्थान है। मॉक पार्लियामेंट जैसी पहल से युवाओं में देश की राजनीतिक व्यवस्था की समझ विकसित होती है। युवा पीढ़ी को 50 साल पहले के आपातकाल के इतिहास से परिचित कराना जरूरी है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी द्वारा लोकतांत्रिक मूल्यों को बनाए रखने के लिए दिए गए योगदान का स्मरण किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विद्यार्थियों से बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर के विचारों, धारा 370, तीन तलाक, आतंकवादी गतिविधियों के खिलाफ हुई सैन्य कार्यवाहियों, संविधान संशोधनों और राजनैतिक मंशा के औचित्य आदि विषयों पर विस्तृत चर्चा की।

---

## पीडीएस को और बेहतर बनाने नीतिगत एवं तकनीकी सहायता जरूरी : श्रीमती शमी

**खाद्य विभाग की कार्यशाला में खाद्यान वितरण को बेहतर बनाने पर विमर्श**

विनय उजाला



**भोपाल, निप्र।** सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) को नीतिगत एवं तकनीकी सहयोग से और अधिक बेहतर तथा पारदर्शी बनाकर देश में सबसे बेहतर खाद्यान वितरण करना हमारा ध्येय होना चाहिये। अपर मुख्य सचिव खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण श्रीमती रश्मि अरुण शमी ने यह बात खाद्य विभाग की दो दिवसीय कार्यशाला में कही। उन्होंने कहा कि कार्यशाला में निजी क्षेत्र की कम्पनियों के प्रतिनिधियों द्वारा दिये गये सुझावों पर भी विचार किया जायेगा।

इस अवसर पर आयुक्त खाद्य कर्मवीर शर्मा ने कहा कि कार्यशाला में हमें विभाग की समस्याओं पर मंथन कर उनका समाधान निकालना है। उन्होंने कहा कि आगे भी इस तरह की कार्यशालाएँ आयोजित की जायेंगी। एमडी नागरिक आपूर्ति अनुराग वर्मा ने भी खाद्यान्न वितरण व्यवस्था को और बेहतर बनाने विचार व्यक्त किये।

कार्यशाला में अधिकारी-कर्मचारियों की कार्य-क्षमता में वृद्धि, नवाचार, चुनौतियों तथा विभागीय नियमों और कार्य-प्रणालियों की जानकारी दी गयी। मुख्य रूप से मिलिंग, भण्डारण, उपार्जन, सार्वजनिक वितरण प्रणाली, ई-ऑफिस, ई-सीआर जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विषय-विशेषज्ञों ने जानकारी दी। आईटीसी एवं जोमेटो कम्पनियों के अधिकारियों ने कार्य-क्षमता व कार्य-कुशलता बढ़ाने के संबंध में प्रस्तुतिकरण दिया। कार्यशाला में खाद्य, नागरिक आपूर्ति निगम और मध्यप्रदेश वेयर-हाउसिंग एण्ड लॉजिस्टिक कॉर्पोरेशन के अधिकारी-कर्मचारी शामिल हुए।

## संतों के चरणों से क्षेत्र में समृद्धि का वास होता है : गोविंद सिंह राजपूत

**खाद्य मंत्री ने रावतपुरा सरकार से लिया आशीर्वाद, जनता के कल्याण की कामना की**

विनय उजाला



**भोपाल, निप्र।** प्रदेश के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने कहा कि संत-महात्माओं का सानिध्य समाज के लिए ऊर्जा और प्रेरणा का स्रोत होता है। उनके आशीर्वाद से व्यक्ति ही नहीं, पूरा क्षेत्र सुख-समृद्धि की ओर अग्रसर होता है।

मंत्री श्री राजपूत गुरुवार को रावतपुरा सरकार आश्रम वेदांती परिसर में चल रहे सात दिवसीय सद्गुरु प्राकट्य महोत्सव में शामिल हुए। उन्होंने संत रावतपुरा सरकार के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया और प्रदेश की जनता एवं क्षेत्रवासियों की सुख-समृद्धि व उन्नति की कामना की।

इस अवसर पर श्री राजपूत ने कहा कि यह हम सबका सौभाग्य है कि रावतपुरा सरकार जैसे महान संत का आशीर्वाद हमारे सागर और बुंदेलखंड क्षेत्र को प्राप्त है। उनके पावन चरणों का जहां स्पर्श होता है, वहां सकारात्मक ऊर्जा स्वतः प्रसारित होती है। यही कारण है कि यह क्षेत्र हमेशा उनकी कृपा दृष्टि से फलता-फूलता रहेगा।

मंत्री श्री राजपूत ने श्रद्धालुओं से संवाद करते हुए कहा कि हम सभी को अपनी संस्कृति, परंपरा और संत परंपरा पर गर्व है। संत समाज को जोड़ते हैं और नई पीढ़ी को सही मार्ग दिखाते हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार भी संतों और धर्म स्थलों के विकास के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे। आश्रम परिसर में भजन-कीर्तन, प्रवचन और भंडारे का आयोजन भी किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने भाग लेकर आध्यात्मिक लाभ लिया।

### मप्र जन अभियान परिषद का स्थापना दिवस आज स्वैच्छिक पर्व के रूप में मनाया जायेगा

**भोपाल, निप्र।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद का स्थापना दिवस 4 जुलाई 2025 को 'संगच्छध्वम् संवदध्वम' की भावना से स्वैच्छिक पर्व के रूप में संपूर्ण प्रदेश के जिला मुख्यालयों पर मनाया जायेगा। मुख्य आयोजन परिषद के राज्य कार्यालय श्यामला हिल्स पर होगा। स्वैच्छिक पर्व पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के संदेश का वाचन, परिषद द्वारा बनाई गई लघु फिल्मों का प्रदर्शन और स्वेच्छिकता शपथ के साथ स्वैच्छिकता के क्षेत्र में कार्य करने वाले व्यक्तियों और संस्थाओं का सम्मान होगा। परिषद के नेटवर्क-प्रस्फुटन समितियों/नवांकुर संस्थाओं के प्रतिनिधि/सीएमसीएलडीपी के छात्र स्वैच्छिक रूप से प्रदेश में कार्य कर रहे हैं।

## आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका पदों के लिए 2.70 लाख से अधिक आवेदन प्राप्त

**आवेदन की अंतिम तिथि 4 जुलाई निर्धारित**

**भोपाल, निप्र।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं आंगनवाड़ी सहायिका के रिक्त पदों की पूर्ति के लिये जारी की गई ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया को अभूतपूर्व प्रतिक्रिया मिल रही है। विभाग द्वारा 19 जून को जारी विज्ञापन के तहत कुल 19,504 पदों पर भर्ती प्रक्रिया चल रही है, जिसमें अब तक 2,70,152 आवेदन प्राप्त हो चुके हैं।

भर्ती प्रक्रिया में दस संभागों से आंगनवाड़ी कार्यकर्ता के लिए 55,730 और आंगनवाड़ी सहायिका के लिए 2,14,422 आवेदन प्राप्त हुए हैं। आवेदन प्रक्रिया की अंतिम तिथि 4 जुलाई निर्धारित की गई है, जबकि भरे गए आवेदन में सुधार की अंतिम तिथि 7 जुलाई है। उल्लेखनीय है कि आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका के कुल 19 हज़ार 504 पदों की पूर्ति के लिए इंदौर संभाग से सबसे अधिक 47 हज़ार 116 आवेदन प्राप्त हुए हैं जिन में 38 हज़ार 601 सहायिका के पद और 8 हज़ार 515 आंगनवाड़ी कार्यकर्ता के पद के लिए आवेदन प्राप्त हुए है। जबलपुर संभाग से कुल 44 हजार 258 आवेदन में से 34 हजार 317 सहायिका के और 9 हजार 941 आंगनवाड़ी कार्यकर्ता के आवेदन प्राप्त हुए है। सागर संभाग से 33 हज़ार 513 में से सहायिकाओं के पद के लिए 27 हज़ार 857 और कार्यकर्ता के लिए 5 हज़ार 656 आवेदन आए है। भोपाल में कुल 28 हज़ार 850 आवेदन प्राप्त हुए है। इनमें सहायिका के पद के लिए 22 हजार 397 और कार्यकर्ता के लिए 6 हज़ार 453 आवेदन प्राप्त हुए है। इसी प्रकार रीवा से 28 हज़ार 519 कुल आवेदन प्राप्त हुए है, जिनमें 23 हज़ार 831 आवेदन सहायिका के और 4 हज़ार 688 आवेदन कार्यकर्ता के लिए प्राप्त हुए है। उज्जैन संभाग से कुल 24 हजार 159 आवेदनों में से सहायिका के 18 हज़ार 711 और कार्यकर्ता के 5 हज़ार 448, चम्बल संभाग के कुल 14 हज़ार 829 आवेदनों में 12 हज़ार 343 सहायिका के और 2 हज़ार 486 आवेदन कार्यकर्ता के पद के लिए प्राप्त हुए है।



## नव-प्रवेशित छात्राओं का भारतीय परम्परानुसार हुआ स्वागत

**सरोजिनी नायडू शासकीय कन्या महाविद्यालय का दीक्षारंभ समारोह**

विनय उजाला

**भोपाल, निप्र।** सरोजिनी नायडू शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय भोपाल में 1 से 3 जुलाई तक आयोजित तीन दिवसीय दीक्षारम्भ कार्यक्रम समारोहपूर्वक सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ दीप्ति श्रीवास्तव ने दीप प्रज्वलन कर किया। नव-प्रवेषित छात्राओं एवं अभिभावकों का स्वागत, भारतीय परंपरानुसार तिलक लगाकर एवं पुष्पवर्षा से किया गया। इसके बाद प्राचार्य ने छात्राओं को संबोधित कर सभी संकायों के शैक्षणिक स्टॉफ का परिचय कराया और महाविद्यालय की सुविधाओं की जानकारी दी। दीक्षारंभ के द्वितीय दिवस का शुभारम्भ एन.डी.आर.एफ. दल ने छात्राओं को आपदा प्रबंधन एवं सुरक्षा का प्रशिक्षण दिया। महाविद्यालय के पुस्तकालय, स्वशासी प्रकोष्ठ, एन.सी. सी., एन.एस.एस तथा महाविद्यालयीन छात्रावास की जानकारी दी गई। दीक्षारंभ के तीसरे दिन छात्राओं एवं अभिभावकों को महाविद्यालय परिसर का भ्रमण कराते हुये महाविद्यालय के भौतिक संसाधनों का परिचय कराया गया। इसके बाद महाविद्यालय के आईक्यूएसी ने महाविद्यालय में संचालित खेल-कूद, साहित्यिक गतिविधियों की जानकारी दी। दीक्षारम्भ कार्यक्रम का समापन समारोह, अतिरिक्त संचालक डॉ. मथुराप्रसाद एवं महाविद्यालय की जनभागीदारी समिति की अध्यक्ष डॉ. भारती कुम्भारें सातनकर के मुख्य आतिथ्य में हुआ।

### प्रदेश की पिछड़े वर्ग की जातियों को केन्द्र की सूची में शामिल करने जनसुनवाई आज

**भोपाल, निप्र।** प्रदेश की पिछड़े वर्ग की जातियों को केन्द्र की सूची में शामिल करने 4 जुलाई को पूर्वान्ह 11 बजे से व्हीआईपी स्टेट गेस्ट हाउस लालघाटी के सभागार में जनसुनवाई होगी। राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष हंसराज गंगाराम अहीर, सदस्य भुवन भूषण कमल जनसुनवाई करेंगे। इस अवसर पर राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष डॉ. रामकृष्ण कुसमारिया एवं सदस्य सीताराम यादव उपस्थित रहेंगे। राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के सचिव देवेश कुमार मिश्रा ने बताया कि राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग नई दिल्ली द्वारा मध्यप्रदेश राज्य की पिछड़ा वर्ग की 32 जातियों, दवेज, भोपा मनभाव, दमामी, हरिदास, कोहरी, फूलमाली (फूलमारी), कलार, जायसवाल, डउसेना, लोढ़ा (तंवर), गोलान, गौलान, गवलान, जादम, कुडमी, रूआला / रूहेला, अब्बासी के साथ सक्का, घोषी गवली और गोली है।

---

**नीति आयोग और जीआईजेड इंडिया की संयुक्त कार्यशाला सम्पन्न**

# निजी क्षेत्र की सहभागिता से सतत विकास की रफ्तार तेज करेगा मप्र

विनय उजाला




**भोपाल, निप्र।** मध्यप्रदेश राज्य नीति आयोग के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ऋषि गर्ग ने कहा है कि सतत विकास केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि इसमें निजी क्षेत्र, नागरिक समाज और आमजन की साझेदारी अनिवार्य है। उन्होंने 'विकसित मध्यप्रदेश '2047' दृष्टिपत्र की रूपरेखा साझा करते हुए बताया कि राज्य सरकार की रणनीति किस प्रकार सतत विकास लक्ष्यों के साथ सुसंगत है। श्री गर्ग प्राइवेट सेक्टर एंगेजमेंट इन एसीलेरेटिंग एसडीजी इंप्लीमेंटशन इन मध्यप्रदेश विषय पर गुरूवार को भोपाल में आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ कर संबोधित कर रहे थे। कार्यशाला मध्यप्रदेश राज्य नीति आयोग और जीआईजेड इंडिया के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हुई। यह कार्यशाला इंडो-जर्मन ग्रीन एंड सस्टेनेबल डेवलपमेंट पार्टनरशिप (जीएसडीपी) परियोजना के अंतर्गत आयोजित की गई, जिसका उद्देश्य सतत विकास लक्ष्यों (एडीजीएस) को स्थानीय स्तर पर तेज़ी से लागू करना, निजी क्षेत्र की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना और राज्य की विकास योजनाओं को अंतर्राष्ट्रीय सहयोग से जोड़ना था।

जीआईजेड इंडिया की परियोजना प्रमुख सुश्री हेनरीके पाईशर्ट ने इंडो-जर्मन सहयोग की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जीआईजेड राज्य सरकार को योजना निर्माण, क्षमता संवर्धन, सहभागिता और निगरानी जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में सहयोग कर रहा है।

उद्घाटन सत्र में यूएनडीपी की रेजिडेंट रिप्रेजेंटेटिव सुश्री एंजेला लुसीगी ने वैश्विक एसडीजी प्रगति की स्थिति पर चिंता जताते हुए बताया कि वर्तमान में मात्र 12त्न लक्ष्य ही ट्रैक पर हैं। उन्होंने भारत और विशेष रूप से मध्यप्रदेश की प्रशंसा की, जहां गरीबी उन्मूलन, स्वच्छ ऊर्जा और जल सुरक्षा जैसे क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन (एमपीएसआरएलएम) की सीईओ सुश्री हर्षिका सिंह ने 'लखपति दीदी' योजना सहित अन्य नवाचारों की जानकारी दी, जो निजी क्षेत्र के साथ संभावित सहयोग के नए अवसर खोलते हैं, विशेषकर जलवायु-अनुरूप कृषि, वेस्ट मैनेजमेंट और कार्बन क्रेडिट जैसे क्षेत्रों में विशेष उपलब्धि हासिल की है।

इस अवसर पर इंडो-जर्मन जीएसडीपी परियोजना का औपचारिक शुभारंभ भी किया गया। नीति आयोग के वरिष्ठ सलाहकार राजीब कुमार सेन ने एसडीजी इंडिया इंडेक्स, बहुआयामी गरीबी सूचकांक (एमडीपीआइ), और राष्ट्रीय संकेतक फ्रेमवर्क पर विस्तृत जानकारी दी। राज्य पर केंद्रित सत्र में श्री ऋषि गर्ग ने बताया कि 'विकसित मध्यप्रदेश @2047' के तहत राज्य की योजना में 22 प्रमुख मिशन और 300 से ज्यादा एक्शन पॉइंट्स शामिल हैं, जिनमें से 200 से अधिक लक्ष्यों को आगामी पांच वर्षों में पूरा किया जा सकता है। उन्होंने यह भी बताया कि पंचायत स्तर पर 22 हजार 519 ग्राम पंचायतों को 9 विषयों पर प्रशिक्षित किया गया है।

तकनीकी सत्र में आईआईटी इंदौर के प्रो. मनीष गोयल ने एनडीवीआई आधारित भूमि क्षरण और सूखा जोखिम का अध्ययन प्रस्तुत किया। डॉ. आशीष देसाई (एसपी जैन, मुंबई) ने प्राफिट टू पर्पज विषय पर निजी क्षेत्र की भूमिका रेखांकित की और एचयूएल के शक्ति एएमएमए कार्यक्रम, ईएसजी निवेश और वसुधैव कुटुंबकम की प्रशंसा की।

प्रिंसिपल आर्किटेक्ट श्री दिवाकर किशोर ने डिजिटल तकनीक, डेटा और विविधता के संयोजन से 70त्न एसडीजी लक्ष्यों की पूर्ति की संभावना जताई। प्रश्नोत्तर सत्र में प्रतिभागियों ने भूमि क्षरण, निजी निवेश, विज्ञान और सीएसआर फंडिंग पर गहन प्रश्न पूछे, जिनका उत्तर श्री ऋषि गर्ग ने राज्य की प्रतिबद्धताओं के साथ दिया।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक, विनय मिश्रा द्वारा मृणाल पब्लिकेशंस, 13, प्रेस कॉम्पलेक्स, ए.बी. रोड, इन्दौर से मुद्रित एवं 194 रेडियो कालोनी इन्दौर से प्रकाशित। संपादक श्रीमती शोभना मिश्रा, प्रबंध संपादक व्ही. के. मिश्रा *,
फोन- फैक्स नं. 0731-2700552, मो. 9425910888, ( सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा ) *पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। डॉक पंजीयन क्रमांक एमपी/आईडीसी/1359/2014-16, RNI. Reg. MPHIN/2009/35176.